सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 6:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,249 |
| निफ्टी | 25,497 |

सोना 1,59,008 चांदी 2,60,667

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | 16 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 61, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### व्हाट्सऐप 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीरवार को साफ कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर व्हाट्सऐप टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन व्हाट्सऐप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### सुनेत्रा पवार एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने वीरवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। सुनेत्रा ने 31 जनवरी को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम के तौर पर पद की शपथ ली थी। उसी दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास औकाफ विभाग दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### मियां मुसलमान विवाद पर असम के सीएम को नोटिस

**एजेंसी, गोवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा के मियां मुसलामान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया। याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डॉ. हिरेन गोहेन और दो अन्य ने इसे दायर किया था। (अनंत ज्ञान)

### नौकरानी ने मालिक के घर करवाई फर्जी रेड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक नौकरानी ने अपने मालिक के घर पर फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रेड कराई। मामला 11 फरवरी का है। 25 फरवरी को पुलिस ने रेखा देवी नाम की नौकरानी और उसकी भाभी पूजा राजपूत को पूरी साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को पुलिस की वर्दी पहने तीन लोग ईडी अफसर बनकर 86 साल के रिटायर्ड आर्किटेक्ट आरसी सभरवाल के घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने परिवार को धमकाया और तलाशी के दौरान मोबाइल फोन जब्त कर लिए। इसके बाद लाखों का कैश, लग्जरी घड़ियां और गहने लेकर चले गए थे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- यूनेस्को एचपी फ्यूचर्स परियोजना लाएगी हिमाचल में शिक्षा क्रांति -पेज 2
- युवाओं के लिए दो करोड़ का इनोवेशन फंड -पेज 3
- उपभोक्ताओं से 4 करोड़ रुपए फ्रॉड कॉल के माध्यम से लूटे गए -पेज 5
- 15 मील पुल की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू -पेज 11


# दिल्ली-हिमाचल पुलिस विवाद पर सियासत तेज

## युकां नेताओं की गिरफ्तारी के लिए नहीं किया प्रोटोकॉल का पालन : नरेश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने प्रेस वार्ता में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना, बिना स्थानीय पुलिस को विश्वास में लिए और विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए शिमला के एक होटल में दबिश देना कानून व्यवस्था के स्थापित मानकों के विपरीत है।

उन्होंने दावा किया कि सादी वर्दी में पहुंची टीम कथित तौर पर किचन के रास्ते होटल में दाखिल हुई और गिरफ्तारी के समय आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इस घटनाक्रम ने न केवल पुलिस महकमों के बीच तनाव बढ़ाया,



शिमला में मीडिया से बात करते नरेश चौहान। अनंत ज्ञान

बल्कि सियासी हलकों में भी हलचल तेज कर दी है।

नरेश चौहान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिप्रिय और पर्यटन प्रधान राज्य है, जहां दूसरे राज्यों की पुलिस को कार्रवाई से पहले स्थानीय प्रशासन को सूचित करना चाहिए। उनका कहना था कि यदि अन्य राज्यों के अपराधी यहां शरण लेते हैं तो हिमाचल पुलिस हमेशा विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए सहयोग करती है, लेकिन इस मामले में तय प्रोटोकॉल की अनदेखी की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपियों का चिकित्सकीय परीक्षण तक तत्काल नहीं कराया गया, जिसके चलते मामला अदालत पहुंचने पर पूरी प्रक्रिया दोबारा अपनानी पड़ी।

प्रदेश सरकार की ओर से शिमला पुलिस की भूमिका की खुलकर प्रशंसा की गई। चौहान ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने संयम, सतर्कता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए कानून के दायरे में रहकर स्थिति को संभाला। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार की किसी भी आरोपी को संरक्षण देने की कोई मंशा नहीं है, परंतु संवैधानिक मर्यादाओं और नागरिकों की सुरक्षा से समझौता भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मामले को अनावश्यक तूल दे रहे नेता प्रतिपक्ष

**नरेश** चौहान ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास ठोस मुद्दों का अभाव है, इसलिए वह इस मामले को अनावश्यक तूल दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पक्ष में बयानबाजी कर प्रदेश के हितों को नजरअंदाज किया जा रहा है। चौहान ने दो टूक कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और अंतरराज्यीय कार्रवाई में तय नियमों के अनुसार होनी चाहिए।

## ट्रांजिट रिमांड मिलने पर ही आरोपियों को ले जा सकी दिल्ली पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दिल्ली में एआई समिट में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने के आरोप में 3 यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर हिमाचल और दिल्ली पुलिस में टकराव बुधवार देर रात तक चलता रहा। दिल्ली पुलिस ने शिमला के एक होटल से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 3 नेताओं को गिरफ्तार किया था, लेकिन हिमाचल पुलिस ने उन्हें आधे रास्ते में रोक लिया और दिल्ली नहीं ले जाने दिया था। हिमाचल पुलिस का तर्क था कि इस बारे में दिल्ली पुलिस ने कोई औपचारिक सूचना नहीं दी। हिमाचल में सादे कपड़ों में आकर मेहमानों को उठाया गया।

◆ **हिमाचल पुलिस ने 18 घंटे रोके रखा**

कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी दोनों पुलिस में बहस होती रही। इसके बाद जज ने फाइल तैयार करने को कहा तो दिल्ली पुलिस फिर बिना कागजी कार्रवाई के तीनों नेताओं को ले गई। इसका पता चलते ही हिमाचल पुलिस ने फिर उन्हें रोक लिया। इसके बाद तीनों नेताओं को कोर्ट में पेश कर दिल्ली पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड लिया। करीब 18 घंटे तक दिल्ली और हिमाचल पुलिस के बीच ड्रामा चलता रहा। फिर वीरवार सुबह करीब पौने 6 बजे दिल्ली पुलिस तीनों नेताओं को लेकर चली गई।

## दिल्ली पुलिस को कार्रवाई करने से रोकना असंवैधानिक : जयराम

◆ **भाजपा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप मामले में मांगी जांच**

◆ **कहा- सीएमओ की भूमिका की भी हो स्वतंत्र जांच**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** युवा कांग्रेस के तीन नेताओं को गिरफ्तार करने हिमाचल पहुंची दिल्ली पुलिस को कार्रवाई करने से रोके जाने के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे घटनाक्रम की केंद्र सरकार के माध्यम से उच्चस्तरीय जांच कराने तथा इस प्रकरण में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर कानून व्यवस्था और संघीय ढांचे को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है।



विपक्ष ने पूरे घटनाक्रम व मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका की जांच, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा करने की मांग की। जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह मामला केवल एक गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि कानून के शासन, संवैधानिक व्यवस्था और देश की अंतरराष्ट्रीय साख से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस की वैधानिक कार्रवाई में हस्तक्षेप कर संघीय ढांचे को आघात पहुंचाया गया है। यदि किसी भी स्तर पर राजनीतिक संरक्षण दिया गया है तो उसकी निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने एआई समिट से जुड़े घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई शुरू की थी, किंतु हिमाचल में उसे रोका गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई, उनके ठहरने की व्यवस्था को लेकर कई प्रश्न खड़े होते हैं।

# 1030 करोड़ रुपए का और कर्ज लेगी सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार 1,030 करोड़ रुपए और कर्ज लेगी। वित्त विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह कर्ज 20 वर्ष की अवधि के लिए सरकारी प्रतिभूतियों के माध्यम से लिया जाएगा। कर्ज की राशि का उपयोग प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य सरकार पर कर्ज एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।



राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस कर्ज को जारी करने के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक अनुमति संविधान के अनुच्छेद 293(3) के तहत ली गई है। विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने और वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दीर्घकालिक संसाधन जुटाना जरूरी है। इसके लिए प्रतिभूतियों की नीलामी 2 मार्च 2026 को आरबीआई के मुंबई स्थित कार्यालय के माध्यम से की जाएगी।

### 2016 के बाद सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को मिलेगी बकाया ग्रेच्युटी

**शिमला।** हिमाचल सरकार के वित्त विभाग ने वर्ष 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित ग्रेच्युटी तथा अवकाश नकदीकरण राशि के भुगतान में तेजी लाने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन कर्मचारियों के वैधानिक देयक अब तक लंबित हैं, उनका भुगतान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। वित्त विभाग ने इस बात पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया है कि कई आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा अभी तक लंबित देयों के बिल प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, जिसके कारण भुगतान प्रक्रिया बाधित हो रही है।

# इसराइल में भी चलेगा भारतीय यूपीआई : पीएम

## भारत-इसराइल संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दिया दर्जा

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा, इसे लेकर मोदी और इसराइली पीएम नेतन्याहू द्विपक्षीय मीटिंग में समझौता हुआ है। पीएम नेतन्याहू के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि भारत जल्द इसराइल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेगा। उन्होंने कहा कि इसराइल आना मेरे लिए गर्व की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-इसराइल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)



को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इसराइल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

◆ **भारत जल्द इसराइल के साथ करेगा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट**

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी।

उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। (अनंत ज्ञान)

### मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले नेता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फॉलोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम है। ट्रंप के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फॉलोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# कनाडा ने निज्जर की हत्या में भारत के हस्तक्षेप को नकारा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कनाडा अब भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर आ रहे हैं और कनाडा सरकार के इस कदम को दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर करने के तौर पर देखा जा रहा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे। (अनंत ज्ञान)



### 'अगर भारत का दखल होता तो प्रधानमंत्री कार्नी वहां नहीं जाते'

**स्थानीय** मीडिया के अनुसार, कनाडा सरकार के अधिकारियों ने बताया 'अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद प्रधानमंत्री कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं।' अधिकारियों ने कहा, हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने ये साफ नहीं किया कि कनाडा सरकार ने भारत को लेकर अपना रुख बदलने का फैसला कब किया, लेकिन उन्होंने ये बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। कोर्ट की पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी (न्यायालय का मित्र) वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया।

दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। (अनंत ज्ञान)

## सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को भेजा नोटिस

# 'करप्शन इन ज्यूडिशियरी' वाली किताब की हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी भी हटाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए। कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है।

गौरतलब है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। इस मामले में सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया। (अनंत ज्ञान)

### जो जिम्मेदार, उन पर होगी सख्त कार्रवाई : शिक्षा मंत्री

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विवादित चैप्टर को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उसका अपमान करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।



### एनसीईआरटी ने कहा अनजाने में हुई गलती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्लास 8 की सोशल साइंस की टेक्स्टबुक में 'ज्यूडिशियल करप्शन' विवाद पर

◆ **बिकी हुई सभी 38 कॉपियां वापस लाने की कोशिश**

एनसीईआरटी ने कहा कि वह ज्यूडिशियरी का बहुत सम्मान करते हैं। किताब में गलती अनजाने में हुई है और एनसीईआरटी को उस चैप्टर में गलत मटेरियल शामिल करने का अफसोस है। चैप्टर को दोबारा लिखा जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इस किताब की 2.25 लाख कॉपियां छपी थीं। इनमें से सिर्फ 38 कॉपियां ही बाजार में बिक पाई। अब इन कॉपियों को ढूंढकर वापस लेने की कोशिश की जा रही है।

**आदेश** केंद्र सरकार ने पेट्रोल पंपों को जारी किया आदेश, न्यूनतम 95 रॉन की रखी शर्त

# देशभर में 1 अप्रैल से 20% एथेनॉल वाला पेट्रोल ही बिकेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने तेल और गैस कंपनियों को 1 अप्रैल से पेट्रोल पंप पर देशभर में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचने का आदेश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नोटिफिकेशन के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों को 1 अप्रैल 2026 से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 20 फीसदी तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचना होगा, बशर्ते कि यह न्यूनतम 95 के रिसर्च ऑक्टेन नंबर (रॉन) को पूरा करता हो। रॉन ईंधन की स्थिरता को मापता है, यह दर्शाता है कि प्रज्वलन से पहले ईंधन कितना कंप्रेशन सहन कर सकता है और इसकी हाई क्वालिटी बढ़िया परफारमेंस को दिखाता है।





◆ **रॉन जितना अधिक होगा ईंधन नॉकिंग के प्रति उतना ही अधिक प्रतिरोधी होगा**

एथेनॉल का ऑक्टेन मानक (लगभग 108 रॉन) स्वाभाविक तौर पर हाई होता है। ऐसे में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने से नॉकिंग प्रतिरोध क्षमता बढ़ जाती है। भारत सरकार ने ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को जून 2022 में तय समय से 5 महीने पहले पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का टारगेट हासिल किया था। इसके बाद 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने की समयसीमा को 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया था।

देश के अधिकांश पेट्रोल पंप अब ई-20 या 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल ही बेचते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुराने वाहनों के माइलेज में आ सकती है मामूली गिरावट

**भारत** में 2023-25 के बाद भारत में बने ज्यादातर वाहनों को ई-20 पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है और ऐसे में किसी बड़ी समस्या की उम्मीद नहीं है। हालांकि पुराने वाहनों के माइलेज में मामूली गिरावट (3-7 फीसदी) आ सकती है। साथ ही रबड़ या प्लास्टिक के पुर्जे खराब हो सकते हैं। न्यूनतम 95 रॉन पर जोर इंजन को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए है। रॉन इंजन नॉकिंग (समय से पहले प्रज्वलन) के प्रति ईंधन के प्रतिरोध का एक मेजरमेंट है। नॉकिंग तब होती है, जब ईंधन इंजन के अंदर असमान रूप से जलता है। इससे पिंग-पिंग की आवाज आती है। टाइम के साथ इंजन को नुकसान हो सकता है। रॉन जितना अधिक होगा, ईंधन नॉकिंग के प्रति उतना ही अधिक प्रतिरोधी होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### लोनिवि में देवेश बने अधिशाषी अभियंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल जुन्गा में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत देवेश ठाकुर को पदोन्नत कर अधिशाषी अभियंता बनाया गया है, जिससे विभागीय हलकों में हर्ष का वातावरण है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के गांव डूंग के निवासी देवेश ठाकुर ने वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अभियंता परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से सिविल अभियांत्रिकी की उपाधि हासिल की। मात्र 22 वर्ष की आयु में रामपुर बुशहर से सेवाएं आरंभ करने वाले देवेश ने अपने करीब दस वर्ष के कार्यकाल में सड़कों के निर्माण और रखरखाव में उल्लेखनीय योगदान दिया। चायल कोटी महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाना और चायल-कुफरी मार्ग के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 52 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलवाना उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और नाबार्ड के तहत भी अनेक परियोजनाओं के लिए धन प्रावधान सुनिश्चित करवाया तथा मुख्यमंत्री गुणवत्ता नियंत्रण उड़नदस्ता में सदस्य के रूप में सेवाएं दीं।



### यूजी वार्षिक परीक्षाओं की अस्थायी तिथि-सारिणी जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के स्नातक प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं की अस्थायी तिथि-सारिणी जारी कर दी है, जिसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह तिथि-सारिणी नियमित विद्यार्थियों के साथ-साथ कंपार्टमेंट, विलंबित महाविद्यालय तथा विशेष अवसर श्रेणी के छात्रों पर भी समान रूप से लागू रहेगी। विद्यार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तिथि-सारिणी का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें और विषयवार परीक्षा तिथियों तथा समय का मिलान अपने प्रवेश पत्र से अवश्य कर लें। यदि किसी विद्यार्थी के दो प्रश्नपत्र एक ही दिन और समय पर निर्धारित पाए जाते हैं तो वह छह मार्च 2026 तक सहायक कुलसचिव (संचालन) को ईमेल के माध्यम से प्रमाण सहित आपत्ति प्रेषित कर सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा केवल प्रमाणयुक्त आपत्तियां ही स्वीकार की जाएंगी। अंतिम तिथि-सारिणी नौ मार्च को जारी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक श्याम लाल कौशल ने बताया कि इस संबंध में सूचना की प्रतिलिपि सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, दूरस्थ शिक्षा निदेशक, जनसंपर्क अधिकारी तथा परीक्षा शाखा के अधिकारियों को भी भेज दी गई है।

### स्मार्ट मीटर से बिल या दरों पर असर नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर केवल विद्युत खपत मापने का सटीक और आधुनिक संयंत्र है तथा इससे उपभोक्ताओं के बिल या दरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलते समय कुछ मामलों में मानवीय त्रुटि के कारण बढ़ी हुई राशि के बिल सामने आए हैं, लेकिन पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर से जुड़ा कोई बड़ा तकनीकी दोष अभी तक प्रकाश में नहीं आया है। बोर्ड के अनुसार अधिकतर शिकायतें त्रुटिपूर्ण मीटर रीडिंग या बिल तैयार करने में हुई कोताही से संबंधित पाई गई हैं। उपभोक्ताओं की आशंकाओं के समाधान के लिए बोर्ड ने यह सुविधा भी दी है कि यदि किसी को अपने स्मार्ट मीटर पर संदेह हो तो वह संबंधित उपमंडल में आवेदन कर एक माह के लिए समानांतर दूसरा मीटर लगवा सकता है और यदि इस अवधि में कोई त्रुटि सिद्ध होती है तो मामले की जांच कर उचित सुधार किया जाएगा तथा उपभोक्ता को संतुष्ट किया जाएगा।

### 20 मार्च को पेश हो सकता है हिमाचल का चौथा बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू इस बार 20 मार्च को राज्य का चौथा बजट पेश कर सकते हैं। इससे पहले वे लगातार तीन वर्ष तक 17 तारीख को ही बजट प्रस्तुत करते रहे हैं। उन्होंने पहला बजट 17 मार्च 2023 को, दूसरा 17 फरवरी 2024 को और तीसरा 17 फरवरी 2025 को सदन में रखा था। माना जाता है कि उनका भाग्यांक आठ है, इसी कारण 17 तारीख को बजट पेश करने की परंपरा बनी रही। हालांकि इस बार विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से आरंभ होकर अवकाश पर चला गया था और अब 18 मार्च से दोबारा शुरू होगा। पहले दो दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के तहत चर्चा निर्धारित की गई है, जो पूर्व में राजस्व घाटा अनुदान पर लंबी बहस के कारण नहीं हो सकी थी।

# यूनेस्को एचपी फ्यूचर्स परियोजना लाएगी हिमाचल में शिक्षा क्रांति

## पीएम श्री विद्यालयों से शुरू होगा सुधारों का नया अध्याय

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय आरंभ होने जा रहा है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित यूनेस्को 'एचपी फ्यूचर्स परियोजना की संचालन समिति की तीसरी बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्पष्ट संकेत दिए कि प्रदेश सरकार केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में धरातलीय परिवर्तन सुनिश्चित करना चाहती है। बैठक में परियोजना की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यूनेस्को के साथ हुआ समझौता राज्य की उस दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से हर विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय शिक्षा पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया कि भौगोलिक विषमताएं और प्राकृतिक आपदाएं चुनौतियां अवश्य प्रस्तुत करती हैं, किंतु सरकार दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरी क्षेत्रों के समान अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। वर्ष 2025 में प्रारंभ की गई यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप तैयार की गई है।

परियोजना तीन प्रमुख आधार स्तंभों कौशल आधारित शिक्षा, खेलों के माध्यम से नैतिक मूल्य शिक्षा तथा हरित शिक्षा पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। लगभग 200 शिक्षकों को खेल आधारित नैतिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा ईको-क्लबों को सशक्त बनाकर विद्यालयों में पर्यावरणीय गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। नागरिक समाज संगठनों, एससीईआरटी और डाइट के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से सुधारों की रूपरेखा को और प्रभावी बनाया गया है।



बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

### 12 पीएम श्री विद्यालयों से होगी सुधारों की शुरुआत

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि सुधारों की शुरुआत 12 पीएम श्री विद्यालयों से की जाएगी, जिसके बाद इसे 99 विद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा और अंततः पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, एससीईआरटी और डाइट के बीच बेहतर समन्वय तथा नियमित निगरानी पर बल देते हुए निर्देश दिए कि यूनेस्को की सिफारिशें केवल दस्तावेजों तक सीमित न रहें, बल्कि कक्षाओं में शिक्षण की गुणवत्ता और सीखने के परिणामों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हों। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यूनेस्को के सहयोग से हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श राज्य के रूप में उभरेगा।

# संजौली में 24 घंटे जलापूर्ति योजना का कार्य आरंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जल प्रबंधन निगम लि. की महत्वाकांक्षी चौबीसों घंटे दबावयुक्त जलापूर्ति योजना के अंतर्गत संजौली क्षेत्र में लक्ष्मी नारायण मंदिर से सटे संपर्क मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य कल से आरंभ किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य फ्रांसीसी कंपनी सूएज द्वारा किया जाएगा और आगामी दो सप्ताह तक लगातार जारी रहेगा। परियोजना के माध्यम से शहर में निरंतर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है।



लोगों से मिलते कंपनी के कर्मचारी।

निर्माण कार्य के संबंध में स्थानीय निवासियों को जागरूक करने तथा उनका सहयोग सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें क्षेत्र में सूचना दे रही हैं। कार्य के दौरान दिन के समय वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी, जबकि प्रतिदिन शाम को कार्य समाप्त होने के बाद मार्ग को पुनः यातायात के लिए खोल दिया जाएगा, ताकि आम जनजीवन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। प्रशासन ने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड तथा संजौली वार्ड की पार्षद ममता चंदेल ने क्षेत्रवासियों से इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना में सहयोग देने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि यह पाइपलाइन नेटवर्क शिमला शहर की बहुप्रतीक्षित चौबीसों घंटे जलापूर्ति व्यवस्था को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिससे भविष्य में जल वितरण प्रणाली अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित होगी।

# 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## चेक बाउंस, मनी रिकवरी सहित अनेक प्रकरण होंगे सूचीबद्ध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई कर उनका आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। विशेष रूप से धारा 138 के अंतर्गत विनिमेय लिखत अधिनियम से जुड़े चेक अनादरण प्रकरण, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिलों के विवाद, भरण-पोषण से जुड़े प्रकरण तथा अन्य आपराधिक (समझौता योग्य) और दीवानी विवादों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर के सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालयों में लंबित अनेक मामलों का निपटारा इस लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। इनमें वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावे, वैवाहिक विवाद (तलाक प्रकरणों को छोड़कर), भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित वेतन व भत्तों के मामले, सेवानिवृत्ति लाभ, राजस्व प्रकरण

◆ **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से समय रहते संपर्क करने का किया आह्वान**

(जो जिला एवं उच्च न्यायालय में लंबित हैं) तथा अन्य दीवानी वाद जैसे किराया, गुजारा भत्ता, हिदायत संबंधी और विशिष्ट निष्पादन वाद शामिल हैं। लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों की सहमति से त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक पक्ष अपने-अपने न्यायिक क्षेत्र के अंतर्गत न्यायिक न्यायालय परिसर रामपुर बुशहर, न्यायिक न्यायालय परिसर रिकांग पिओ (जिला किन्नौर), न्यायिक न्यायालय परिसर आनी (जिला कुल्लू) अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रिकांगपिओ के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 01786-223605 या ई-पत्र पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का समाधान सुनिश्चित करें।

# जुन्गा कस्बे की गलियों में रोज लग रहा जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद रियासतकालीन कस्बा जुन्गा विकास की दौड़ में आज भी पिछड़ा नजर आता है। पुराने जुन्गा के लिए बाईपास सड़क न होने के कारण कस्बे की तंग गलियों से बसों और अन्य वाहनों को गुजरना पड़ता है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी सरकार ने अब तक बाईपास निर्माण की ठोस पहल नहीं की, जबकि कभी जुन्गा क्योंथल रियासत का मुख्यालय हुआ करता था और इसके अधीन 18 ठकुराइयां आती थीं। उस दौर में यहां रौनक रहती थी, लेकिन आज हालात इसके उलट दिखाई देते हैं।

सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों से फ्लाइंग फेस्टिवल आयोजित किए जाने के बावजूद पर्यटन को अपेक्षित बढ़ावा नहीं मिल पाया है। कस्बे की आबादी फोरेंसिक साइंस लैब और पुलिस बटालियन सहित लगभग साढ़े तीन हजार से अधिक है, फिर भी जुन्गा को नगर पंचायत का दर्जा आज तक नहीं मिल सका। वर्ष 2020 में पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व शहरी विकास मंत्री ने नगर पंचायत बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वह वादा अधूरा रह गया। वर्तमान सरकार ने भी इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है।



जुन्गा की तंग गलियों से गुजरती बस। अनंत ज्ञान

कस्बे में सफाई व्यवस्था अत्यंत दयनीय है। स्कूल ग्राउंड के समीप बने शौचालयों में गंदगी पसरी रहती है और सार्वजनिक शौचालय की कमी के कारण विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। विभिन्न पंचायतों से तहसील कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ता है। जुन्गा से लगभग 14 बसों का आवागमन होता है, परंतु बस अड्डा न होने से बसें सड़क किनारे खड़ी करनी पड़ती हैं, जिससे जाम और बढ़ जाता है। 12 पंचायतों को सेवाएं देने वाले तहसील कार्यालय में दूरभाष सुविधा का अभाव है और शहर में कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग जुन्गा ने बताया कि पुराने जुन्गा के लिए बाईपास सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।

# क्विज प्रतियोगिता में व्यास टीम प्रथम

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** जीबी पंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, रामपुर बुशहर में जियोग्राफिकल सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान तथा भूगोल विषय के प्रति रुचि प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



विजेताओं के साथ मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज वसोतिया ने मुख्यातिथि के रूप में सहभागिता की। उनके साथ उप-प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु, डॉ. टीडी वर्मा, डॉ. शिवाली, डॉ. गोपीचंद, प्रो. जयंती तथा वरिष्ठ अधीक्षक ग्रेड-1 आरके ठाकुर सहित अनेक प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जियोग्राफिकल सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. सविता नेगी ने अतिथियों के स्वागत से किया। उन्होंने सोसायटी की वार्षिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए वर्षभर आयोजित संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, शैक्षणिक भ्रमण, पर्यावरण जागरूकता अभियानों तथा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब और यमुना टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें व्यास टीम ने प्रथम, यमुना टीम ने द्वितीय तथा चिनाब टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्यातिथि डॉ. पंकज वसोतिया ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को नई दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने अनुशासन, परिश्रम और माता-पिता के सम्मान को जीवन का आधार बताते हुए भूगोल विभाग के प्रयासों की सराहना की। अंत में जियोग्राफिकल सोसायटी के उपाध्यक्ष महेश ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# कुड्डू टोल बैरियर की ई-नीलामी 28 को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल गुरमीत नेगी ने अवगत कराया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एचपी टोल्स अधिनियम, 1975 के अंतर्गत कुड्डू टोल बैरियर पर टोल वसूली का अधिकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-नीलामी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। यह अधिकार एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन प्रणाली अपनाई है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त आवश्यक दस्तावेज 27 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे तक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। दस्तावेजों की जांच एवं अनुमोदन की प्रक्रिया उसी दिन प्रातः 11:05 बजे से सायं

◆ **ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रदान किए जाएंगे वसूली अधिकार**

6:55 बजे तक संपन्न की जाएगी, ताकि पात्र बोलीदाता ई-नीलामी में सम्मिलित हो सकें।

ई-नीलामी की कार्रवाई 28 फरवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। यह संपूर्ण प्रक्रिया अधिकृत ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था से पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित होगी, जिससे राजस्व संग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा।

यह नीलामी एचपी वार्षिक टोल नीति 2026-27 तथा आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, हिमाचल प्रदेश द्वारा अधिसूचित नियमों एवं शर्तों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। विस्तृत नियम, शर्तें एवं आरक्षित मूल्य सहित अन्य आवश्यक जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है, जिसे अभ्यर्थी नियमित रूप से देखते रहे।

### आयुक्त को बोलियां निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित

**गुरमीत** नेगी ने स्पष्ट किया कि ई-नीलामी की अंतिम स्वीकृति आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, हिमाचल प्रदेश के अधीन होगी। आयुक्त को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी अथवा सभी बोलियों को बिना कारण बताए अस्वीकार कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे नवीनतम सूचना एवं अद्यतन के लिए विभागीय वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# ग्रामीण बैंक ने सीएम आपदा राहत कोष में 14 .15 लाख रुपए का दिया चैक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 14.15 लाख रुपए की राशि प्रदान की है। यह राशि बैंक कर्मचारियों के एक दिन के वेतन के रूप में एकत्रित कर समर्पित की गई। बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने यह चेक मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट किया।



सीएम सुक्खू को आपदा राहत में अंशदान देते हुए। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने इस पुनीत पहल के लिए बैंक प्रबंधन और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा राहत कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने से संकट की घड़ी में जरूरतमंदों तक त्वरित सहायता पहुंचाना संभव होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी मानवीय सरोकार निभाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी बैंक द्वारा 19.80 लाख रुपए की राशि इस कोष में प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर तथा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक मनजीत सिंह गठानिया भी उपस्थित रहे।

# जन शिकायत समिति बैठक में पेयजल-स्वास्थ्य पर जोर

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** मिनी सचिवालय रामपुर के सभागार में आज उपमंडलीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न विभागों से संबंधित जनहित और विकास कार्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दत्तनगर पेयजल योजना के पुनर्निर्माण, सराहन को सीवरेज प्रणाली से जोड़ने, राजकीय महाविद्यालय रामपुर की लाइब्रेरी में पुस्तकों की क्षमता बढ़ाने तथा दोहरी-सराहन सड़क की मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त नगर परिषद रामपुर के वार्ड नंबर-6 में मार्ग सुधार, स्ट्रीट लाइट स्थापना और एनएच-5 पर स्कूलों के समीप ओवरहेड ब्रिज निर्माण की मांग पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में उपस्थित अधिकारी। अनंत ज्ञान

बैठक में नोगली क्षेत्र में वर्षाशालिका एवं शौचालय निर्माण, नालियों के निर्माण कार्य, महात्मा गांधी चिकित्सालय खनेरी में ऑक्सीजन प्लांट के सुचारु संचालन, ट्रॉमा सेंटर में ऑपरेशन थिएटर सुविधा आरंभ करने तथा ईएनटी विशेषज्ञ की नियुक्ति जैसे स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। ग्राम पंचायत लेलन में उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने, ग्रामीण सड़कों के रखरखाव, बस स्टैंड और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, टैक्सी स्टैंड को पुराने बस स्टैंड में स्थानांतरित करने तथा खेल मैदान को बच्चों के लिए विकसित करने जैसे विषय भी एजेंडा में शामिल रहे।

प्राकृतिक आपदा प्रभावित परिवारों को मुआवजा वितरण में तेजी लाने, संवेदनशील सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाने और लंबे समय से लंबित सड़कों को पक्का करने के मुद्दों पर भी अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अध्यक्षता करते हुए उपमंडलाधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में किया जाए और विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा विभागों के समन्वित प्रयासों से ही समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने एक माह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा अगली बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपमंडल पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा, तहसीलदार ननखरी अनिल शर्मा, नायब तहसीलदार रामपुर सुरेश नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

**सराहनीय** | हैदराबाद राष्ट्रीय सम्मेलन में 6ए एकीकरण मॉडल की व्यापक सराहना

# राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल के विद्या समीक्षा केंद्र की गूंज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। राज्य का विद्या समीक्षा केंद्र राष्ट्रीय मंच पर एक सशक्त और दूरदर्शी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है।

हैदराबाद में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विचार-विमर्श सम्मेलन में हिमाचल के नवोन्मेषी 6ए एकीकरण मॉडल ने नीति निर्माताओं और शिक्षा विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। सम्मेलन का आयोजन सिएट तथा एनसीईआरटी शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया, जिसमें देशभर के शिक्षा प्रशासक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अवसर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा हिमाचल डॉ. राजेश शर्मा (आईएफएस) ने किया, जिन्हें विशेष रूप से अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था।



राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुति देते समग्र शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा।

डॉ. राजेश ने स्पष्ट किया कि हिमाचल ने विद्या समीक्षा केंद्र को केवल आंकड़ों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परिणामोन्मुख शिक्षा शासन के प्रभावी औजार के रूप में विकसित किया है। उन्होंने आरवीएसके एकीकृत 6ए डैशबोर्ड की विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया कि किस प्रकार उपस्थिति, मूल्यांकन, प्रशासन, मान्यता, अनुकूल अधिगम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक मंच पर समेकित किया गया है।

इस समन्वित प्रणाली ने न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाया है, बल्कि समयबद्ध निर्णय प्रक्रिया को भी सुदृढ़ किया है। विभिन्न डिजिटल पहलों को एकीकृत कर समग्र शिक्षा हिमाचल ने शिक्षा प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, सक्रिय और उत्तरदायी स्वरूप प्रदान किया है।

### लाइटहाउस राज्य के रूप में स्थापित पहचान

**दो** दिनों तक चले विचार-मंथन में हिमाचल प्रदेश को नीति क्रियान्वयन के क्षेत्र में 'लाइटहाउस राज्य' के रूप में रेखांकित किया गया। विद्या समीक्षा केंद्र के अंतर्गत विकसित स्विफ्ट चैट मंच को 6 ऊए एकीकरण के संचालनात्मक माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसके जरिए डेटा-आधारित संकेत और कार्रवाई योग्य संदेश प्रशासनिक अधिकारियों तक तत्क्षण पहुंचाए जा रहे हैं। इससे शासन प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई है।

# कन्या विद्यालयों के विलय पर पुनर्विचार की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में कन्या विद्यालयों के विलय को लेकर बढ़ती चिंता के बीच भाजपा नेता चेतन बरागटा ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय में शिक्षा सचिव से मुलाकात कर अभिभावकों और छात्राओं की भावनाओं से अवगत कराया।

◆ **चेतन बरागटा ने शिक्षा सचिव से की मुलाकात**



उन्होंने पत्र सौंपते हुए कोटखाई और जुब्बल क्षेत्र के सरकारी कन्या विद्यालयों के विलय के निर्णय पर गंभीर आपत्ति जताई और सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की।

बरागटा ने कहा कि परीक्षा सत्र के दौरान इस प्रकार का निर्णय विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा, विद्यालय की बढ़ती दूरी, सड़क की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी चिंताओं का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि किसी भी प्रशासनिक निर्णय से पहले अभिभावकों और स्थानीय प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया जाए तथा स्पष्ट संक्रमण योजना तैयार की जाए, ताकि छात्राओं के हितों और सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

# युवाओं के लिए दो करोड़ का इनोवेशन फंड

## उद्योग उन्मुख पाठ्यक्रम होगा शुरू, एआई और डिजिटल कौशल पर विशेष बल: धर्माणी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने तकनीकी शिक्षा विभाग व राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, उद्योग उन्मुख और भविष्योन्मुखी कौशल से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में तकनीकी शिक्षा को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना समय की मांग है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा केवल नौकरी तलाशने वाला न रहे, बल्कि रोजगार सृजक बने और नवाचार की राह पर आगे बढ़े।

मंत्री ने युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा को दिशा देने के उद्देश्य से दो करोड़ रुपए के इनोवेशन फंड की घोषणा को ऐतिहासिक पहल बताया। इस निधि के माध्यम से स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा और नए विचारों को मूर्त रूप देने में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के युवाओं में प्रतिभा और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और संसाधन उपलब्ध कराने की है। सरकार इस दिशा में सकारात्मक और ठोस कदम उठा रही है ताकि प्रदेश में सशक्त स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो सके।

राजेश धर्माणी ने उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्योगों की मांग तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए तकनीकी पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है। उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल दक्षता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े कार्यक्रमों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने तकनीकी शिक्षा बोर्ड को बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने और मजबूत उद्योग सहभागिता स्थापित करने के निर्देश दिए। अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के विस्तार तथा हैकाथॉन और कौशल प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना आरंभ करने की भी घोषणा की गई है।



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी उच्च स्तरीय मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

◆ **ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी तकनीकी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा**

### बायोफार्मा क्षेत्र में अपार संभावनाओं पर बल

**ग्रामीण** अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर बल देते हुए मंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बागवानी, प्राकृतिक खेती और डेयरी तकनीक जैसे पाठ्यक्रम शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने बायोफार्मा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए इस दिशा में नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई।

### युवाओं के लिए होंगे विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हिमुडा** के सहयोग से तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत युवाओं के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा उद्योग विभाग के संसाधन विशेषज्ञ उन्हें उद्यम स्थापना के लिए मार्गदर्शन देंगे। बैठक में विशेष सचिव सुनील शर्मा, निदेशक अक्षय सूद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ऊना आशुपुरी हत्याकांड : आरोपी चांद ठाकुर को अंतरिम अग्रिम जमानत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिला ऊना के बहुचर्चित आशुपुरी हत्याकांड मामले में एक अहम घटनाक्रम सामने आया है। इस मामले में आरोपी चांद ठाकुर को न्यायालय से अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। आरोपी द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अंतरिम राहत प्रदान की है। वहीं, पुलिस अब मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने तथा जल्द चालान दाखिल करने की तैयारी में जुट गई है, ताकि मामले की जांच को अंतिम रूप दिया जा सके।

यह सनसनीखेज वारदात 19 नवंबर 2025 की रात लालसिंगी क्षेत्र में धर्मशाला-ऊना राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित एक होटल के बाहर हुई थी, जब जन्मदिन समारोह से बाहर निकलने के बाद दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान गोली लगने से आशु पुरी नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया था।

◆ **पुलिस सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और चालान दाखिल करने में जुटी**

◆ **जन्मदिन पार्टी के बाद भड़का था विवाद, चली गोलियां**



पुलिस जांच के अनुसार, मृतक आशु पुरी अपने छह साथियों के साथ होटल में जन्मदिन समारोह में शामिल होने आया था। समारोह के बाद होटल के बाहर दूसरे पक्ष के साथ किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया था।

आरोप था कि सनोली निवासी परमिंद्र सिंह ने .32 बोर के पिस्तौल से आशु पुरी पर ताबड़तोड़ पांच राउंड फायर किए, जिनमें से चार गोलियां आशु पुरी को लगीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी के बाद मृतक के साथियों ने भी कथित तौर पर तेजधार हथियारों से हमला कर परमिंद्र सिंह और उसके साथी पुरजिंद्र सिंह उर्फ पिंदू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में दोनों को सिर, चेहरे, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई थीं।

उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जल्द ही न्यायालय में चालान पेश किया जाएगा, ताकि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिल सके।

इस बहुचर्चित हत्याकांड में आरोपी को मिली अंतरिम जमानत और पुलिस की तेज कार्रवाई के बाद अब सभी की नजरें आगामी गिरफ्तारी और चालान पेश होने पर टिकी हुई हैं।

वहीं, एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि एक आरोपी को कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दी गई है।

## विनय कुमार ने युवा कांग्रेस के प्रदर्शन पर केंद्र पर साधा निशाना, कहा-

# अभिव्यक्ति की आजादी पर अघोषित आपातकाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी पर पूरी तरह पहरा बैठा दिया गया है और हालात ऐसे बन गए हैं मानो अघोषित आपातकाल लागू हो।



उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में युवा कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन से सरकार बौखला गई है और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तानाशाही रवैया अपनाकर लोकतांत्रिक असहमति को कुचलना चाहते हैं, परंतु देश का युवा न डरने वाला है और न ही पीछे हटने वाला। विनय कुमार ने यह भी कहा कि यदि दिल्ली पुलिस बिना सूचना किसी राज्य में आकर कार्रवाई करती है तो यह प्रदेश की प्रभुसत्ता पर सीधा आघात है, जिससे हिमाचल जैसे शांत और पर्यटन-प्रधान राज्य की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

विनय ने कहा कि दिल्ली में हुआ विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री की कथित जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ था, किंतु प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी युवाओं के अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आलोचना सहन नहीं कर पा रही और असहमति रखने वालों पर देशद्रोह जैसे गंभीर आरोप लगाकर भय का वातावरण बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया जाता, जो लोकतंत्र की आत्मा पर कुठाराघात है। उनके अनुसार संविधान की बुनियाद को कमज़ोर किया जा रहा है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा पर आंच पहुंच रही है।

### व्यापार समझौते और जन जागरण अभियान की घोषणा

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर देशहित से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंडो-यूएस व्यापार समझौता भारत के हितों के प्रतिकूल है और सरकार विदेशी दबाव में निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि देश को किसी भी प्रकार की नई आर्थिक या राजनीतिक निर्भरता की ओर धकेलना स्वीकार्य नहीं है। विनय ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस अन्याय के विरुद्ध चुप नहीं बैठेगी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मार्गदर्शन में पूरे देश में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोकतंत्र, संविधान और जन-अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# राज्यसभा चुनाव का 16 मार्च को मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए 16 मार्च को मतदान कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान 16 मार्च को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न होगा। चुनाव कार्यक्रम के तहत 5 मार्च को नामांकन दाखिल किए जाएंगे, 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 9 मार्च तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया 20 मार्च को पूर्ण कर ली जाएगी। राज्यसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सचिव यशपाल शर्मा, रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि उप सचिव (विधि) जितेंद्र सिंह कंवर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

**विधानसभा सचिव होंगे रिटर्निंग अधिकारी**

# हिमाचल में सीआईआर तकनीक से सड़क निर्माण की तैयारी

## तेलंगाना की तर्ज पर बनेंगी सड़कें, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** तेलंगाना की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी सड़क निर्माण के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने की दिशा में कदम तेज कर दिए गए हैं। हैदराबाद में विक्रमादित्य सिंह ने रेवंत रेड्डी से शिष्टाचार भेंट कर कोल्ड इन-प्लेस रीसाइक्लिंग तकनीक को अपनाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने बताया कि इस तकनीक के माध्यम से पुरानी सड़क की परत को उसी स्थान पर पुनर्चक्रित कर नई परत तैयार की जाती है, जिससे निर्माण लागत में उल्लेखनीय कमी आती है, कार्य अवधि घटती है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव भी कम पड़ता है। पर्वतीय राज्य होने के कारण हिमाचल में यह तकनीक विशेष रूप से कारगर सिद्ध हो सकती है।

बैठक के दौरान हिमाचल में सुरंगों के माध्यम से हर मौसम में निर्बाध सड़क संपर्क बनाए रखने, सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने तथा आधुनिक परियोजना प्रबंधन प्रणालियों को अपनाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। उन्नत सुरंग निर्माण तकनीकों और हरित निर्माण पद्धतियों के प्रयोग पर जोर देते हुए रेवंत रेड्डी ने सुझाव दिया कि हिमाचल सरकार अपने सक्षम अधिकारियों को तेलंगाना भेजे, ताकि वे यहां लागू अत्याधुनिक प्रणालियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। इससे दोनों राज्यों के बीच तकनीकी सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान सुदृढ़ होगा।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री से मुलाकात करते विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

◆ **अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए तेलंगाना भेजने का सुझाव**

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव तथा विक्रमादित्य सिंह की पत्नी डॉ. अमरीन कौर भी उपस्थित रहीं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क अवसंरचना को आधुनिक, टिकाऊ और जनहितैषी बनाने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाना समय की मांग है, और सरकार इस दिशा में ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी।

# प्रदेश में आज से बारिश-बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 27 फरवरी से 4 दिनों तक बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 27 और 28 फरवरी को अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्के हिमपात के आसार हैं। इसके बाद 1 मार्च को मौसम साफ रहेगा। 2 और 3 मार्च को फिर से ऊंचे पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी तथा मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिला की ऊंची चोटियों पर नजर आएगा। इससे तापमान में भी हल्की गिरावट आएगी। हालांकि, मौसम में बदलाव से पहले ही प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन पहले प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री ज्यादा चल रहा था जो अब 3.4 डिग्री रह गया है। न्यूनतम तापमान भी दो दिन पहले सामान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा था। अब यह 1.6 डिग्री सेल्सियस रह गया है।



### फरवरी में सामान्य से 83% कम बारिश

**प्रदेश** में इस विंटर सीजन में अब तक सामान्य से 41 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जबकि फरवरी माह में बारिश की कमी और भी अधिक रही है। एक से 25 फरवरी के बीच सामान्य तौर पर 86.9 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन इस बार केवल 14.7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 83 प्रतिशत कम है। कम बारिश का असर आगामी दिनों में सेब समेत दूसरी फसलों पर पड़ सकता है। सेब बागवानों को अर्ली फ्लॉवरिंग की चिंता सती है, जबकि किसानों को मार्च-अप्रैल में ही पानी की कमी की चिंता सताने लगी है।

# जन-जन को सुलभ व उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही मोदी सरकार : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में आमजन तक सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के चलते देश का नागरिक स्वस्थ रहेगा, तो राष्ट्र भी समृद्ध होगा। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिक एजेंडा बनाया गया और इसे जन-आंदोलन का रूप मिला।



◆ **12 वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में स्थापित किए मील के पत्थर**

अनुराग ने कहा कि सितंबर 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। अक्तूबर 2025 तक 42 करोड़ लाभार्थियों को कार्ड जारी किए जा चुके हैं और 12 करोड़ परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। देश में एम्स की संख्या 6 से बढ़कर 23 हो गई है, जिससे हिमाचल और अन्य राज्यों को नई स्वास्थ्य सुविधाएं मिली हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत 14,000 से अधिक केंद्र स्थापित करने और डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम के निर्माण का भी उल्लेख किया। इस पहल से लोगों के व्यक्तिगत स्वास्थ्य व्यय में 21 प्रतिशत की बचत हुई है और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट 1,06,530.42 करोड़ रुपए तक बढ़ा, प्रति व्यक्ति सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय 1,108 रुपए से बढ़कर 3,169 रुपये हुआ, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर 7 .29 ग्राम हेरोइन समेत तीन युवक दबोचे

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के तहत पुलिस थाना सदर की टीम ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर थाना पुलिस की टीम किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पट्टा क्षेत्र के समीप नियमित नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कीरतपुर की दिशा से आ रही एक कार को संदेह के आधार पर रोका गया। वाहन में तीन युवक सवार थे, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उनसे पूछताछ कर तलाशी ली तो उनके पास से 7.29 ग्राम हेरोइन बरामद की हुई। इसके बाद तीनों को मौके पर ही हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान तुजेंद्र कुमार (25) निवासी लंबा थाच, तहसील थुनाग,



भूपेंद्र (19) निवासी मरोट, तथा यशपाल (18) निवासी मंडप, तहसील चच्योट, जिला मंडी के रूप में हुई है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला पुलिस प्रमुख संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे यह खेप कहां से लाए थे और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा व ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मसला** उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के खिलाफ हुंकार

# दिल्ली में प्रदेश युवा कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में देशभर से आए युवा कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए केंद्र सरकार के कदम को अनुचित और असंगत बताया।



नई दिल्ली में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

छतर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह गिरफ्तारी संवैधानिक मूल्यों की भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार असहमति की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जबकि संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सत्य और न्याय की अंततः विजय होगी और युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चंदन राणा, प्रदेश महासचिव डॉ. रणजीत वर्मा, महासचिव राघव ठाकुर तथा प्रदेश सचिव तुषार स्तान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि उदयभानु चिब को बिना शर्त रिहा किया जाए और युवाओं की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने के प्रयास तत्काल बंद किए जाएं।

# दिल्ली पुलिस को रोकना संघीय ढांचे पर प्रहार : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया है कि हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा दिल्ली से आई पुलिस टीम को विधिसम्मत कार्रवाई से रोकना संघीय ढांचे और संवैधानिक मर्यादाओं का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन के दौरान कथित तौर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के संदर्भ में दिल्ली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की थी। शर्मा के अनुसार जब दिल्ली पुलिस रोहड़ू क्षेत्र से आरोपितों को हिरासत में लेकर वापस जा रही थी, तब हिमाचल पुलिस द्वारा हस्तक्षेप और कथित दुर्व्यवहार की घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना स्पष्ट रूप से राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय की अपेक्षा करती है, टकराव की नहीं।

रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यदि दोषी अधिकारियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो यह माना जाएगा कि पूरा घटनाक्रम राजनीतिक संरक्षण में हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर हुए प्रदर्शन को बचाने के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। भाजपा ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि संघीय व्यवस्था की गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था पर जनविश्वास बना रहे।

# जनसमस्याओं का समाधान करने के लिए हिमाचल सरकार पूरी तरह वचनबद्ध : पठानिया

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा के बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बैठक में चंबा, भरमौर और डलहौजी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय अधिकारियों और जन शिकायत निवारण समिति के सरकारी और गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।



पठानिया को सम्मानित करते उपायुक्त।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान निर्धारित समय में करने के लिए हिमाचल सरकार पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होंने प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जन शिकायत निवारण समिति का कार्य चंबा में बहुत प्रभावी रूप से चल रहा है। इस समिति के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों के लोग अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से पा रहे हैं और उन्हें विकास का भी लाभ मिल रहा है।

पठानिया ने हिमाचल पथ परिवहन निगम को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बस रूट चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि वहां रहने वाले लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नए और पुराने बस अड्डे के बीच लोकल बसों की समय सारणी तय करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि जन शिकायत निवारण समिति की बैठक हर तीन महीने में आयोजित की जाएगी।

वहीं, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों तथा समिति के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बैठक में उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने विधानसभा अध्यक्ष को शॉल टोपी व चंबा थाल भेंटकर सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर आईटीआई में 2 मार्च को मिलेगा रोजगार

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली 2 मार्च को इंटरव्यू लेगी। इस कैंपस में वही अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने आईटीआई फिटर, टर्नर, मशीनीस्ट, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, टूल एंड डाई मेकर ट्रेडों में किसी भी आईटीआई से पास की हो। कंपनी फिक्स टर्म तथा ट्रेनी के पदों के लिए युवाओं का चयन करेगी। सैलेरी सीटीसी (16,000) मासिक वेतन देगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी की 18 से 30 साल उम्र रहेगी। युवा अपना आधार कार्ड बोनाफाइड 10वीं, 12वीं तथा अन्य डॉक्यूमेंट लेकर आईटीआई शाहपुर में सुबह 9 बजे पहुंचे।

### अक्षित मिस्टर और सुनेखा को मिस फेयरवेल चुना



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** दरीनी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अक्षित को मिस्टर फेयरवेल तथा सुनेखा को मिस फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा की ओर से मिस्टर और मिस फेयरवेल को सम्मानित किया गया।इस दौरान स्टाफ के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

### कोतवाली बाजार व्यापार मंडल मनाएगा होली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** व्यापार मंडल कोतवाली बाजार की ओर से 4 मार्च को होली पर्व के उपलक्ष्य पर होली उत्सव मनाया जाएगा। व्यापार मंडल कोतवाली बाजार के अध्यक्ष अनुज कश्यप ने बताया कि उत्सव के आयोजन को लेकर वीरवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें यह फैसला लिया कि इस होली उत्सव बनाने के साथ बाजार में डीजे का प्रबंध किया जाएगा। बैठक के दौरान व्यापार मंडल के महासचिव शेखर राय, कैशियर दिवाकर व अन्य मौजूद रहे।

### धर्मशाला कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय कॉलेज धर्मशाला में सीएससीए के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. नरेश शर्मा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि सीएससीए संयोजक प्रो. अंजली शर्मा ने विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। पहले दिन एकल गायन, नृत्य, वाद्य-यंत्र, काव्य-पाठ, रंगोली, लिखणु और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे सभागार में उत्सव जैसा माहौल रहा।

### आरोपियों को संरक्षण देने में व्यस्त सरकार : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि रोहड़ू में दिल्ली पुलिस को कथित रूप से कार्रवाई से रोकना गंभीर प्रशासनिक और संवैधानिक प्रश्न खड़े करता है। उनका आरोप है कि प्रदेश सरकार पुलिस तंत्र का दुरुपयोग कर आरोपियों को संरक्षण दे रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि यदि यही सक्रियता अपराध, नशा तस्करी और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर दिखाई जाती तो हालात बेहतर होते। परिषद ने कानून-व्यवस्था मजबूत करने, नशा विरोधी अभियान चलाने, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की मांग की है। अन्यथा लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# सरकार बच्चों पर सीबीएसई थोपने के बजाय आदर्श मुख्यमंत्री स्कूल खोलती : सुनील

## कहा- अभिभावकों के साथ बच्चे भी नारे लगाने को मजबूर, सरकार गंभीरता से निर्णय पर करे पुनर्विचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बच्चों पर सीबीएसई थोपने के बजाय, अच्छा होता सरकार आदर्श मुख्यमंत्री स्कूल खोलती। एचपी बोर्ड के स्कूलों को सीबीएसई में कन्वर्ट करने के विरोध अभिभावकों के साथ बच्चे भी नारे लगाने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार इस मामले पर गंभीरता से पुनर्विचार करे, जिससे कि सीबीएसई के कारण अभिभावकों व बच्चों में जो असमंजस की स्थिति है, उससे उन्हें राहत मिल सके। यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने वीरवार को प्रेसवार्ता में कही।



प्रेसवार्ता करते बोर्ड कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष व अन्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा बोर्ड के स्कूलों को सीबीएसई में मर्ज करने का फैसला लिया है, जो पूरी तरह से गलत है। इन स्कूलों को मर्ज करने की बजाय अगर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री आदर्श स्कूल शुरू करती तो प्रदेश के बच्चों को काफी फायदा होता है। उन्होंने कहा कि ब्रांड बदलने से शिक्षा का स्तर नहीं बदल जाता, क्योंकि सीबीएसई के स्कूलों में भी एनसीईआरटी की ही किताबें पढ़ाई जाएगी और वही किताबें हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पढ़ा रहा है। सीबीएसई के स्कूलों में भी वही शिक्षक होंगे, जो एचपी बोर्ड के स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं तथा विद्यार्थी भी वही होंगे, जो स्कूल शिक्षा बोर्ड से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार को एक बार फिर से अपने फैसले पर मंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश सरकार अपने फैसले पर मंथन नहीं करती है, तो स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी यूनियन न्यायालय जाने से भी गुरेज नहीं करेगा। इससे पहले बोर्ड कर्मचारी यूनियन बुद्धिजीवी वर्ग से भी विचार-विमर्श करेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय में स्कूलों को सीबीएसई करने के लिए कई स्कूलों को मर्ज किया जा रहा, जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे असमंजस में पड़ गए हैं। एक ओर सरकार क्वालिटी एजुकेशन की बात कह रही है, वहीं इस तरह के निर्णयों से बच्चों का परीक्षा के समय मनोबल गिराने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह मामला छात्र हित से जुड़ा है और बोर्ड कर्मचारी यूनियन छात्र हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

# परमार ने ठाणा में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



थुरल पंचायत में तीन रास्तों का भी लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि दिल्ली में एआई समिट के दौरान हुआ अमर्यादित और शर्मनाक कृत्य कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक पूर्व नियोजित राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। इस पूरे घटनाक्रम ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार का असली चेहरा देश और दुनिया के सामने उजागर कर दिया है।

उन्होंने वीरवार को ठाणा में सामुदायिक भवन और पंचायत थुरल में तीन रास्तों के भी लोकार्पण किए। उन्होंने कहा कि जिन तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं सौरभ सिंह, अरबाज खान और सिद्धार्थ अवधूत को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर दिल्ली ले जाया गया, वे हिमाचल के निवासी तक नहीं हैं, फिर भी इस पूरी साजिश की राजनीतिक पटकथा हिमाचल की धरती से लिखी गई। उन्होंने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच हो और यह भी सामने आना चाहिए कि इस प्रदर्शन की रूपरेखा कहां तैयार हुई, किसके निर्देश पर कार्यकर्ताओं को भेजा गया, और किन-किन स्तरों पर राजनीतिक संरक्षण मिला। यदि प्रदेश सरकार की किसी भी स्तर पर संलिप्तता सिद्ध होती है तो मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

# शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप: अरविंद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह चौधरी ने शाहपुर विधानसभा में ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह शून्य हैं, जबकि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अपनी व्यक्तिगत मोहर लगाने का प्रयास कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।



अरविंद सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले शाहपुर की जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज जमीनी स्तर पर उन वादों का कोई अस्तित्व दिखाई नहीं देता। सडक़ों, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और जनहित से जुड़े अनेक कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं, जिससे क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ शाहपुर की जनता को मिल रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार और स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व उन योजनाओं का श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं, जबकि उनका स्वयं का कोई योगदान नहीं है।

अरविंद चौधरी ने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में जनता कांग्रेस सरकार को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा शाहपुर विधानसभा के विकास, युवाओं के भविष्य और जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाता रहेगा और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करता रहेगा।

# जहां टूट चुकी थी लोगों की उम्मीद, वहां पराशर बने सहारा

- 46 परिवारों के लिए राहत की राह, संवेदनशील पहल से बदली तस्वीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर क्षेत्र की अमरोह पंचायत की पटियाल बस्ती और खन्नौड़ मोहल्ले के लिए जाने वाला संपर्क मार्ग बीते कई महीनों से उपेक्षा का शिकार था। गत बरसात ने इस रास्ते की हालत ऐसी कर दी थी कि यह मार्ग किसी जोखिम भरे सफर से कम नहीं रह गया था। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी मिट्टी और फिसलन भरी सतह ने इसे पूरी तरह जर्जर बना दिया था। इस रास्ते पर निर्भर लगभग 46 परिवार हर दिन इसी कठिन मार्ग से अपने जीवन की जरूरतों को पूरा करने के लिए आने-जाने को मजबूर थे। हालात इतने खराब थे कि चार पहिया वाहनों का पहुंचना तो लगभग असंभव हो गया था और दो पहिया वाहन चालकों के लिए यह रास्ता हर पल दुर्घटना का खतरा बन चुका था। ऐसे ही हालात के बीच एक उम्मीद की किरण उस समय जगी, जब स्थानीय निवासी राजीव कुमार ने सोशल मीडिया पर कैप्टन संजय पराशर की एक पोस्ट पर अपनी बस्ती की इस समस्या का जिक्र किया। उन्होंने टिप्पणी के माध्यम से विनम्रता से आग्रह किया कि यदि क्षेत्र में पराशर द्वारा विकास कार्यों की पहल की जा रही है, तो उनके गांव के इस उपेक्षित संपर्क मार्ग की सुध भी ली जाए। यह टिप्पणी उन 46 परिवारों की उम्मीदों और पीड़ा की आवाज थी, जो लंबे समय से किसी मदद की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस टिप्पणी पर संज्ञान लेते हुए कैप्टन संजय पराशर ने जिस संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया, उसने स्थानीय लोगों के मन में एक नया विश्वास जगा दिया। उन्होंने बिना किसी देरी के मात्र तीन दिनों के भीतर अमरोह पंचायत में जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाई और अपने निजी खर्च से इस जर्जर मार्ग को ठीक करवाने का कार्य शुरू करवा दिया। बुधवार और वीरवार को मशीन की गड़गड़ाहट के साथ जब रास्ते की मरम्मत का काम शुरू हुआ, तो स्थानीय लोगों की आंखों में राहत और संतोष साफ झलक रहा था। धीरे-धीरे वह रास्ता, जो कभी भय और असुविधा का प्रतीक बन गया था, अब फिर से जीवन की सामान्य धारा में लौटने लगा। पराशर के इस मानवीय और संवेदनशील कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने दिल से आभार व्यक्त किया है। पूर्व वार्ड पंच तृप्ता देवी, राजीव कुमार, रणजीत सिंह, अश्वनी कुमार, सुखदेव सिंह, अवतार सिंह, कर्म चंद, राकेश कुमार, शर्मिला देवी, सुषमा, सरोज कुमारी, दर्शना और कुसुम सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से वे इस समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि कैप्टन पराशर ने उनकी समस्या को समझा और उसका समाधान किया।



जेसीबी भेजकर रास्ते का मरम्मत कार्य शुरू करवाया। अनंत ज्ञान

# हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने रेखाएं लांघीं : बिक्रम ठाकुर

- कहा- कानून की आड़ में अराजकता, संघीय ढांचे से खिलवाड़

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने शिमला में बुधवार को हिमाचल पुलिस और दिल्ली पुलिस के बीच उत्पन्न हुई अभूतपूर्व तनातनी को प्रदेश की कानून व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं पर सीधा हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल दो पुलिस बलों के बीच अधिकार क्षेत्र का विवाद नहीं, बल्कि राजनीतिक संरक्षण में रचा गया ऐसा संकट है, जिसने हिमाचल की प्रशासनिक साख को राष्ट्रीय स्तर पर कटघरे में खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत शिमला में दर्ज एक गंभीर प्रकरण में कार्रवाई करने आई थी। इसके बावजूद प्रदेश सरकार के दबाव में हिमाचल पुलिस द्वारा दिल्ली पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अपहरण जैसे गंभीर आरोपों में मामला दर्ज कर दिया गया। यह कोई सामान्य प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सुनियोजित राजनीतिक हस्तक्षेप है, जिसका उद्देश्य आरोपियों को बचाना और सच्चाई से ध्यान भटकाना है। ऐसे संवेदनशील प्रकरण में यदि सरकार कानून का निष्पक्ष पालन करने के बजाय अपने राजनीतिक हित साधने में जुट जाए, तो यह न केवल संघीय ढांचे का अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर भी प्रहार है। बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार से मांग की कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदेश की जनता से स्पष्ट जवाब दे, राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करे और दोनों पुलिस बलों के बीच उत्पन्न तनाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में अराजकता, संरक्षणवाद और संवैधानिक अव्यवस्था के खिलाफ लोकतांत्रिक और कानूनी लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी।

# भलाख चौक के पास चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस ने चोरी बाइक को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता शामदीन निवासी वार्ड नंबर 09, बोध (जसूर) ने पुलिस थाना नूरपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 फरवरी की रात को जसूर बाजार से उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर भलाख चौक (गंगथ) के समीप आरोपी को चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित धर दबोचा। आरोपी की पहचान अभिषेक (20 वर्ष), पुत्र तरबीज सिंह, निवासी टिप्परी, डाकघर बनेत, तहसील भटियात, जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। और आरोपी के विरुद्ध आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नूरपुर पुलिस आम जनता की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी: आरएस बाली

## बड़ोह स्कूल में करियर मार्गदर्शन एवं भविष्य निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक नगरोटा बगवां आरएस बाली ने वीरवार को पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ोह में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन एवं भविष्य निर्माण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के 10 विद्यालयों से 12वीं कक्षा के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आरएस बाली ने विद्यार्थियों को जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देता है, बल्कि आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में उज्ज्वल भविष्य के लिए कौन-कौन से विकल्प सुनहरी साबित हो सकते हैं, इसके प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को अपनी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुसार विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सही दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, तभी वे अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडोह को अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता भी प्रदान की गई है। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी ओर से एक-एक डायरी भी वितरित की।



आरएस बाली ने स्टूडेंट्स को भेंट की एक-एक डायरी। अनंत ज्ञान

### सीयू में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

# इमरजेंसी के 50 वर्षों पर प्रतिभागियों ने रखे विचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में वीरवार को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालय के अकेडमिक डीन प्रो. प्रदीप कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का उदेश्य युवाओं के बीच में नेतृत्व क्षमता पैदा करना है। मुख्यातिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट में जो प्रतिभागियों ने इमरजेंसी के 50 वर्षों पर अपने विचार रखे। युवाओं ने अपने विचारों के माध्यम से इमरजेंसी के दौरान हुई घटनाओं और इमरजेंसी के बाद देश में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच का आकलन विचारों के माध्यम से रखा। 2047 तक भारत विकसित भारत कैसे बने उन परिकल्पनाओं को सकार करने के लिए यूथ पार्लियामेंट जैसा प्रयास मेरा युवा भारत कार्यालय जिला कांगड़ा द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट के माध्यम से किया जा रहा है। जो प्रतिभागी जिला स्तर पर प्रथम आएंगे, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे उसके बाद उनकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होंगी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपने विचार प्रकट करेंगे जहां उनको पुरस्कृत भी किया जाएगा। उपनिदेशक मेरा युवा भारत कार्यालय, ध्रुव डोगरा ने बताया कि यूथ पार्लियामेंट में 80 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण माय भारत पोर्टल में करवाया था। इसमें 5 ज्यूरी मेंबर्स हैं जो 5 युवाओं को चयनित करेंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम प्रदेश राजयपाल की अध्यक्षता में मार्च माह में होगा। मोदी का विजनय भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का है, जिसमें युवाओं की अहम भूमिका रहने वाली है, जिन्हें पीएम देश की अमृत पीढ़ी कहते हैं।

**समापन** परौर पॉलिटेक्निक मैदान का जल्द किया जाएगा जीर्णोद्धार : संजय चौहान

# युवा क्लब कुरल बना क्रिकेट विजेता

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान ने त्रिनेत्रा युवा क्लब परौर की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया। इस अवसर पर युवा क्लब कुरल एवं युवा क्लब खडौठ के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें युवा क्लब कुरल की टीम विजेता बनी। संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिनमें नशे की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।

युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों, शिक्षा तथा अन्य सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपना अधिकतम समय खेल मैदानों, रचनात्मक कार्यों और समाजहित की गतिविधियों में लगाएं तथा समाज में फैल रही बुराइयों और कुरीतियों से दूर रहकर एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक मैदान परौर का शीघ्र ही जीर्णोद्धार किया जाएगा तथा स्थानीय युवा क्लबों को खेल गतिविधियों के संचालन के लिए इसमें उचित अधिकार दिए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने प्रथम दौरे में ही सुलह क्षेत्र के युवाओं के लिए दो सिंथेटिक खेल मैदानों की घोषणा की थी, जिनका कार्य वर्तमान में तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक खेल सुविधाएं पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश का युवा सशक्त बनकर भविष्य में देश-प्रदेश का नाम रोशन करेगा।



परौर में क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर संजय सिंह चौहान ने विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित। अनंत ज्ञान

# विद्यार्थियों को दी चुनौतियों को अवसरों में बदलने की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में वाणिज्य विभाग, करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चितकारा विश्वविद्यालय के निदेशक संजीव दोसांज मुख्य वक्ता रहे। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. सुरिंदर कुमार और डॉ. शिवानी ने किया। अपने संबोधन में संजीव दोसांज ने विद्यार्थियों को चुनौतियों को अवसरों में बदलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, कौशल विकास और निरंतर सीखने की आदत सफलता की कुंजी है। उन्होंने स्नातक उपरांत प्रबंधन क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों से अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# धर्मशाला डाक मंडल ने अखिल भारतीय आईपीपीबी बैंक थलाईवा लीग अभियान में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय डाक विभाग आईपीपीबी बैंक की ओर से मर्चेंट क्यूआर कार्ड लगाने एवं उन्हें सक्रिय कराने को लेकर एक नवंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक चलाए गए अखिल भारतीय थलाईवा लीग अभियान में धर्मशाला डाक मंडल की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर करते हुए हिमाचल प्रदेश परिमंडल में अपना परचम लहराया है।

इस प्रतियोगिता के तहत हिमाचल प्रदेश डाक परिमंडल के घोषित कुल 3 मुख्य पुरस्कारों में से 2 एलईडी टीवी अकेले धर्मशाला डाक मंडल ने अपने नाम किए हैं। अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान धर्मशाला मंडल के कर्मचारियों ने अथक प्रयास करते हुए रिकॉर्ड संख्या में व्यापारियों के पास मर्चेंट क्यूआर कार्ड स्थापित किए। केवल कार्ड इंस्टॉल करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सक्रिय बनाने में भी धर्मशाला मंडल पूरे परिमंडल में अव्वल रहा। इस अवसर पर मंडलीय कार्यालय धर्मशाला में आज पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें रविंदर कुमार शर्मा अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल ने विजय कुमार विपणन कार्यकारी मंडलीय कार्यालय धर्मशाला को पुरस्कार प्रदान किया।



धर्मशाला डाक मंडल ने झटके दो पुरस्कार। अनंत ज्ञान

इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रविंद्र कुमार शर्मा अधीक्षक डाकघर ने कहा कि यह जीत हमारे फील्ड स्टाफ और डाक कर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमारा लक्ष्य डिजिटल इंडिया अभियान को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना है। व्यापारियों को डिजिटल भुगतान से जोडक़र हमने न केवल प्रतियोगिता जीती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने में भी योगदान दिया है। इस उपलब्धि से न केवल धर्मशाला डाक मंडल का मान बढ़ा है, बल्कि विभाग में नई ऊर्जा का संचार भी हुआ है। विभाग भविष्य में भी इसी तरह की डिजिटल सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अभिषेक प्रबंधक आईपीपीबी बैंक धर्मशाला शाखा, गगन सहायक अधीक्षक पर्यटन और अश्वनी पठानिया निरीक्षक डाकघर भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भटेड़ और पंतेहड़ में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर 2 के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी ढाड़ी फीडर के क्षेत्रों शीला, लोअर शीला, पासू, भटेड़, पंतेहड़, अपर मनेड़, लोअर सुक्कड़, हरनेड़, कनेड़ तथा आसपास लगते क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम की स्थिति में अगले दिन कार्य किया जाएगा।

### सलेटी से भिंडला रोड 10 मार्च से 9 अप्रैल तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की कि परागपुर उपमंडल के अंतर्गत सलेटी से भिंडला रोड के मरम्मत कार्य के चलते 10 मार्च से 9 अप्रैल तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए कलोह-शांतला मार्ग और भिंडला सिकरां दा भरोह वाया रपोह मिसरां मार्ग का उपयोग किया जाएगा। उन्होने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पीएनबी ने सम्मानित किए भूतपूर्व सैनिक



**अनंत ज्ञान, गगल।** भड़यारा गांव के कम्युनिटी हाल में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) गगल की शाखा द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए समारोह आयोजित किया गया। सीनियर मैनेजर रितेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में 200 भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। उपमंडल प्रमुख भारत ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर उन्हें पेंशन खाता, ऋण योजनाओं और साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी। उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों, कैप्टन डीएस थापा, कैप्टन मदनलाल, कर्नल ओपी गुलेरिया सहित अन्य वीर नारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में बताई योजनाएं



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति डरोह की ओर से नाबार्ड की ओर से प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन डरोह पंचायत के गदियाड़ा में किया गया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने बैंक की ओर से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों की जानकारी लोगों से साझा की। इस मौके पर भारी जनसमूह उपस्थित रहा। इस बीच बैंक के सदस्य राकेश कुमार राणा भी उपस्थित रहे।

### डरोह में महिला सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में महिला सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में 24 से 26 फरवरी तक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 30 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कोर्स में महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के अन्वेषण, भौतिक साक्ष्यों का संग्रह, डीएनए विश्लेषण, एसएईसी किट का उपयोग, सोशल मीडिया का प्रासंगिक उपयोग और नवीनतम कानूनी प्रावधानों पर प्रशिक्षण दिया गया। मुकेश कुमार उप पुलिस अधीक्षक और अन्य प्रशिक्षकों ने कोर्स सफलतापूर्वक संचालित किया। कोर्स के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक भूपिंदर सिंह कंवर ने भविष्य में ऐसे कोर्सों के आयोजन की संभावना जताई।

### पंचरुखी में आम आदमी पार्टी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, पलामपुर।** आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक पंचरुखी में अध्यक्ष कैप्टन विनोद चाडक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला कांगड़ा के पर्यवेक्षक पूर्ण चंद मुख्य अतिथि रहे। प्रदेश प्रवक्ता काली दास, संगठन मंत्री रवि कुमार और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। बैठक में संगठन को हर पंचायत और घर तक मजबूत बनाने, एकता बनाए रखने और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी जीताने पर चर्चा हुई। पूर्ण चंद ने सदस्यों को हर पंचायत में संगठन खड़ा करने और संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में कई स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### बैडमिंटन स्पर्धा में कांगड़ा का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कुल्लू में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर वेटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 35 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में विक्रांत राणा विजेता बने, जबकि गौरव कपूर ने तृतीय स्थान हासिल किया। 40 आयु वर्ग में हितेंद्र सैनी उपविजेता रहे। युगल मुकाबलों में विक्रांत राणा एवं पंकज जसवाल, कुमार गौरव एवं योगेश चौहान की जोड़ी उपविजेता रही। महिला वर्ग में उर्वशी थापा 50 आयु वर्ग की विजेता रहीं। 45 आयु वर्ग महिला एकल में रवींद्रनाथ उपविजेता रहीं। संघ के प्रधान सुनील मनोचा और पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में 55-70 आयु वर्ग के मुकाबले अभी शेष हैं, जिसमें कांगड़ा के खिलाड़ियों की पदक की उम्मीद है।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के चौधरी सरवण कुमार द्वारा कांगड़ा जिले के किसानों के लिए 'जैविक एवं प्राकृतिक खेती' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, गाजियाबाद द्वारा प्रायोजित था। इसमें भवारना, पंचरुखी और पालमपुर खंडों के 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। डॉ. जनार्दन सिंह ने जैविक खेती के महत्व और प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. अशोक कुमार पांडा ने सतत कृषि और किसानों की आय वृद्धि में इसके योगदान पर जोर दिया। डॉ. क्षितिज कुमार, डॉ. गोपाल कटना और डॉ. राकेश चौहान ने विपणन, उपयुक्त फसल चयन और जैविक उर्वरक उपयोग पर व्यावहारिक जानकारी साझा की।

# 2 मार्च तक लंबित भुगतान न हुआ तो परीक्षाओं का होगा बहिष्कार : चौहान

## बैठक में बोर्ड चेयरमैन के न आने पर एचजीटीयू ने जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षक संघ (एचजीटीयू) की बोर्ड प्रशासन के साथ होने वाली बैठक में बोर्ड चेयरमैन के न आने पर एचजीटीयू ने चेयरमैन के प्रति नाराजगी जताई है।

एचजीटीयू के अनुसार बैठक के लिए जारी पत्र में कहा था कि बैठक की अध्यक्षता बोर्ड चेयरमैन करेंगे, लेकिन चेयरमैन के न आने पर एचजीटीयू ने नाराजगी जताई है। एचजीटीयू ने पिछली परीक्षाओं का लंबित भुगतान 2 मार्च तक न होने पर परीक्षाओं के बहिष्कार की भी चेतावनी दी है। साथ ही बैठक लंबित भुगतान के संबंध में लिखित आश्वासन देने की भी बात कही है। एचजीटीयू के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र



बोर्ड चेयरमैन के न आने पर नाराजगी जताई। अनंत ज्ञान

चौधरी ने बैठक उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि एचजीटीयू मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से मिलेंगे और उनसे मांग करेंगे कि शिक्षा बोर्ड का दायित्व किसी शिक्षाविद और ऐसे व्यक्ति को सौंपा जाए जो शिक्षा बोर्ड को अपना समय दे सके। वहीं, उन्होंने बोर्ड प्रबंधन को चेतावनी दी कि अगर दो मार्च तक उनका पिछली परीक्षाओं का लंबित पैसा नहीं दिया तो वह बोर्ड परीक्षाओं का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी बोर्ड प्रबंधन की होगी। गौरतलब है कि एचजीटीयू की राज्यस्तरीय बैठक शिक्षा बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में आयोजित की गई। इसमें प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने शिक्षकों से जुड़े शैक्षणिक, परीक्षात्मक तथा प्रशासनिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। एचजीटीयू के राज्य प्रेस सचिव डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड की ओर से डिप्टी सेक्रेटरी राजीव ठाकुर बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की सभी मांगों को गंभीरता से सुना तथा उनके समाधान के लिए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### एचजीटीयू ने उठाई मांगें

**बैठक** में संघ ने कक्षा 10वीं गणित विषय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तर्ज पर बेसिक एवं स्टैंडर्ड स्तर में विभाजित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अतिरिक्त जमा दो गणित विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ बढ़ाने अथवा अतिरिक्त उत्तर-पत्रों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने, मूल्यांकन केंद्रों पर चरणबद्ध अंकन योजना लागू करने तथा व्यावहारिक परीक्षाएं बाह्य परीक्षकों से कराने की मांग भी रखी गई।

# नशा तस्करी में संलिप्त महिला को 5 साल कारावास की सजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला एवं सत्र न्यायालय कांगड़ा स्थित धर्मशाला के विशेष न्यायाधीश वक्फ ट्रिब्यूनल जसवंत सिंह की अदालत ने नशा तस्करी में संलिप्त महिला पर सिद्ध होने पर 5 वर्ष कारावास सहित 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषी को 1 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। जानकारी के अनुसार, 4 मई 2019 को पुलिस थाना डमटाल की टीम द्वारा भदरोया टोल टैक्स बैरियर के समीप सड़क किनारे नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान भदरोया गांव की तरफ से स्कूटी पर सवार होकर एक महिला मेन सड़क की तरफ आ रही थी। पुलिस पार्टी को देखकर वे एकदम से अपनी स्कूटी को रोककर पीछे की तरफ मोड़ने लगी।



पुलिस द्वारा शक के आधार पर महिला को स्कूटी सहित काबू किया गया व उससे नाम व पता पूछने के बाद स्कूटी की डिक्की उसी से खुलवाकर चेक की गई, तो स्कूटी की डिक्की के अंदर से एक पॉलीजिप पारदर्शी लिफाफा बरामद हुआ। लिफाफे को खोलकर जांचा गया तो उसके अंदर से हल्के भूरे रंग व सफेद रंगा का पाउडरनुमा पदार्थ पाया गया। पुलिस द्वारा जब ड्रग डिटेक्शन किट से इस पदार्थ को जांचा गया तो यह पदार्थ चिट्टा पाया गया, जिसका वजन 6.51 ग्राम पाया गया। जिसके आधार पर पुलिस की ओर से पुलिस थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गहन छानबीन की गई। साथ ही उक्त चिट्टा की जांच राज्य फोरेंसिक लैब जुंगा शिमला में भी गई, जिसमें चिट्टा होने की पुष्टि पाई गई। न्यायालय की ओर से पुलिस थाना डमटाल में दर्ज मामले के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है। मामले की पैरवी जिला न्यायवादी संजीव राणा ने की है।

# सलयाणा छिंज मेला हमारी समृद्ध संस्कृति की विरासत : यादविंद्र

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष मंत्री यदविंद्र गोमा ने पंचरुखी में कहा कि सलयाणा छिंज मेला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वीरता का जीवंत प्रतीक है। पंचरुखी के बीडीओ सभागार में मेले को लेकर आयोजित बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने मेले कमेटी के पदाधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश जारी किए। कमेटी परंपराओं का ध्यान रखते हुए मेले से संबंधित सभी कार्यों को दक्षता के साथ पूर्ण करे। छिंज मेला 28 मार्च से लेकर 1 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम और कुश्ती आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन आगामी दिनों में आवश्यक कार्रवाई करेगा। मंत्री ने मेला कमेटी को निर्देश देते हुए कहा कि कलाकारों का चयन पारदर्शी होना चाहिए। मेले के लिए राजस्व से संबंधित प्रक्रिया को भी पारदर्शी तरीके से अंजाम दिया जाए। इसके साथ कानून व्यवस्था, पार्किंग आदि की व्यवस्था भी पुख्ता हो।

मंत्री ने कहा कि कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, महिलाओं की प्रतियोगिताएं उम्दा हों। विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों सहित अन्य कार्यक्रम भी उत्कृष्टता के साथ तैयार किए जाएं। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर भी विशेष बल दिया। साथ ही खिलाड़ियों की इनामी राशि में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान डीएसपी लोकेंद्र नेगी, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, बीडीओ मुनीष, अधिशाषि अभियंता हिप्रलोनिवि विजय वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा बोर्ड को मिशन क्लीन एग्जाम के लिए शिक्षकों पर पूरा भरोसा : डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान

◆ कहा- शिक्षकों की ईमानदारी और अनुशासन बोर्ड की सबसे बड़ी ताकत

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आगामी परीक्षाओं को लेकर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रदेश के शिक्षक समुदाय पर अपना अटूट विश्वास जताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी केवल कागजी नियमों पर नहीं, बल्कि शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा पर टिकी है। बोर्ड अध्यक्ष ने शिक्षकों को परीक्षा प्रणाली का विश्वसनीय संरक्षक बताते हुए उनकी भूमिका को सर्वोपरि करार दिया। डॉ. शर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों या नकल को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के शिक्षक बोर्ड के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हो। बोर्ड का मानना है कि शिक्षकों की पैनी नजर और सतर्कता ही परीक्षा व्यवस्था की पवित्रता को सुरक्षित रख सकती है। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, शिक्षक न केवल नियमों का पालन करवाएंगे, बल्कि विद्यार्थियों को भी नैतिक मूल्यों के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे न केवल छात्रों में आत्म-अनुशासन की भावना विकसित होगी, बल्कि समाज का परीक्षा प्रणाली पर भरोसा और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षकों के सहयोग से ही एक स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का सपना साकार हो सकता है।

**मजबूत होगी बोर्ड की साख:** डॉ. शर्मा ने दोहराया कि शिक्षकों की सकारात्मक भूमिका से न केवल परीक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि इससे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की साख भी नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी पूरी निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें ताकि प्रदेश में शिक्षा का स्तर और परीक्षा की गुणवत्ता मिसाल बन सके।

### गढ़ जमूला स्कूल में लगाई प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बच्चों ने विभिन्न विज्ञान के मॉडल, गणित के मॉडल साथ ही प्रोजेक्ट वर्क पर काम करके उनको प्रदर्शनी में शामिल करके विद्यार्थियों को दिखाया गया, ताकि वे वैज्ञानिक बनकर आने वाले समय में कोई नया अविष्कार करें और भारतवर्ष का नाम रोशन करें, बहुत सारे विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान पर काम करके उनके चार्ट, मॉडल व प्रोजेक्ट वर्क को प्रदर्शित किया। यह सारा कार्यक्रम उप प्रधानाचार्य अजय सिंह (प्रवक्ता रसायन विज्ञान) की अध्यक्षता में हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के प्रभारी विकास नाग की देखरेख में हुआ। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, शिवानी, हरवंश लाल, संजीव, रेणु, उषा गौतम, अनिल, रमन कश्यप, सविता, भारती अरोड़ा, विशाल, सतीश राणा, अनिल कुमार, संदीप गुलरिया, राजेश भारिया, अरुण वालिया, सन्नी परमार, विकास अवस्थी, शबनम निशा, चंचला आदि उपस्थित रहे।

### बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुमन शर्मा और डीन प्रो. आशीष नाग सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनिल कुमार शुक्ला ने पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट सहित बौद्धिक संपदा अधिकारों का महत्व समझाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और पीएचडी चैंबर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को प्रशिक्षण और उद्योग-संबंधी अवसर प्राप्त होंगे।

# उपभोक्ताओं से 4 करोड़ रुपए फ्रॉड कॉल के माध्यम से लूटे गए : अनिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) की प्रचलित संचार-साथी ऐप के माध्यम से किसी भी मोबाइल उपभोक्ता के गुम हुए या चोरी हुए मोबाइल फोन का पता आसानी से लगाया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता मामले को भारत सरकार (दूरसंचार विभाग) की संचार-साथी ऐप में रिपोर्ट करें। यह जानकारी दूरसंचार विभाग के अवर महानिदेशक (दूरसंचार)/सलाहकार, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र, अनिल ककुमार गुप्ता ने भवारना ब्लॉक की मालनू एवं मलाहू पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भेंट के दौरान दी।



अनिल गुप्ता भवारना ब्लॉक में बीएसएनएल भारतनेट प्रोजेक्ट की समीक्षा हेतु दौरे पर थे। उन्होंने बताया कि आजकल मोबाइल फोन के माध्यम से धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और संचार-साथी ऐप एक सुरक्षा कवच के रूप में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में इस ऐप के माध्यम से लगभग 8 लाख चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। चोरी के लगभग 44 लाख मामलों में 27 लाख मामलों में अलर्ट प्राप्त हुए और इनमें से 8 लाख फोन उपभोक्ताओं को वापस कर दिए गए।

उन्होंने बताया कि जैसे ही चोरी हुए मोबाइल में सिम डाला जाता है, उसी समय पुलिस को भी सूचना प्रेषित हो जाती है। उपभोक्ता संचार-साथी ऐप से यह भी जान सकते हैं कि उनके नाम से कितने मोबाइल फोन सक्रिय हैं और नया खरीदा गया फोन असली है या प्रयोग किया हुआ। इसके अतिरिक्त ऐप के चक्षु पोर्ट के माध्यम से फ्रॉड कॉल की रिपोर्ट भी की जा सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि फ्रॉड कॉल के जरिए अब तक लगभग 4 करोड़ रुपए लुटे जा चुके हैं। आजकल अवैध कॉल भी विदेश से लोकल नंबर के माध्यम से आती हैं, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान होता है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे ऐप का उपयोग कर मोबाइल सुरक्षा सुनिश्चित करें और धोखाधड़ी से बचाव करें।

# योल में व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह 28

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 28 फरवरी को योल बाजार में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि मोहित रतन एसडीएम धर्मशाला होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयोजकों के अनुसार समारोह में एक्साइज एवं जीएसटी विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, फूड सेफ्टी विभाग, नापतोल विभाग, कर्मचारी विभाग तथा स्थानीय पुलिस चौकी के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त योल बाजार के समस्त व्यापारी वर्ग की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जा रही है। समारोह में हाल ही में निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

शपथ दिलाने की औपचारिकता योल व्यापार मंडल के भूतपूर्व प्रधान इंद्र सेठी द्वारा निभाई जाएगी, जो लगातार 17 वर्षों तक प्रधान पद पर रहे हैं। उनके साथ मंडल के पूर्व पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल औपचारिक शपथ ग्रहण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यापारियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति से व्यापारियों को अपनी समस्याएं सीधे तौर पर रखने का अवसर भी मिलेगा। समारोह को गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से आयोजित करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजकों ने सभी व्यापारियों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

# भ्रूण जांच को रोकने के लिए जनभागीदारी जरूरी : सीएमओ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भ्रूण की लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या कुी कुप्रथाओं पर प्रभावी रोक केवल कानून के बल पर संभव नहीं है। इकसे लिए समाज की जागरूक और सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। सीएमओ कार्यालय धर्मशाला में वीरवार को आयोजित गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 के तहत गठित जिला एडवाइजरी कमेटी व जिला एप्रोप्रियेट अथॉरिटी की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल ने यह बात कही।

डॉ. विवेक करोल ने बताया कि जिले में अल्ट्रासाउंड के कुल 97 संस्थान पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि बीती तिमाही के दौरान इनके 127 निरीक्षण किए गए, 4 पंजीकरण नवीनीकरण किए गए। इसके अतिरिक्त जन जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य उद्देश्य से 323 सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां संचालित की गईं। उन्होंने कहा कि भ्रूण की लिंग जांच और भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सरकार, स्वास्थ्य विभाग और कानून तो अपना काम कर ही रहे हैं लेकिन साथ ही साथ समाज के सहयोग की सर्वाधिक आवश्यकता है। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. करोल ने कहा कि पूरे जिले में अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। भ्रुण की लिंग जांच को रोकने के लिए इस अधिनियम के तहत सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को कार्य करना आवश्यक है तथा किसी भी प्रकार की कोताही बरते जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के बाद किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# नूरपुर पुलिस ने छापेमारी कर 42.64 ग्राम हेरोइन की बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपने अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जिला पुलिस की एसआईयू टीम और थाना डमटाल के संयुक्त दल को गुप्त सूचना मिली कि कुलदीप कुमार, पुत्र गोशा, निवासी गांव संगेहड़, इंदौरा, अपने घर से नशीले पदार्थों की बिक्री का अवैध नेटवर्क चला रहा है। पुलिस टीम कंडवाल, लोधवां, डमटाल और छन्नी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और संदिग्धों की निगरानी कर रही थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के आवास पर दबिश दी। तलाशी के दौरान 42.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशीली खेप कहां से आई और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। नूरपुर पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत नशा तस्करी के खिलाफ कड़ा अभियान चला रही है और जनता से अपील करती है कि समाज को इस जहर से बचाने में पुलिस का सहयोग करें।

**प्रतियोगिता** बीड़-बिलिंग में आए देश-विदेश के साइकिलिस्टों में दिखा उत्साह

# एशिया माउंटेन बाइक सीरीज का आगाज

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बीड़-बिलिंग में वीरवार को एशिया माउंटेन बाइक सीरीज का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता की ओपनिंग सेरेमनी में देश-विदेश से आए साइकिलिस्टों, आयोजकों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने औपचारिक रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने साइकिलिस्टों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत सहित आठ देशों के साइकिलिस्ट भाग ले रहे हैं, जो आगामी दिनों में क्रॉस कंट्री शॉर्ट सर्किट, क्रॉस कंट्री ओलंपिक और क्रॉस कंट्री एलिमिनेटर जैसी स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

ओपनिंग सेरेमनी के दौरान सुरक्षा, ट्रैक व्यवस्था और खिलाड़ियों की सुविधाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।




बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसो. के अध्यक्ष अनुराग ने दिखाई हरी झंडी। अनंत ज्ञान

### 7 किमी की दौड़ में भारत के नोरबू टी शिवांग प्रथम

**बीड़-**बिलिंग में एशियन माउंटेन साइक्लिंग सीरीज इंडिया प्रतियोगिता के पहले दिन 7 किलोमीटर की लंबी दौड़ में भारत के नोरबू टी शिवांग 32 मिनट सात सेकंड लेकर पहले स्थान पर रहे, जबकि इंडोनेशिया के फनानी जेनियल 32 मिनट 47 सेकंड लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही घारती खुशिमान 33 मिनट और 5 सेकंड लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निदेशक नमन विज ने बताया कि 15 किलोमीटर की प्रतियोगिता में मलेशिया के नूर हामी अमर दानिश एक घंटा दो मिनट और 33 सेकंड लेकर पहले स्थान पर भारत के संतोष प्रणेश एक घंटा 5 मिनट लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही रुथान अश्विन एक घंटा 6 मिनट और 33 सेकंड लेकर तीसरे स्थान पर रहे । प्रतियोगिता की तीसरी कैटेगरी में नोरबू टी सेवांग पहले स्थान पर घारती खुशिमान दूसरे स्थान पर और यूदोयोनो फेरी इंडोनेशिया की तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में मलेशिया के नूर हेमी अमर दानिश और फिलिपींस के थर्टी मन आई 10 अंक लेकर पहले स्थान पर, संतोष प्रणेश भारत और आचमत ढाणी नौ अंक लेकर दूसरे स्थान पर और भारत के ही रूठना अश्विन 8 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

# राज्यस्तरीय कुश्ती स्पर्धा में प्रताप वर्ल्ड स्कूल के रुद्र प्रताप ने जीता रजत, राष्ट्रीय टीम में चयन

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में रुद्र प्रताप सिंह ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। प्रताप वर्ल्ड स्कूल के होनहार छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम कर विद्यालय, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा जिला बिलासपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप सिंह ने 52 किलोग्राम भार वर्ग (मुक्त शैली) में दमदार मुकाबले खेलते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



रुद्र ने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। अनंत ज्ञान

22 फरवरी 2026 को कंद्रौर, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन रुद्र ने अपनी तकनीकी दक्षता, तेजी, संतुलन और अद्भुत आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। अंडर-15 मुक्त शैली मुकाबलों में रुद्र का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली रहा। रुद्र का चयन हिमाचल प्रदेश अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती में हुआ है। अब रुद्र प्रताप सिंह तमिलनाडु में आयोजित होने वाली अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि रुद्र की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और उन्हें विश्वास है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। प्रबंध निदेशक डॉ. रिचा महाजन ने अपने संदेश में कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है और रुद्र की यह उपलब्धि विद्यालय की सशक्त खेल संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन, प्रशिक्षकों, स्टाफ एवं अभिभावकों ने रुद्र को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी विवि में युवा उत्सव छह मार्च से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का युवा उत्सव-2026 छह से आठ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। तकनीकी विवि के युवा उत्सव की मेजबानी इस बार हिमाचल इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (एचआईईटी) शाहपुर करेगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि युवा उत्सव में समूह लोक नृत्य, ग्रुप डांस फ्री स्टाइल, देशभक्ति थीम पर आधारित समूह नृत्य, एकल नृत्य आदि गतिविधियां रहेंगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक ने कहा कि तकनीकी विवि से संबंधित सभी शिक्षण संस्थानों को पहली मार्च तक मेजबान संस्थान को सूचित करने का आग्रह किया है।

### कंज्याण कॉलेज में 48 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसाइटी ने वीरवार को राजकीय डिग्री कॉलेज कंज्याण में रक्तदान शिविर आयोजित किया। कॉलेज के रेड रिबन क्लब, एनसीसी इकाई और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगे इस शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसडीएम एवं रेडक्रॉस अध्यक्ष शशि पाल शर्मा ने शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है और इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान का आह्वान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी की मूर्ति का अनावरण आज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह शुक्रवार प्रातः 10 बजे सिद्धू चौक पर स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू राम चैधरी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अनावरण समारोह न केवल हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रेरणा भी देगा।

### 3 मार्च तक बंद रहेंगी ऑनलाइन विद्युत सेवाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड 27 फरवरी से 3 मार्च तक अपने सॉफ्टवेयर सिस्टम को अपग्रेड करवा रही है, इसलिए उक्त अवधि के दौरान बिजली बिलों का ऑनलाइन भुगतान, उपभोक्ता पोर्टल व मोबाइल ऐप सेवाएं, बिलिंग, कलेक्शन एवं शिकायत निवारण (सीआरएम) की सेवाएं बंद रहेंगी। सहायक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए सॉफ्टवेयर सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है। बिजली की आपूर्ति से इसका कोई संबंध नहीं है, इसलिए उक्त अवधि के दौरान बिजली की आपूर्ति सुचारु रहेगी।

### वन विभाग बिझड़ी की गाड़ी में लगी आग, हादसा टला

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सलोनी के पास लगते पंजारड़ गांव में वन विभाग बिझड़ी की गाड़ी अचानक आग लग गई। वन विभाग की टीम रूटीन चेकिंग के लिए कठियाणा की तरफ जा रही थी। वन खंड अधिकारी विनोद राणा (बिझड़ी), वनरक्षक कपिल देव, वन मित्र रजत रात को रूटीन चेकिंग करते जब वहां से गुजर रहे थे तो गाड़ी में आग लग गई, जिससे देखकर गाड़ी रोक दी। वन विभाग की टीम ने लोगों की मदद से पानी व रेत की सहायता से आग पर काबू पाया। वन विभाग टीम के इस कार्य के लिए स्थानीय लोगों का आभार प्रकट किया। वन खंड अधिकारी बिझड़ी व उनकी टीम को मुख्यमंत्री से सम्मानित करने की मांग की है।

### भोरंज में आंगनबाड़ी सहायिका की चयन प्रक्रिया रद्द

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भोरंज-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के खाली पद को भरने के लिए 26 फरवरी को निर्धारित चयन की प्रक्रिया को चयन समिति द्वारा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में आगामी प्रक्रिया के बारे बाद में सूचित कर दिया जाएगा।

### सीटू जिला कमेटी 17 को करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी की बैठक हमीरपुर में कामरेड संजय चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा सरकार द्वारा बिजली निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने की निंदा की गई। पार्टी ने 17 मार्च को सुजानपुर में विरोध प्रदर्शन और 24 मार्च को दिल्ली में बिजली निजीकरण, स्मार्ट मीटर और मनरेगा बहाली के समर्थन में विराट रैली आयोजित करने का निर्णय लिया।

### दो कार सवारों से 39 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस थाना के तहत भरमोटरी हरमंदिर संपर्क मार्ग पर प्राथमिक स्कूल के निकट गश्त के दौरान पुलिस ने एक कार चालक से 39 ग्राम चरस पकड़ने में सफलता हासिल की है। जब पुलिस टीम गश्त पर थी तो ऑक्सीजन प्लांट के पास कॉलेज की ओर जा रही एक कार नंबर एचपी 55 ए 9021 को रोका तो कार में बैठे दोनों युवक घबरा गए। जब पुलिस ने कार की तालाशी ली तो डैश बोर्ड में रखा एक पैकेट मिला। पैकेट में रखी 39 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपियों विक्रम कुमार निवासी गांव मतियाल तथा राकेश कुमार निवासी गांव कोटला से चरस बरामद की है। एसएचओ नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करके आगामी छानबीन आरंभ कर दी गई है।

### बिझड़ी ब्लॉक की 66 मेधावी छात्राएं सम्मानित



**एसके ठाकुर, बड़सर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से राजा भरथरी मंदिर घरयाणी (जमली) में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी बिझड़ी ने 66 मेधावी बेटियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने छात्राओं को प्रमाणपत्र और मोमेंटो भेंट किए और नशे के खिलाफ महिलाओं से सहयोग की अपील की। एसएचओ बड़सर ने कानूनी अधिकार, भ्रूण हत्या रोकथाम और बाल विवाह से संबंधित जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नाटक और गिद्दा प्रस्तुत कर संदेश फैलाया। इस अवसर पर तीन-तीन मेधावी छात्राओं का विशेष सम्मान किया गया।

# यूजीसी के विरोध में सात मार्च को गांधी चौक में होगा प्रदर्शन

### सामान्य वर्ग संयुक्त मंच के जिला अध्यक्ष राकेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया फैसला

अनंत ज्ञान



बैठक को संबोधित करते हुए मंच के नेता और अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला परिषद के कॉन्फ्रेंस हाल में यूजीसी के मामले को लेकर वीरवार को हमीरपुर जिला के सामान्य वर्ग संयुक्त मंच के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें यूजीसी के विरोध में 7 मार्च को हमीरपुर के गांधी चौक पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

विरोध प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूजीसी की गाइडलाइंस को रद्द करने के लिए ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में सभी वर्गों के प्रतिनिधियों में भारी संख्या में हिस्सा लिया, जिसमें ब्राह्मण सभा, खत्री सभा और राजपूत महासभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राजपूत महासभा से जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वित्त सचिव रवींद्र सकलानी, ज्वॉइंट सेक्रेटरी विनोद डडवाल, राजपूत महासभा के युवा बैंक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय राणावत, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुदेश गढ़वाल, महेंद्र सिंह, ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष चेतन लखनपाल, ब्राह्मण सभा के युवा दिन के अध्यक्ष संजीव शर्मा, सामान्य भारत संयुक्त मंच के महासचिव अनिल सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तिलक शर्मा, स्वर्ण संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव पटेल, सुनील ठाकुर, राजीव ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक केंद्र सरकार यूजीसी के इस कार्यक्रम को रद्द नहीं करती है, तब तक सामान्य वर्ग का विरोध करता रहेगा और और यह संघर्ष सामान्य वर्ग का लगातार जारी रहेगा।

# महिला ने वृद्ध आश्रम के प्रधान पर जड़े अश्लील हरकतें करने के गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** शहर के वृद्ध आश्रम में खाने बनाने का कार्य करने वाली महिला ने आश्रम के प्रधान पर अश्लील हरकतें करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने डीसी से भी शिकायत की है, जिसमें उसने आश्रम में अश्लील हरकतें करने को सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की मांग है। महिला का कहना है कि 22 फरवरी को डीसी हमीरपुर और महिला थाना में अश्लील हरकतें करने की शिकायत दी थी और उसके बाद 23 फरवरी को मुझे महिला पुलिस थाना में बुलाया, लेकिन महिला पुलिस अधिकारी ने डराया धमकाया और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही।

महिला पुलिस थाना में मेरे आधे अधूरे बयान लिए गए हैं, जिस पर मेरे हस्ताक्षर भी करवा लिए। इन बयानों में अश्लील हरकतें करने का कोई जिक्र नहीं है। इसके अलावा महिला पुलिस अधिकारी ने कहा कि दो माह की सीसीटीवी फुटेज नहीं देख सकते, जिस तारीख को घटना है, उसकी फुटेज निकालकर देख सकते हैं। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस आश्रम के प्रधान को बचाने का प्रयास कर रही है और महिला पुलिस थाना हमीरपुर में मेरे उपर शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने उपायुक्त से 25 फरवरी को फिर से शिकायत की है कि दोनों शिकायतों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। वृद्ध आश्रम के प्रधान ने बताया कि बिना किसी सरकारी सहायता से वृद्ध आश्रम चला रहा हूं और महिला के आरोप निराधार हैं। महिला के आचरण की वजह से उसे 14 फरवरी को आश्रम से निकाल दिया था। महिला आश्रम में रहने वाले वृद्ध के साथ कमरे में जाती थी, जिसकी कई बार उन्हें शिकायत भी मिली और महिला को इसे सुधारने को कहा, लेकिन उसने मुझ पर ही झूठे आरोप लगाने शुरू कर दिए। आश्रम में रहने वाले वृद्ध को आश्रम छोड़ने का नोटिस दिया था, जिसके तहत उसने आश्रम छोड़ दिया और वह जंगलबेरी में रह रहा है। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को पुलिस थाना में महिला स्टाफ व ड्राइवर के बयान दर्ज किए हैं। हालांकि, पुलिस थाना में महिला की शिकायत पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर कानूनी रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिला शिकायत दर्ज की जाएगी।

# विधायक सुरेश ने किया सम्मू ताल सौंदर्यीकरण कार्य का औचक निरीक्षण



निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक सुरेश कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने ऐतिहासिक सम्मू ताल के निर्माणाधीन सौंदर्यीकरण कार्यों का मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा निर्धारित मानकों की बारीकी से समीक्षा की गई।

विधायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए। विधायक ने कहा कि उनका लक्ष्य सम्मू ताल को एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि यह क्षेत्र की पहचान बन सके। परियोजना के तहत तालाब परिसर में पैदल मार्ग, बैठने की व्यवस्था, हरित क्षेत्र का विकास, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर चंदन जैलदार, रमेश डोगरा, विजय डोगरा सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमियों को दी वित्त पोषण और नेटवर्किंग की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उद्योग विभाग और जिला उद्योग केंद्र हमीरपुर ने वीरवार को रंगस में महिला उद्यमियों के लिए वित्त पोषण एवं नेटवर्किंग बैठक तथा उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। निटकॉन लिमिटेड के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर की लगभग 64 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र की प्रबंधक रीता देवी ने की। इसका मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान करना, विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत करवाना तथा उन्हें उपयुक्त बाजार एवं विपणन प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना था। यह कार्यक्रम उद्योग विभाग की रैम्प परियोजना के घटक 'सामाजिक समावेशन' के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी अनुदान एवं प्रोत्साहन योजनाओं, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण तथा डिजिटल एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रियाओं से संबंधित विस्तृत, व्यवहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। सफल महिला उद्यमी अनीता देवी और रीना चंदेल ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में रैंप परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक अश्विनी कुमार, प्रबंधक नवीन कुमार, सीनियर एग्जीक्यूटिव प्रिया, एग्जीक्यूटिव राघव सिंह राणा, उद्योग विभाग के ईओ नादौन मंदीप कुमार, ईओ हमीरपुर निकिता सोनी, ईओ सुजानपुर सुमन कुमार, अजय व अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल लेन देन सावधानी से करें किसी से ओटीपी शेयर न करें: सुनील




बड़गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** कांगड़ा सहकारी समिति बैंक बिझड़ी के सौजन्य से बड़गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कांगड़ा सहकारी समिति बैंक बिझड़ी के शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल डिजिटल का दौर शुरू हो गया है, इसलिए कोई भी लेन देन बड़ी सावधानी से करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अनचाहे व्यक्ति का फोन पर ओटीपी का मैसेज या फिर कॉल आती है, उसे अटेंड न करें और कभी भी अपना ओटीपी शेयर न करें, ताकि बैंक फ्रॉड से बचा जा सके। शाखा प्रबंधक ने लोगों को विभिन्न बैंकिंग की नई नई योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, गृह ऋण, वाहन ऋण, मुद्रा ऋण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अगर कोई आपको बैंक अधिकारी, पुलिस अधिकारी बनकर फोन करता है तो इसकी जानकारी एकदम संबंधित बैंक को दें, ताकि बैंक खातों में होने वाले फ्रॉड से बचा जा सके।

कार्यक्रम में सुभाष चंद्र ने भी लोगों को संबोधित करते हुए बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्र की लगभग 50 के करीब पुरुष और महिला बैंक उपभोक्ताओं ने वित्तीय साक्षरता शिविर में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# बच्चों को दें बुजुर्गों के सम्मान एवं सेवा के संस्कार: एसडीएम



जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के साथ इंटर-जनरेशनल संबंधों को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न समस्याओं के बारे में सीधा संवाद करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वीरवार को जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन हॉल में एक संगोष्ठी आयोजित की। इसमें शहर के वरिष्ठ नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम संजीत सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने और उनकी सही देखभाल करने के संस्कार बचपन से ही दिए जाने चाहिए। तभी हमारे परिवार और समाज में इंटर-जनरेशनल संबंध सुदृढ़ होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नागरिकों के पास जीवन का बहुत लंबा अनुभव होता है, जिससे परिवार की दूसरी और तीसरी पीढ़ी काफी कुछ सीख सकती है, इसलिए बुजुर्गों के साथ प्रतिदिन कुछ न कुछ समय अवश्य बिताना चाहिए। एएसपी राजेश कुमार ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा युवाओं का स्वागत किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न शारीरिक समस्याओं तथा इनके निदान के बारे में बताया। कई सेवानिवृत्त अधिकारियों, अन्य वरिष्ठ नागरिकों और आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों ने भी विचार रखे।

# राजेश वन्याल बने आईएमसी चेयरमैन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की वणी पंचायत से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता राजेश वन्याल आईएमसी के चेयरमैन नियुक्त किए हैं। आईएमसी का दायित्व मिलने पर वन्याल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र व तकनीकी शिक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह किया जाएगा। वन्याल ने कहा कि आईटीआई शिक्षा स्तर आधार मूल ढांचे को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राजेश वन्याल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र में उनके योगदान हमेशा हमेशा के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने पीपीपी मोड के तहत वर्ष 2009 में 2.5 करोड राशि आईटीआई के उत्थान के लिए स्पेशल फंड जारी किया था। वन्याल वर्तमान में हिमुंडा के डायरेक्टर के पद पर कार्यरत है। क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा वन्याल एक्टिव रहते हैं।



◆ सीएम सुक्खू व तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी का जताया आभार

# अपराधियों को संरक्षण देकर सीएम ने उड़ाई कानून की धज्जियां: राणा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि देवभूमि हिमाचल में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है और स्वयं मुख्यमंत्री कानून की मर्यादाओं को तार-तार कर रहे हैं। राणा ने नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई समिट के दौरान कथित उपद्रव की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जिन आरोपियों ने देश की साख पर आघात पहुंचाया, उन्हें हिमाचल में पनाह मिलना और उनकी गिरफ्तारी के लिए आई दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में अड़ंगा लगाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि यह प्रकरण प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में उपद्रव के आरोपियों को बचाने के लिए जिस प्रकार प्रदेश सरकार सक्रिय नजर आई, उससे स्पष्ट है कि सत्ता खुद को कानून से ऊपर समझने लगी है। राणा ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस को रोकना, उनसे बहस करना और उल्टा उन्हीं पर एफआईआर दर्ज करना दर्शाता है कि सरकार अपराधियों के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके बचाव में खड़ी है। उन्होंने कहा कि अदालत से ट्रांजिट रिमांड मिलना इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली पुलिस की कार्रवाई विधिसम्मत थी, जबकि प्रदेश सरकार का रवैया राजनीतिक दबाव से प्रेरित प्रतीत होता है। राजेंद्र राणा ने कहा कि देवभूमि की छवि को सबसे अधिक नुकसान यदि किसी ने पहुंचाया है तो वह स्वयं मुख्यमंत्री का रवैया है। राणा ने कहा कि हिमाचल की जनता कानून का सम्मान करने वाली है और यहां अपराधियों को संरक्षण देने की राजनीति को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति के हाथ में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी हो, वही यदि कानून तोड़ने वालों का संरक्षक बन जाए तो यह सुशासन नहीं, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग है।

**सराहनीय** बैरी ब्राहम्णा गांव की रिटायर्ड टीचर ने प्राकृतिक खेती से खींचा सबका ध्यान

# शीला ने प्राकृतिक खेती से उगाया कई क्विंटल आलू

अनंत ज्ञान



प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को कर रही प्रोत्साहित। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप कई किसान रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर अपने खेतों में केवल गोबर या घर में ही तैयार की जाने वाली सामग्री का उपयोग कर न केवल अपने लिए सुरक्षित खाद्यान्न पैदा कर रहे हैं, बल्कि अपनी आय में भी अच्छी-खासी वृद्धि कर रहे हैं।

भोरंज उपमंडल की भुक्कड़ पंचायत के बैरी ब्राहम्णा गांव की रिटायर्ड टीचर शीला देवी और उनके परिजनों ने कुछ ऐसा ही करके दिखाया है। शीला देवी का परिवार पारंपरिक रूप से गेहूं, मक्की और धान की खेती ही कर रहा था। इससे उन्हें बहुत कम पैदावार हो रही थी।

रासायनिक खाद के प्रयोग से उनका खर्चा भी ज्यादा हो रहा था। इसको देखते हुए शीला देवी ने प्राकृतिक विधि से आलू की खेती करने का निर्णय लिया। पहली बार उन्होंने 5 किलोग्राम आलू बीजा। उन्होंने केवल गोबर की खाद का इस्तेमाल किया और इससे उन्हें लगभग साढ़े चार क्विंटल पैदावार हुई। इससे उत्साहित होकर शीला देवी ने बड़े पैमाने पर आलू की खेती करने का निर्णय लिया और इसके लिए कुछ श्रमिक भी काम पर रख लिए। पिछले सीजन में ही उन्हें एक लगभग एक बीघा जमीन से ही कई क्विंटल आलू की पैदावार हुई। शीला देवी ने बताया कि उन्होंने अपने खेतों में किसी भी तरह की रासायनिक खाद या कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया तथा सिंचाई की सुविधा के बगैर ही अच्छी पैदावार हासिल की। शीला देवी का कहना है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है जोकि बहुत ही सराहनीय है। इस खेती के माध्यम से जहां हमें सुरक्षित खाद्यान्न मिलते हैं, वहीं खेती पर ज्यादा खर्चा भी नहीं होता है। इस तरह की खेती में किसान का फायदा ही फायदा है। उन्होंने बताया कि पहले उनके इलाके में आलू की खेती नहीं होती थी, लेकिन उनके परिवार की कामयाबी को देखते हुए गांव के अन्य किसान भी इस तरह की खेती के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की, गेहूं और हल्दी के लिए प्रदेश सरकार ने अलग से उच्च दाम निर्धारित किए हैं। प्रदेश सरकार इस विधि से उगाई गई मक्की को 40 रुपए प्रति किलोग्राम, गेहूं को 60 रुपए और कच्ची हल्दी को 90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही है।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में बाल आश्रम के बच्चों, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों और आईटीआई के प्रशिक्षुओं ने सहभागिता की। उन्होंने बच्चों और उपस्थित जनों को नशे के दुष्प्रभाव, मादक पदार्थों के अवैध प्रवाह और दुरुपयोग के प्रति जागरूक किया तथा जिला हमीरपुर द्वारा चलाए जा रहे 'ड्रग फ्री एनवायरनमेंट' अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस कार्यप्रणाली, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, यातायात नियमों का पालन, महिला सुरक्षा और महिला हेल्पलाइन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को 112 आपातकालीन ऐप और ड्रग फ्री हिमाचल ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया।

### सुक्खू सरकार विफल, दिशाहीन और जनविरोधी साबित: विधायक इंद्रदत्त

# हिमकेयर और स्मार्ट मीटर मुद्दे पर सरकार को घेरा



बधाण व पाहलु बूथों का दौरा कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'अपना बूथ सबसे मजबूत बूथ' सृजन अभियान के तहत इंद्रदत्त लखनपाल ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र पाहलु अंतर्गत बधाण व पाहलु बूथों का दौरा कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

उन्होंने बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि बूथ संगठन की रीढ़ है और मजबूत बूथ के बिना न संगठन सशक्त हो सकता है और न जनआंदोलन सफल। विधायक ने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र व राज्य की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' धरातल पर साकार हो रहा है। आपदा के बाद 45 प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत किए गए हैं तथा सड़कों के सुधार के लिए 14 करोड़ रुपए की राशि जारी हुई है। सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए लखनपाल ने विकास कार्यों में भेदभाव, विधायक निधि लंबित रखने और मूलभूत सुविधाओं की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विफल, दिशाहीन और जनविरोधी साबित हुई है। उन्होंने हिमकेयर के प्रभावी क्रियान्वयन व स्मार्ट मीटर मुद्दे पर सरकार को घेरा और जनआंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, मंडल महामंत्री अश्वनी बन्याल एवं दिनेश व्यास, मंडल उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य राजेश, ग्राम केंद्र प्रभारी मलकीत सिंह, बूथ अध्यक्ष बधाण सत्यपाल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चुवाड़ी में इलेक्ट्रिक बस का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** चुवाड़ी बस स्टैंड पर वीरवार को इलेक्ट्रिक बस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। धर्मशाला मंडल के डीएम पंकज चड्ढा की अगुवाई में बस को कुड्डी-होबार रूट के लिए रवाना किया गया। इलेक्ट्रा कंपनी द्वारा निर्मित इस इलेक्ट्रिक बस की खासियत यह है कि यह पूरी तरह प्रदूषण मुक्त है। बस में सीसीटीवी कैमरे, ध्वनि रहित संचालन व आरामदायक सीटिंग व्यवस्था उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को बिना किसी घबराहट के सुगम सफर का अनुभव मिलेगा। बस में 30 यात्रियों के बैठने की क्षमता निर्धारित की गई है। डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में यह पहली इलेक्ट्रिक बस है, जिसका विभिन्न स्थानों पर ट्रायल किया जा रहा है। वीरवार को चुवाड़ी बस स्टैंड पर भी इसका ट्रायल सफल रहा। बस को चुवाड़ी-कुड्डी-होबार रूट पर चलाया गया, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### चुराह वनमंडल में वन मित्र पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह वनमंडल के खैरना बीट में ड्यूटी पर तैनात वन मित्र ओम प्रकाश (25) पर दिनदहाड़े हुए जानलेवा हमले से वन विभाग में आक्रोश व्याप्त है। चंबा वन मंडल के वन अराजपत्रित कर्मचारी संघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया है व आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन मित्र ओम प्रकाश अपने नियमित कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने उन पर डंडों से हमला कर दिया व जान से मारने की धमकी दी। ड्यूटी पर तैनात वर्दीधारी कर्मचारी पर इस प्रकार का हमला पूरे विभाग के मनोबल पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ड्यूटी कर रहे कर्मचारी के साथ हिंसा को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ ने घोषणा की है कि वह वन मित्र ओम प्रकाश के साथ हर कदम पर खड़ा है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए कानूनी एवं प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान करेगा। घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर संघ ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी कर्मचारी पर हाथ उठाने की जुर्रत न कर सके। संघ ने उच्चाधिकारियों से यह भी मांग की है कि संवेदनशील व दुर्गम क्षेत्रों में गश्त के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। पदाधिकारियों ने कहा कि वन मित्र विभाग की रीढ़ हैं, जो कठिन परिस्थितियों में वनों की रक्षा करते हैं। यदि रक्षक ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो वनों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी?

### पैरासर्जिकल सेवाओं को मजबूत बनाने पर जोर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** आयुष विभाग द्वारा जिला चंबा स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल, बालू में पंचकर्म एवं पैरासर्जिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पंचकर्म और पैरासर्जिकल सेवाओं को अधिक सुदृढ़, प्रभावी और जनोन्मुख बनाना रहा। प्रशिक्षण के अंतर्गत जिला चंबा के विभिन्न उपमंडलों से आए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पंचकर्म एवं पैरासर्जिकल चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उपचार विधियों की बारीकियों से अवगत कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिलीप शर्मा रहे, जबकि संचालन डॉ. कुलविंदर संधू ने किया। प्रशिक्षण सत्रों में डॉ. दीपिका ठाकुर (एमएस प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. कुलविंदर संधू (एमडी बाल रोग) तथा डॉ. कृतिका ठाकुर (एमडी पंचकर्म) ने वीडियो माध्यम से विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रतिभागियों को पंचकर्म चिकित्सा की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि, उपयोगिता और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा शरीर की शुद्धि, रोगों की रोकथाम तथा समग्र स्वास्थ्य संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही अग्निकर्म और शलाका कर्म जैसी पैरासर्जिकल उपचार विधियों की सैद्धांतिक जानकारी देकर प्रतिभागियों को इन प्रक्रियाओं की उपयोगिता से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नीलम कुमारी, बीना देवी, रविंद्र कुमार, सुभाष कुमार, जगदीश चंद, रतन चंद, फकीरचंद, प्रकाश चंद, सुरेश चंद एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# चंबा-राडी रूट पर बस के थमे पहिये, यात्री हुए परेशान

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की चंबा राडी रूट पर चलने वाली बस जो बुधवार शाम सवारियों को लेकर 7:30 बजे राडी बस अड्डे पर पहुंची, लेकिन वीरवार सुबह 8:10 बजे जब चंबा के लिए प्रस्थान करना चाहा, तो बस में अचानक आई तकनीकी खराबी के चलते फिर से एक बार यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

वहीं, स्थानीय लोगों कृष्णा, रीना देवी, मनीषा, गुतला, सपना, चंपा, लक्ष्मी, गोपाल, उदित कुमार, निक्कू ठाकुर, पवन कुमार, रविंदर ठाकुर, विक्की ठाकुर, आत्माराम भारद्वाज, दीपक, रवि कुमार, शरन दास, दलजीत मिन्हास, तिलक भारद्वाज, लाल देई, पिंकी, चमना देवी, सुमित्रा आदि बहुत से लोगों का कहना है कि हर दिन राडी बस अड्डे पर शाम को बस बिलकुल सही स्थिति में सवारियों को लेकर राडी बस स्टैंड पर पहुंचती है, लेकिन फिर अगली सुबह ऐसा क्या हो जाता है की बस कई बार स्टार्ट ही नहीं होती है, रात में ऐसा क्या होता है जिस कारण अगली सुबह बस स्टैंड पर खड़ी बस में सुबह तकनीकी खराबी आ जाती है। लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि हर दूसरे दिन हमें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस अड्डे पर खड़ी बस में ऐसा क्या होता है यह अपने आप में जांच का विषय है। वहीं, लोगों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से 2 वर्षों के बाद यह बस रूट बहाल हुआ है, जिससे लोगों में एक आस जगी है, लेकिन हर बार बस अड्डे पर ही सुबह बस का खराब हो जाना जिससे कहीं ना कहीं लोगों की परेशानी जरूर बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि चालक व परिचालक द्वारा राडी बस अड्डे पर खड़ी बस की सभी लाइटें जला दी जाती हैं, जो आधी रात तक जगमगाती रहती हैं जिस कारण सुबह बस स्टार्ट होने में परेशानी पेश आती है। लोगों का कहना है कि जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है। बस के अंदर की सभी लाइटें जगमगाने की ताजा घटना बुधवार देर रात तक स्थानीय लोगों द्वारा देखी गई है। हर दूसरे दिन बस का अचानक खराब हो जाना जिससे राडी बस को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है लोगों ने चालक परिचालक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए मामले को गंभीरता से जांच उठाने की मांग की है, ताकि हर दूसरे दिन लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### 6000 एमएल शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वीरवार को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत किया गया, जिस पर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियोग संख्या 08/26 अधीनधारा 39(1) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना भरमौर में मामला दर्ज किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भरमौर क्षेत्र में छापेमारी की, जहां विक्रमजीत सिंह निवासी भरमौर की दुकान से 6000 एमएल/सीएल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब के संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके चलते मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। मामले में संलिप्त व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है तथा शराब के स्रोत और आपूर्ति शृंखला की भी गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नागरिक अस्पताल किहार में डॉक्टरों की कमी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



नागरिक अस्पताल किहार में डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी को लेकर स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नागरिक अस्पताल किहार में डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी को लेकर स्थानीय लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

क्षेत्र के ग्रामीण अस्पताल परिसर में एकत्र हुए व स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताई। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर व स्टाफ तैनात नहीं हैं, जिसके चलते मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। कई बार गंभीर मरीजों को मजबूरन दूर-दराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय व धन दोनों की भारी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जल्द अस्पताल में नियमित डॉक्टरों व आवश्यक पैरा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे आने वाले दिनों में चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान रिटायर्ड एसआई सत्य प्रसाद राजौरी, हारून बट्ट, मुल्ख राज, राजू, पविंद्र, बुरहान माही, अशरफ सोनी सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अस्पताल व्यवस्था में सुधार की मांग की।

## सीएमओ कार्यालय के बाहर सड़क संकरी, मरीजों और राहगीरों को भारी परेशानी

**चंबा।** शहर के मुख्य क्षेत्र में स्थित सीएमओ कार्यालय के बाहर सड़क की स्थिति इन दिनों चिंता का विषय बनी हुई है। कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में वाहनों के खड़े रहने से सड़क अत्यधिक संकरी हो गई है, जिससे आम नागरिकों, मरीजों प एंबुलेंस चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी चंदन सूरी (सुराड़ा वार्ड) ने डीसी चंबा को प्रेषित अपने सुझाव पत्र में बताया कि सड़क के किनारे व्हीलचेयर व स्ट्रेचर के लिए बनाया गया विशेष मार्ग व्यावहारिक रूप से उपयोग में नहीं आ रहा है। उनके अनुसार, न तो उस रास्ते से व्हीलचेयर का आवागमन हो रहा है और न ही स्ट्रेचर का। वर्तमान में मरीजों को मुख्य सड़क मार्ग से ही लाया-ले जाया जा रहा है, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि उक्त विशेष मार्ग के कारण सड़क और संकरी हो गई है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई बार आपात स्थिति में एंबुलेंस को भी निकलने में कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थिति का निरीक्षण कर उचित समाधान निकाला जाए, ताकि सड़क को चौड़ा कर यातायात सुचारू बनाया जा सके। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाएगा, जिससे मरीजों और आम जनता को राहत मिल सके।

## चंबा को मिलेगी पार्किंग व लिफ्ट की सौगात

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा मुख्यालय में वर्षों से चली आ रही पार्किंग व लिफ्ट की समस्या के समाधान की दिशा में अब ठोस पहल हो गई है। प्रदेश सरकार ने दोनों परियोजनाओं की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के आदेश जारी कर दिए हैं व प्रारंभिक खर्च को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

यह घोषणा विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बचत भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जल्द आरंभ करने पर विशेष जोर दिया है। सरकार का उद्देश्य है कि चंबा शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर आम जनता को राहत दी जाए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विधानसभा में बार-बार पुराने बस अड्डे को डिस्मेंटल कर वहां पार्किंग निर्माण तथा नए बस अड्डे से मुख्य चौगान तक लिफ्ट लगाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसी पहल के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने दोनों परियोजनाओं को मंजूरी देते हुए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नए बस अड्डे में प्रस्तावित लिफ्ट निर्माण का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना की अनुमानित लागत सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। जिले में प्रस्तावित चार सुरंगों के संदर्भ में पूछे गए प्रश्न पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजना चार टनल बनाने की है, लेकिन प्राथमिकता के आधार पर चंबा से चुवाड़ी मार्ग पर बनने वाली टनल को पहले चरण में लिया जाएगा। यह सुरंग चंबा जोत मार्ग पर प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में चंबा से शिमला तक का सफर लगभग 11 घंटे का है, जो टनल बनने के बाद घटकर लगभग आधा रह जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा इस परियोजना के सर्वेक्षण व विजिबिलिटी रिपोर्ट के लिए चार करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है और अब केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृतियां ली जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि यदि सब कुछ तय समय पर रहा, तो वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि टनल निर्माण से न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि अंतरराज्यीय पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे चंबा जिला आर्थिक रूप से और अधिक सुदृढ़ होगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। सरकार की इन पहलों से चंबा शहर में विकास की नई राह खुलने की उम्मीद है, जिससे लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

### आईटीआई लचोड़ी में 7 मार्च को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लचोड़ी में 7 मार्च को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होगी। प्रधानाचार्य राहुल राठौर ने बताया कि हरियाणा की कंपनी केपी रिलायबल टेक्नीक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा क्वालिटी इंस्पेक्टर-ऑडिटर के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। राहुल ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई के इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वायरमैन, एमएमवी, कोपा आदि ट्रेड और पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के सभी ट्रेड तथा स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को योग्यता के अनुसार 14451 से 18975 प्रतिमाह सीटीसी प्रदान किया जाएगा। कार्यस्थल दिल्ली एनसीआर खरखोदा (गुरुग्राम) रहेगा। चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑनलाइन लिखित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा ऑफर लेटर वितरण शामिल होगा।

# राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर अग्रिम रणनीति तय

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले के सफल आयोजन को लेकर उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) एवं मेला अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न मेला समितियों के अध्यक्षों ने भाग लिया और मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान मेला आयोजन से जुड़े सभी प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, मेला ग्राउंड की व्यवस्थाओं तथा मेले के दौरान साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेला अध्यक्ष ने कहा कि मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता फैलाने का भी सशक्त मंच है। खेलकूद प्रतियोगिताओं को लेकर विशेष निर्णय लेते हुए बताया गया कि इस वर्ष मेराथन तथा वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन एंटी-चिट्टा थीम के अंतर्गत किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना और उन्हें खेलों के माध्यम से स्वस्थ व सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है।

इस बार खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर से प्रतिभागी टीमें आमंत्रित की जाएंगी। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को समानजनक एवं आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

**आगामी दिनों में तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाएगी**

**प्रतियोगिताओं** के सुव्यवस्थित, सुरक्षित व अनुशासित आयोजन के लिए पुलिस विभाग का विशेष सहयोग भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराओं व सामाजिक संदेशों को प्राथमिकता देने पर भी बल दिया गया। मेला अध्यक्ष ने सभी मेला समिति अध्यक्षों से आपसी समन्वय व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला सुव्यवस्थित, स्वच्छ व यादगार आयोजन बन सके। अंत में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाएगी, जिससे समय रहते सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा सके और श्रद्धालुओं व आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी देना रहा। अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर और अधिवक्ता सुनीता कुमारी ने निशुल्क कानूनी सहायता, वैकल्पिक विवाद समाधान, महिलाओं व कमजोर वर्गों के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। 'जागृति', 'आशा', 'संवाद' और 'वीर परिवार सहायता योजना 2025' जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में युवाओं से न्याय व समानता के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया।

## सीआईएसएफ ने सराहे अशोक तक्षक के प्रयास, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

◆ नशामुक्ति को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान को लेकर किया सम्मानित

**पंडोह।** सीआईएसएफ ने बीबीएमबी पंडोह डैम के सुरक्षा प्रभारी सब इंस्पेक्टर अशोक तक्षक को नशामुक्ति के लिए चलाए गए अभियान में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

यह प्रशस्ति पत्र डिप्टी कमांडेंट विशाल बंसल द्वारा जारी किया गया है। बता दें कि 16 फरवरी को बीएसपीएल के अंतर्गत आने वाली सीआईएसएफ की पंडोह यूनिट ने ड्रग फ्री इंडिया कैंपेन के तहत एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया था। इस रैली के माध्यम से लोगों और खासकर युवाओं को नशे जैसे सामाजिक कुरीति से दूर रहने और इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया था। इस रैली में क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों और युवाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी।



सीआईएसएफ ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए अशोक तक्षक की सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। बता दें कि पंडोह डैम की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ के हवाले है और यहां अपनी पूरी यूनिट के साथ अशोक तक्षक बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।

## पांगी में बेसिक स्की कोर्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पांगी।** जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पांगी स्की एसोसिएशन सुराल द्वारा 14 दिवसीय बेसिक स्की कोर्स का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में पांगी उपमंडल के दो दर्जन से अधिक युवा-युवतियां उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कोर्स का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विंटर स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय युवाओं को साहसिक खेलों से जोड़ना है, ताकि उन्हें सकारात्मक दिशा मिल सके और क्षेत्र में खेल संस्कृति को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत सुराल के प्रधान दीपक चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि पांगी जैसे दूरदराज जनजातीय क्षेत्र को नई पहचान भी दिलाते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप धुतवानी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सुराल क्षेत्र को विंटर टूरिज्म की दिशा में आगे बढ़ाना और बच्चों व युवाओं में शीतकालीन खेलों के प्रति रुचि विकसित करना है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक आंदोलन: संजय टंडन

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** भाजपा कार्यालय, सुंदरनगर, हिमाचल प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडी संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने, जनसेवा की प्रतिबद्धता को और गहरा करने तथा सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संजय टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं, जो सरकार



की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित प्रदेश पदाधिकारी, विधायकगण एवं बड़ी संख्या में समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती और वैचारिक स्पष्टता पर बल दिया। कार्यशाला का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता को और सशक्त बनाना तथा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित एवं जनसेवा के प्रति और अधिक प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक संकल्प के साथ हुआ।

### एनएसवी तकनीक से 37 सफल ऑपरेशन किए

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय पुरुष नसबंदी शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में आधुनिक एनएसवी (नो-स्केलपेल वेसक्टॉमी) तकनीक के माध्यम से 37 सफल ऑपरेशन किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि यह शिविर पुरुषों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिले में अब तक कुल तीन शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें 168 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नवदीप राठौर, डॉ. नरेंद्र कुमार और डॉ. दीपेश बराल ने प्रतिभागियों को एनएसवी तकनीक का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। चार अन्य चिकित्सा अधिकारियों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे भ्रांतियों से ऊपर उठकर इस सुरक्षित प्रक्रिया को अपनाएं। इस पहल को जिले में परिवार कल्याण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज रेसलिंग टूर्नामेंट का गोमा ने किया शुभारंभ



वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज रेसलिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ करते यादविंद्र गोमा।

अनंत ज्ञान

**मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज रेसलिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून एवं विधि परामर्शीय मंत्री यादविंद्र गोमा ने विधिवत रूप से किया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी पहलवान हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर मंत्री यादविंद्र गोमा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं तथा विभिन्न राज्यों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द को बढ़ावा देती हैं।

मंत्री ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मंडी में इस स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों और अधिकारियों की उपस्थिति से उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

I, Chandru Devi (age 65 years) w/o Sh. Sohan Lal Resistance Village Bedhira Gran P.O Raman Tehsil. And Distt Kullu H.P. In My Aadhar record my name has been wrongly mentioned as chndera vati . Now I have Changed my name Chndera Vati to Chandru Devi. Today onwards my name be considered as Chandru Devi for all purpose please note That.

**व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि. प्र.।**

केस न0-30/Teh/B/2025

तिथि दायराः 24-02-2026

तारीख पेशीः- 10-03-2026

**किस्म मु0:- जन्म पंजीकरण**

**शीर्षकः-** लता कुमारी पुत्री पूर्ण चन्द निवासी गांव राख, डाकघर व ग्राम पंचायत क्यारवां तहसील धीरा जिला कांगड़ा हि.प्र.। ---प्रार्थी

वनाम

आम जनता ।

----प्रत्यार्थीगण

**विषयः - प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 ।**

**ईश्तहार/नोटिस-** प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र इस आश्य से पेश किया है कि उसका जन्म तिथि दिनांक 02-02-1969 को गांव राख, डाकघर व ग्राम पंचायत क्यारवां तहसील धीरा, जिला कांगड़ा में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत क्यारवां के अभिलेख में दर्ज न करवाई है जिसे वह सम्बन्धित ग्राम पंचायत क्यारवां के अभिलेख में दर्ज करवाना चाहती है। अतः इस वारे सर्वसाधारण को अखवारी ईश्तहार व मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को प्रार्थी लता कुमारी पुत्री पूर्ण चन्द की जन्म तिथि दिनांक 02-02-1969 को ग्राम पंचायत क्यारवां के अभिलेख में दर्ज करने वारे कोई उजर या ऐतराज हो तो वह तिथि दिनांक 10-03-2026 तक असालतन या वकालतन इस अदालत में हाजिर आकर अपना उजर य ऐतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या ऐतराज कावले समायत न होगा तथा प्रार्थी लता कुमारी पुत्री पूर्ण चन्द की जन्म तिथि दिनांक 02-02-1969 को पंजीकृत करने वे आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत क्यारवां को पारित कर दिये जायेंगे । आज दिनांक 24-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ ।

कार्यकारी दण्डाधिकारी

तहसील धीरा जिला कांगड़ा हि.प्र.

**ॐ सांई नाथ कलस्टर लेवल फैडरेशन**

गांव टिकरी मुशैहरा, डा. चौतड़ा जोगिन्द्र नगर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

**आवश्यकता**

**मनैजर और अकाऊंटेंट पोस्ट के लिए आवेदन आमन्त्रित**

जैसा कि आप सबको विदित है कि NRLM के अन्तर्गत विकास खण्ड चौंत्तड़ा में ओम सांई नाथ CLF का गठन किया गया। ओम सांई नाथ CLF में कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 1 मनैजर और 1 अकाऊंटेंट की आवश्यकता है। जिसके लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन जरूर दें। जिनकी self selection होगी उनको मासिक वेतन CLF की मिटिंग में मासिक मानदेय बता दिया जाएगा।

**पोस्ट का नाम 1. Manager , 2. Accountant**

Qualification- Graduation, B.Com

Experience - (SHG/NRLM का अनुभव है। तो preference)

Salary - 5000-7000

Age limit - 18 to 45

Selection Process - Interview

Application Last Date - 5, March, 2026

**CLF office - Main Bazar Chauntra में जमा करवाएं**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 8580983537, 8091230160**

**अकेलापन** कई बार अपने आप से सार्थक बातें करता है। वैसी सार्थकता भीड़ में या भीड़ के चिंतन में नहीं मिलती।

–राजेंद्र अवस्थी

## संपादकीय

# मनमानी पर शिकंजा

हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा उनसे बेहतर जीवन जिए, बेहतर शिक्षा पाए और एक सफल करियर बनाए। इसी उम्मीद में वे अपने सामर्थ्य से अधिक खर्च उठाने को भी तैयार हो जाते हैं। अनेक परिवार, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग, अपनी सीमित आय के बावजूद बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने का जोखिम उठाते हैं। उनके मन में यह विश्वास रहता है कि निजी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर होगा और उनके बच्चे को भविष्य में अधिक अवसर मिलेंगे, लेकिन वर्षों से यह देखा जा रहा है कि निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और अतिरिक्त खर्चों ने अभिभावकों पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है।

हिमाचल प्रदेश में अब इस स्थिति पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों की व्यावसायिक गतिविधियों पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई निजी स्कूल यूनिफॉर्म, टाई, बेल्ट, बैज, जूते या अन्य शैक्षणिक सामग्री की अनिवार्य बिक्री जैसी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करता पाया गया, तो उसकी मान्यता तक रद्द की जा सकती है। यह निर्णय न केवल प्रशासनिक सख्ती का परिचायक है, बल्कि अभिभावकों की लंबे समय से चली आ रही पीड़ा को समझने का प्रयास भी है।

वास्तविकता यह है कि निजी स्कूल अपने परिसर में ही यूनिफॉर्म और अन्य वस्तुएं बेचते रहे हैं। इन वस्तुओं के दाम अक्सर बाजार मूल्य से कहीं अधिक होते हैं। अभिभावकों के पास विकल्प सीमित होते थे, क्योंकि स्कूल प्रबंधन द्वारा बाहर से खरीदी गई सामग्री को स्वीकार न करने जैसी शर्तें रख दी जाती थीं। ऐसे में माता-पिता विवश होकर अधिक कीमत चुकाने को मजबूर हो जाते थे। यह व्यवस्था शिक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष आर्थिक शोषण का रूप ले चुकी थी।

सरकार का ताजा फैसला इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और अभिभावक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार सामग्री खरीद सकेंगे। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है, न कि व्यापारिक लाभ अर्जित करना। जब शैक्षणिक संस्थान ही मुनाफाखोरी की राह पर चल पड़ें, तो शिक्षा की गरिमा पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। निजी स्कूलों की मनमानी का मुद्दा कई बार समाचारों की सुर्खियां बना, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में जो साहसिक निर्णय लिया है, वह शिक्षा क्षेत्र में संतुलन स्थापित करने की ओर संकेत करता है। यदि इस निर्णय को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था के सुधार का महत्वपूर्ण अध्याय सिद्ध हो सकता है।

दूसरी ओर, प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय भी लिया है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब, आईटी लैब, फर्नीचर, मिड-डे मील से संबंधित सामग्री और अन्य संसाधन होते हैं, जिनकी सुरक्षा आवश्यक है। हाल के वर्षों में कुछ अप्रिय घटनाएं भी सामने आई हैं, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ाई है। ऐसे में निगरानी तंत्र को मजबूत करना समय की मांग है।

सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में यदि लगातार प्रयास होते रहे, तो निश्चित रूप से उनका विश्वास पुन: स्थापित होगा। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि निजी स्कूल ही बेहतर शिक्षा दे सकते हैं, लेकिन यदि सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाएं, प्रशिक्षित शिक्षक, सुरक्षित वातावरण और पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराया जाए, तो वे भी उत्कृष्ट परिणाम दे सकते हैं।

निजी और सरकारी शिक्षा संस्थानों के बीच संतुलन आवश्यक है। निजी स्कूलों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता, परंतु उन्हें शिक्षा के मूल उद्देश्य से भटकने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती। सरकार का दायित्व है कि वह नियमन और निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित करे कि शिक्षा सेवा का माध्यम बनी रहे, व्यापार का नहीं। शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। यदि अभिभावकों को आर्थिक शोषण से राहत मिलती है और सरकारी स्कूलों में सुरक्षा व गुणवत्ता का स्तर सुधरता है, तो इसका सकारात्मक प्रभाव दूरगामी होगा। बहरहाल, प्रदेश सरकार के ये निर्णय शिक्षा क्षेत्र में सुधार की नई शुरुआत माने जा सकते हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन नीतियों को दृढ़ता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए, ताकि हर बच्चे को समान अवसर और हर अभिभावक को आर्थिक राहत मिल सके। ■

## अनंत ज्ञान — आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय राजनीतिज्ञ एवं कर्नाटक के पूर्व सीएम



बीएस येदयुरप्पा
जन्म : 27 फरवरी,1943

**बीएस येदयुरप्पा** (पूरा नाम : बूकानाकेरे सिद्धलिंगप्पा येदयुरप्पा) का जन्म 27 फरवरी 1943 को कर्नाटक में हुआ। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। वे दक्षिण भारत के किसी राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने, जो उनके राजनीतिक जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। लिंगायत समुदाय से संबंध रखने वाले येदयुरप्पा के पिता का नाम सिद्धलिंगप्पा और माता का नाम पुट्टतायम्मा था। चार वर्ष की आयु में ही उनकी माता का निधन हो गया, जिसके बाद उनका पालन-पोषण उनके पिता ने किया।

उन्होंने कला विषय में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। प्रारंभिक जीवन में उन्होंने सामाजिक कल्याण विभाग तथा बाद में शिकारीपुरा में एक चावल मिल में क्लर्क के रूप में कार्य किया। 1967 में उनका विवाह मैत्रादेवी से हुआ, जिनसे उन्हें दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। येदयुरप्पा किशोरावस्था में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और 1965 में शिकारीपुर इकाई के सचिव बने। 1988 में वे भाजपा के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए। 2007 में वे पहली बार मुख्यमंत्री बने, हालांकि यह कार्यकाल अल्पकालिक रहा।

2008 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पहली बार स्पष्ट बहुमत मिला और 30 मई 2008 को वे पुन: मुख्यमंत्री बने। 2011 में उन्होंने पद छोड़ा, किंतु 2019 में फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जुलाई 2021 में उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। ■

## कविता — आज का इंसान



राकेश कुमार शास्त्री (साहित्य आचार्य)
जवाली, कांगड़ा

**मां** मैं फिर से बच्चा बन जाना चाहता हूं,
तेरी गोद में सिर रख सो जाना चाहता हूं।
दुनिया की सारी खुशियां त्याग कर, जमाने की सारी चिंता छोड़कर
तेरे आंचल में छुप जाना चाहता हूं,
हे मां! मैं फिर से बच्चा बन जाना चाहता हूं।
तेरी ममता से बिछड़ गया हूं मैं,
दुनियादारी की दलदल में फंस गया हूं मैं,
मैं फिर से मासूमियत में लौट जाना चाहता हूं,
मैं फिर से बच्चा बन जाना चाहता हूं।
खुल के मुस्कुराना चाहता हूं, खुशियों को फिर से जीना चाहता हूं,
मैं फिर से बच्चा बन जाना चाहता हूं,
तेरी गोद में सिर रख सो जाना चाहता हूं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# एआई और कॉपीराइट: रचनात्मकता, डेटा न्याय और डिजिटल लोकतंत्र



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, राजनीतिक विज्ञान व समाजशास्त्र, सोलन, मोबाइल- 9418233028 / 8221050880



वर्तमान युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केवल तकनीकी उपकरण नहीं रही; यह ज्ञान निर्माण, सूचना प्रसार और सांस्कृतिक रचना की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही है। ओपन एआई द्वारा विकसित संवादात्मक प्रणालियां, गूगल का जेमिनी, और माइक्रोसॉफ्ट का कोपायलट जैसे प्लेटफॉर्म लेखन, चित्रकला, संगीत, शोध और व्यावसायिक कार्यों में व्यापक उपयोग पा चुके हैं। आमतौर पर एआई और कॉपीराइट का विमर्श 'नवाचार बनाम अधिकार' के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यह केवल कानूनी टकराव का विषय नहीं है। यह सवाल रचनात्मक स्वायत्तता, डेटा न्याय और डिजिटल लोकतंत्र जैसे व्यापक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है।

एआई की नींव 'डेटा' पर आधारित है। यह डेटा मानव समाज की सामूहिक बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत का परिणाम है। इंटरनेट पर उपलब्ध लेख, कविताएं, चित्र, समाचार और संगीत-ये सभी किसी न किसी व्यक्ति या समुदाय की रचनात्मक अभिव्यक्ति हैं। जब एआई इन स्रोतों से सीखकर नई सामग्री उत्पन्न करता है, तो सवाल केवल यह नहीं उठता कि कॉपीराइट किसका है, बल्कि यह भी है कि क्या समाज के रचनाकारों की सहमति और सहभागिता सुनिश्चित की गई है। यदि प्रशिक्षण में सार्वजनिक और निजी दोनों प्रकार की रचनाओं का उपयोग हो रहा है, तो क्या यह 'साझी बौद्धिक पूंजी' का उचित प्रयोग है या एक प्रकार का अदृश्य दोहन?

भारत में कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के अंतर्गत रचनाकार को उसकी मौलिक अभिव्यक्ति पर अधिकार प्रदान किया गया है, लेकिन यह कानून उस समय बनाया गया था जब मशीनें स्वत: सृजन नहीं कर सकती थीं। वर्तमान संदर्भ में यह प्रश्न और जटिल हो जाता है कि यदि कोई रचना एआई द्वारा उत्पन्न होती है, तो क्या उसे 'मानव सृजन' माना जा सकता है? यदि कोई व्यक्ति केवल संकेत (प्रॉम्प्ट) देता है और शेष कार्य मशीन करती है, तो क्या वह व्यक्ति पूर्ण रचनाकार है या केवल सह-निर्माता?

इस विमर्श का एक महत्वपूर्ण आयाम 'डेटा न्याय' भी है। वैश्विक स्तर पर एआई का विकास मुख्यत: बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के डेटा संसाधन और कंप्यूटिंग क्षमता पर निर्भर है। छोटे रचनाकार, स्थानीय भाषाओं और हाशिए पर स्थित समुदायों की सामग्री का उपयोग तो हो जाता है, पर लाभ का बड़ा हिस्सा कॉर्पोरेट संस्थाओं के हाथ में जाता है। इससे डिजिटल असमानता और गहरी हो सकती है। अत: एआई और कॉपीराइट का प्रश्न केवल कानूनी अधिकारों का नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति संतुलन और सामाजिक न्याय से भी जुड़ा है।

हालांकि, एआई को पूरी तरह नकारना भी व्यावहारिक समाधान नहीं है। शिक्षा, शोध, प्रशासन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में एआई ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह तकनीक सूचना को सुलभ बनाती है, भाषा की बाधाओं को कम करती है और नए विचारों को जन्म देती है। यदि इसे उचित दिशा-निर्देश और नैतिक मानकों के साथ विकसित किया जाए, तो यह मानव सृजनात्मकता का विस्तार कर सकती है। आवश्यक है कि 'सह-निर्माण' की अवधारणा अपनाई जाए, जिसमें एआई सहयोगी उपकरण के रूप में कार्य करे, न कि स्वतंत्र प्रतिस्पर्धी के रूप में। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस विषय पर बहस जारी है। विभिन्न देशों में कॉपीराइट कानूनों की पुनर्व्याख्या की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि एआई-निर्मित सामग्री का विधिक दर्जा क्या होगा। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह आवश्यक है कि कानून निर्माण में रचनाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो। केवल कॉर्पोरेट हितों या तकनीकी प्रगति को प्राथमिकता देना पर्याप्त नहीं होगा।

इस संदर्भ में कुछ व्यावहारिक उपाय सुझाए जा सकते हैं- पहला, एआई प्रशिक्षण में प्रयुक्त सामग्री के लिए पारदर्शी लाइसेंसिंग प्रणाली विकसित की जाए, जिससे रचनाकारों को उचित पारिश्रमिक मिले। दूसरा, एआई-निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग अनिवार्य हो, ताकि पाठक जान सकें कि सामग्री मानव द्वारा बनाई गई है या मशीन द्वारा। तीसरा, शिक्षा प्रणाली में डिजिटल साक्षरता और बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि युवा पीढ़ी तकनीक का जिम्मेदारी से उपयोग कर सके। चौथा, स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के संरक्षण हेतु विशेष नीतियां बनाई जाएं, जिससे एआई विकास में सांस्कृतिक विविधता सुरक्षित रहे।

अंतत:, एआई और कॉपीराइट का प्रश्न केवल अधिकारों की रक्षा का नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य के स्वरूप का प्रश्न है। यदि संतुलित, पारदर्शी और न्यायपूर्ण ढांचा विकसित किया जाए, तो एआई मानवता के लिए सृजनात्मक सहयोगी सिद्ध हो सकता है, परंतु यदि इसे केवल आर्थिक लाभ के दृष्टिकोण से देखा गया, तो यह असमानताओं को और गहरा कर सकता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि तकनीकी नवाचार के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को समान महत्व दिया जाए, ताकि डिजिटल युग में प्रगति और न्याय साथ-साथ आगे बढ़ सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वित्तीय संतुलन : सरकारी खर्चों में कटौती और केंद्रीय सहायता जरूरी!



योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी
मो. 94591-35322



कांग्रेस और भाजपा दोनों ने बारी-बारी प्रदेश की सत्ता को संभाला है। प्रदेश में वित्तीय संतुलन अचानक कैसे याद आया? क्या वित्तीय संकट वर्तमान समय का है? जवाब मिलेगा 'नहीं'।

यह बीमारी लकड़ी को दीमक लगने जैसी है, जो वर्षों से चलती आ रही है। प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था हमेशा केंद्रीय सहायता और कर्ज प्राप्त करने पर निर्भर रही है। वित्तीय घाटे को संतुलित करने के लिए प्रत्येक सरकार ने कर्ज धन प्राप्त करने का आसान तरीका अपनाया। कभी भी, किसी भी स्तर पर क्या यह सोचा गया कि कर्ज और ब्याज भुगतान से बढ़ते बोझ का नतीजा भविष्य में क्या रहेगा? वैसे सरकारों द्वारा खर्च कटौती के लिए नियमित कर्मचारियों को नियुक्त करने के बदले अनुबंध, आउटसोर्स पार्ट टाइम जैसी व्यवस्थाएं बनाई गई, लेकिन इसके विपरीत अन्य खर्चों की कटौती पर ध्यान नहीं दिया। कम वेतन पर कार्य करना भी एक समस्या है। वोट राजनीति को महत्व देते हुए अपात्र नागरिकों को फ्री जैसी सुविधाएं देने का सरकारें निर्णय करती रही।

75 लाख जनसंख्या वाले प्रदेश में परिवारों की संख्या लगभग 18 लाख होगी, जिसमें सात-आठ लाख पूर्व व वर्तमान कर्मचारी हैं, जिन्हें वेतन पेंशन सुविधा मिल रही है। प्रत्येक परिवार में दोपहिया, चौपहिया गाड़ियां हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की आय सवा दो लाख आंकी गई है। प्रदेश में समृद्धि दिखती है, तो फिर फ्री अनुदान जैसी सुविधाएं क्यों दी जाती रही हैं? फिसलते वित्तीय संकट को सुधारने का कठोर रोड मैप बनाने की जरूरत है। प्रशासनिक खर्चों में कटौती सहित आय बढ़ाने के तरीके खोजने पड़ेंगे। वित्तीय संकट को नजरअंदाज करना स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा होगा। अनुदान की जरूरत है, केवल कृषि बागवानी उत्पादन स्वरोजगार और स्वयं सहायता समूह को, जिससे ग्रामीण विकास के साथ रोजगार मिलता रहे। सभी बच्चों को शिक्षा और प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सुविधा फ्री मिलना जरूरी है। फ्री अनुदान सुविधाओं पर मंथन करते हुए केवल पात्रों को सहायता मिलना जरूरी है। सक्षमों को फ्री सुविधाएं बांटना वित्तीय संकट ही पैदा करेगा। टोल टैक्स दरों में बढ़ोतरी तथा कृषि उत्पादन पर टैक्स वसूलने के आदेश देकर सरकार ने आय अर्जित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। विद्युत परियोजनाओं द्वारा भूमि उपयोग पर भी टैक्स लगा दिया है। सरकार को इसी तरह अनेक रास्ते खोजने होंगे और हिमाचलियों का दायित्व बनता है कि सहयोग करें। सरकार को खर्च कटौती के उपायों पर भी ध्यान देना होगा। यदि खर्च कम हुए तो टैक्स अदा करने में आपत्तियां नहीं मिलेंगी।

राजस्व घाटा अनुदान के लिए सर्वदलीय बैठक आयोजित हुई, लेकिन समाधान शून्य रहा। विधानसभा में आरडीजी पर चर्चा हुई लेकिन दोनों दलों की तरफ से अपने तर्कों के साथ आंकड़े रखे गए। एक-दूसरे की कमियां गिनाते रहे। चर्चा यह होनी चाहिए थी कि केंद्र से आरडीजी बहाली के साथ विशेष सहायता कैसे मिले, किन खर्चों में कटौती और किन स्रोतों से आय अर्जित की जा सकती है, लेकिन केवल आरडीजी बहाली का प्रस्ताव पारित हुआ।

ग्रांट बंद होना समस्या है, परंतु चुनौती भी है, जो संदेश दे रही कि प्रदेश को अपने पैरों पर खड़े होना पड़ेगा। प्रधानमंत्री हमेशा सभी के विकास और साथ का जिक्र करते हैं। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक उसी विश्वास के साथ केंद्र सरकार से आशा करता है। राजस्व बढ़ाने के साधन प्रदेश में सीमित हैं। केंद्र से विभिन्न विकास योजनाओं के तहत पैसा प्रदेश को मिल रहा है, लेकिन राजस्व घाटे को संतुलन हेतु वित्तीय सहायता मिलती रहना प्रदेश के हित में जरूरी है। प्रदेश सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। वित्तीय संतुलन के लिए सरकार को अपने संसाधनों को बढ़ाने के साथ खर्च प्रबंधन पर पारदर्शिता से ध्यान देना जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में दवाओं के सैंपल बार-बार फेल होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला घुमारवीं, जिला बिलासपुर




हिमाचल प्रदेश, जिसे देश की 'फार्मा हब' के रूप में पहचान मिली है, वहां दवाओं के सैंपल बार-बार फेल होने की खबरें चिंताजनक ही नहीं, बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी हैं। दवा गुणवत्ता से जुड़ा हर मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य, विश्वास और जीवन से जुड़ा होता है। ऐसे में यदि परीक्षण के दौरान दवाओं के नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरते, तो यह केवल तकनीकी कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की गंभीर चुनौती बन जाती है।

दवाओं के सैंपल फेल होने का अर्थ है कि वे निर्धारित गुणवत्ता, शक्ति (पोटेंसी), शुद्धता या सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं कर पाए। दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी का दायित्व राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन और केंद्रीय स्तर पर Central Drugs Standard Control Organization (CDSCO) जैसे संस्थानों पर होता है। नियमित सैंपलिंग और परीक्षण का उद्देश्य यही है कि बाजार में उपलब्ध हर दवा सुरक्षित और प्रभावी हो। जब बार-बार सैंपल फेल होते हैं, तो यह संकेत देता है कि या तो निर्माण प्रक्रिया में खामियां हैं या गुणवत्ता नियंत्रण में लापरवाही बरती जा रही है या फिर कच्चे माल की शुद्धता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। दवा कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं है। यदि कोई एंटीबायोटिक या जीवनरक्षक दवा गुणवत्ता मानक से कमतर हो, तो उसका असर न होने की स्थिति में मरीज की हालत बिगड़ सकती है। इससे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस जैसी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से सीमित हैं, वहां निम्न गुणवत्ता वाली दवाएं और भी खतरनाक साबित हो सकती हैं। हिमाचल जैसे राज्य में, जहां फार्मास्यूटिकल उद्योग हजारों लोगों को रोजगार देता है, ऐसी खबरें पूरे उद्योग की छवि को भी प्रभावित करती हैं। हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों, जैसे- बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ आदि को देश के प्रमुख दवा निर्माण केंद्रों में गिना जाता है। यदि यहां निर्मित दवाओं के नमूने बार-बार फेल होते हैं, तो इसका असर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसे पर पड़ता है। निर्यात प्रभावित हो सकता है और प्रदेश की औद्योगिक छवि को आघात पहुंच सकता है। अधिकांश दवा निर्माता गुणवत्ता मानकों का पालन करते हैं, लेकिन कुछ इकाइयों की लापरवाही पूरे सेक्टर पर प्रश्नचिन्ह लगा देती है। यह समय उद्योग के लिए आत्ममंथन का है। इस उद्योग में सुधार लाने के लिए सरकार को कड़ी निगरानी और पारदर्शिता बरतनी चाहिए तथा सैंपल फेल होने की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ता सतर्क रह सकें। जिन कंपनियों के नमूने बार-बार फेल होते हैं, उनके लाइसेंस निलंबन या रद्द करने तक की कार्रवाई हो। निर्माण इकाइयों में नियमित ऑडिट और उन्नत लैब सुविधाएं अनिवार्य हों तथा उनकी जवाबदेही तय हो। केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों और कंपनियों की जवाबदेही तय की जाए।

मरीजों को दवा की बैच संख्या, निर्माण तिथि और कंपनी की जानकारी देखने की आदत डालनी चाहिए। राज्य सरकार को चाहिए कि वह औषधि नियंत्रण विभाग को आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षित स्टाफ और पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए। साथ ही, उद्योग संगठनों के साथ समन्वय कर गुणवत्ता मानकों के पालन को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

अत: हिमाचल में दवाओं के सैंपल बार-बार फेल होना केवल एक प्रशासनिक रिपोर्ट नहीं, बल्कि चेतावनी है। यह समय है सख्त निर्णय लेने का, पारदर्शिता बढ़ाने का और जनता का विश्वास पुन: स्थापित करने का। स्वास्थ्य के क्षेत्र में छोटी सी लापरवाही भी बड़े परिणाम ला सकती है। इसलिए जरूरी है कि हिमाचल प्रदेश की फार्मा पहचान गुणवत्ता, विश्वसनीयता और जिम्मेदारी का पर्याय बने, न कि सवालों का विषय।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवभूमि की सांस्कृतिक आत्मा और उपेक्षित कलाकारों की वेदना



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर



हिमाचल प्रदेश की पहचान केवल उसकी प्राकृतिक सुंदरता से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध लोक संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और कर्णप्रिय लोक संगीत से भी है। देवभूमि की आत्मा उसके मेलों, उत्सवों और सांस्कृतिक संध्याओं में बसती है, जहां पहाड़ी लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियां वातावरण को मंत्रमुग्ध कर देती हैं, किंतु विडंबना यह है कि आज यही लोक संस्कृति उपेक्षा का शिकार होती दिखाई दे रही है।

बीते कुछ वर्षों से यह देखा जा रहा है कि युवा पीढ़ी पश्चिमी संस्कृति की चकाचौंध की ओर आकर्षित हो रही है और अपनी जड़ों से धीरे-धीरे विमुख होती जा रही है। ऐसे में प्रदेश के लोक कलाकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि वही इस विरासत को जीवित रखने का माध्यम हैं। सरकार का भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सहयोग और अनुदान देता है, किंतु जमीनी स्तर पर कई कलाकार स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं। हाल ही में हास्य कलाकार प्रिंस द्वारा मंचीय कार्यक्रमों से दूरी बनाने का संकेत देना इसी पीड़ा का परिणाम है। दो दशकों से अधिक समय तक दर्शकों का मनोरंजन करने वाले इस कलाकार ने आरोप लगाया कि स्थानीय कलाकारों की अनदेखी की जा रही है और बाहरी कलाकारों को अधिक प्राथमिकता व पारिश्रमिक दिया जाता है। यह केवल एक व्यक्ति का दर्द नहीं, बल्कि अनेक हिमाचली लोक कलाकारों की सामूहिक वेदना है।

अंतरराष्ट्रीय, राज्यस्तरीय और जिलास्तरीय आयोजनों में अक्सर बाहरी कलाकारों को लंबा समय और भारी भुगतान दिया जाता है, जबकि स्थानीय कलाकारों को सीमित अवसर और अल्प पारिश्रमिक मिलता है। कई बार मंचों पर फूहड़ता और दोहरे अर्थ वाले प्रदर्शन भी देखने को मिलते हैं, जिनका दर्शकों और सामाजिक संगठनों ने विरोध किया है। इसके विपरीत, हिमाचली लोक कलाकार अपनी संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को गरिमा के साथ प्रस्तुत करते हैं, फिर भी उन्हें अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाता। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि सांस्कृतिक संध्याएं केवल औपचारिकता बनकर रह जाएं तो लोक संस्कृति का संरक्षण कैसे होगा? स्थानीय कलाकारों का मनोबल तब टूटता है जब वे अपने ही प्रदेश में उपेक्षित महसूस करते हैं। उनके लिए मंच केवल कला प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि आजीविका का साधन भी है। निस्संदेह आयोजकों के सामने सभी को अवसर देना चुनौतीपूर्ण होता है, पर चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता अनिवार्य है।

भाई-भतीजावाद और सिफारिश की संस्कृति से ऊपर उठकर प्रतिभा को प्राथमिकता देनी होगी। स्थानीय कलाकारों को पर्याप्त समय, उचित पारिश्रमिक और सम्मान मिलना चाहिए, तभी वे पूरे उत्साह से अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। हिमाचल की बहुरंगी लोक संस्कृति प्रदेश की पहचान है।

इसे जीवित रखना केवल कलाकारों का नहीं, बल्कि समाज और सरकार का भी दायित्व है। यदि हम अपनी संस्कृति को संजोने वालों को ही उपेक्षित करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इस अमूल्य विरासत से वंचित हो जाएंगी। समय की मांग है कि आत्ममंथन हो, नीतियों में सुधार हो और स्थानीय कलाकारों को उनका उचित स्थान मिले। तभी देवभूमि की सांस्कृतिक आत्मा अक्षुण्ण रह सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नुक्कड़ नाटक से छात्रों को दिए सड़क सुरक्षा के टिप्स

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** राजकीय महाविद्यालय नारला के रोड सेफ्टी क्लब ने प्रोफेसर संदीप कुमार के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने अभिनय के माध्यम से बताया कि लापरवाही से वाहन चलाना, तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना तथा नशे में ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। प्रस्तुति में यह भी दर्शाया गया कि नशा युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित कर हादसों को बढ़ावा देता है। नाटक ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को चिंतन के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग करने और नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।

### बालहड़ी से महिला लापता, मामला दर्ज



**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल की ग्राम पंचायत बालहड़ी से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता चुन्नी लाल, निवासी गांव तरलाजा ने गोहर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी पत्नी मुस्कान 25 फरवरी की रात बिना बताए घर से चली गई और अब तक वापस नहीं लौटी। बताया जा रहा है कि महिला के तीन बच्चे भी हैं। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है तथा सूचना जिला स्तर सहित संबंधित विभागों को भी भेजी गई है।

### जय लखदाता छिंज दंगल तीन अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** जय लखदाता छिंज कमेटी अरठी लूनापानी की बैठक प्रधान महेंद्र सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में माता बाला सुंदरी के मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति 3 अप्रैल को अरठी गांव में होने वाले दंगल की पूर्व तैयारियों पर चर्चा की गई। महासचिव कुलदीप गुलेरिया ने मेले को सफल बनाने के लिए अनेक सुझाव रखे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मेहर सिंह ने गत वर्ष की आय-व्यय रिपोर्ट रखी जिस पर हाउस ने संतोष व्यक्त किया। दंगल उत्सव को सफल बनाने के लिए अनेक कमेटियों का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सतीश गुलेरिया, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह गुलेरिया, उपप्रधान शेर सिंह, वयोवृद्ध समाज सेवी सूरत सिंह, बलदेव सिंह आदि ने उपस्थिति दर्ज कर बैठक की गरिमा बढ़ाई।

### मैथ्स ओलिंपियाड में छाए लॉर्ड्स कान्वेंट के छात्र



लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल के छात्र सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन की तरफ से आयोजित मैथ ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया यह परीक्षा दिसंबर में आयोजित की गई थी, जिसमें 60 छात्रों ने भाग लिया था और सभी छात्रों ने यह परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की व सात छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किए। गोल्ड मेडल जीतने वाले छात्रों में दूसरी कक्षा के तक्ष शर्मा, चौथी कक्षा के हसन अली, छठी कक्षा की रियांशी व सातवीं कक्षा के अध्ययन, अवनी ठाकुर, ऋषित व आठवीं कक्षा के आदित्य राना शामिल है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने इस उपलब्धि पर अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी।

### छात्रों को बताए रोजगार के नए अवसर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने बीकॉम., बीएससी, बीए, बीसीए और बीवॉक विद्यार्थियों के लिए करियर परामर्श एवं रोजगार संभावनाओं पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम में जयपी विश्वविद्यालय सूचना प्रौद्योगिकी के संकाय सदस्यों ने उच्च शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. राजकुमार और डॉ. अतुल कुमार ने प्रतिस्पर्धात्मक दौर में करियर नियोजन, तकनीकी व प्रबंधन क्षेत्रों की संभावनाओं तथा डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दृश्य संप्रेषण जैसे पाठ्यक्रमों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने विद्यार्थियों को निरंतर ज्ञान व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### एकेएस सोलर ने बढ़ाई सौर ऊर्जा जागरूकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एकेएस सोलर सिस्टम्स प्राइवेट लि. ने महाशिवरात्रि प्रदर्शनी में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सात दिवसीय जनजागरूकता अभियान चलाया। चेयरमैन कपिल शर्मा और डायरेक्टर ऑपरेशंस विवेक ग्रोवर के नेतृत्व में टीम ने आगंतुकों को सौर ऊर्जा तकनीक, सरकारी योजनाओं और सौर संयंत्र के आर्थिक व पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी। कपिल शर्मा ने बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने से बिजली खर्च में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण संभव है। विवेक ग्रोवर ने साझा किया कि कंपनी ने घरेलू, वाणिज्यिक और भूमि आधारित परियोजनाओं में कुल 25 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित की है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को हरित भविष्य और सौर ऊर्जा के महत्व का संदेश दिया गया।

### उच्च न्यायालय के आदेशों पर अवैध कब्जा हटाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बल्ह क्षेत्र के गांव बैहल पैड़ी के दुनी चंद ने उपायुक्त मंडी तहसीलदार बल्ह तहसीलदार सदर मंडी से आग्रह किया है कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने जो रिट याचिका 1528/2017 हेमेंद्र कुमार बनाम सरकार के तहत बैहल पैड़ी के सरकारी खसरा नंबर 178, 190 व 192 से अवैध कब्जा हटाकर वहां से सड़क बनाने के आदेश दिए हैं उन्हें अमल में लाया जाए। इस जमीन पर बने अवैध निर्माण के बिजली पानी कनेक्शन को भी काटा जाए जैसा कि न्यायालय का आदेश है। दुनी चंद ने बताया कि एक अप्रैल 2025 को दिए गए निर्णय में न्यायालय ने साफ तौर पर सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटाने के लिए कहा है। इसके लिए सरकार व प्रशासन को आदेश दिए हैं, मगर आज दिन तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि वह इस बारे में उपायुक्त मंडी, तहसीलदार बल्ह व तहसीलदार सदर को न्यायालय के निर्णय की प्रति के साथ आग्रह कर चुके हैं। मगर मौके पर कोई कार्रवाई न करके केवल लीपापोती ही की जा रही है। उन्होंने आग्रह किया है कि न्यायालय के आदेश को देखते हुए एक संयुक्त निरीक्षण किया जाए, जिसमें प्रशासन व राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हों और फिर पुलिस की मौजूदगी में इस कब्जे को पूरी तरह से हटाकर यहां से ट्रैक्टर व एंबुलेंस रोड़ बनाया जाए, ताकि इसका सही लाभ मिल सके।

### मुल्थान कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में वीरवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त सहायक प्राचार्य डॉ. भागचंद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रथम सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से हुई तथा विद्यार्थियों और स्टाफ के मध्य प्रसाद वितरण किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं मुल्थान बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया तथा मध्याह्न भोजन स्वयं तैयार किया। द्वितीय सत्र में हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के प्रबंधक गौतम ने वित्तीय समावेशन विषय पर स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में सामुदायिक संपर्क अभियान, स्वास्थ्य एवं करियर मार्गदर्शन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### चौहार घाटी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ का नाम बदला

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** गत कई वर्षों से गठित चौहार घाटी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से संघ का नाम बदलकर 'उहल नदी जल संग्रहण क्षेत्र कल्याण सभा' रखने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष रामसरन चौहान ने बताया कि पूर्व नाम के कारण केवल सेवानिवृत्त कर्मचारी ही सदस्य बन सकते थे, जिससे संगठन सीमित दायरे में था। नए नाम के साथ अब जिला मंडी की चौहार घाटी तथा जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल घाटी के इच्छुक लोग भी सदस्य बन सकेंगे, जिससे कल्याणकारी कार्यों के लिए अधिक जनसहयोग प्राप्त होगा। बैठक में संघ के प्रवक्ता एवं पूर्व सूबेदार मनी राम के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रवक्ता पद रिक्त होने पर सर्वसम्मति से मुल्थान बाजार के मुख्य व्यापारी भाग राम को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। साथ ही पूर्व कप्तान तिलक ठाकुर और पूर्व सैनिक मनोज ठाकुर को नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष अमर नाथ, कोषाध्यक्ष वीरी सिंह, वरिष्ठ सलाहकार राजमल ठाकुर, पूर्व सहायक प्राचार्य डाक्टर भाग सिंह, पूर्व कनिष्ठ अभियंता मान सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एआई शिखर सम्मेलन प्रकरण को लेकर युवा मोर्चा का प्रदर्शन

## जिलाध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर आरोपियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप




प्रदर्शन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला मंडी ने दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कथित रूप से धूमिल करने के प्रयासों के विरोध में मंडी में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष योगराज डोगरा ने कहा कि किसी भी वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना राष्ट्रविरोधी कृत्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में यूथ कांग्रेस से जुड़े आरोपियों को हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस सरकार संरक्षण दे रही है, जो अत्यंत गंभीर विषय है। जिला महामंत्री विशाल मंडोत्रा ने कहा कि गत दिवस हिमाचल पुलिस द्वारा दिल्ली पुलिस को रोके जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में कार्य कर रही है।

युवा मोर्चा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन देश की गरिमा, संप्रभुता और सम्मान से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित खंड विकास अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत अब तक 55.13 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं तथा 16 जनवरी से 25 फरवरी की अवधि में 74.50 प्रतिशत के मुकाबले 83.72 प्रतिशत मानव दिवस अर्जित किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मानव दिवस सृजन को और गति दी जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी 79.31 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी है। उपायुक्त ने इसे 15 मार्च तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए स्पष्ट किया कि ई-केवाईसी के बिना किसी भी श्रमिक का मस्टररोल जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्थायी आजीविका के साधन सृजित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के शेष आवासों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही 2025-26 के आपदा ग्रस्त आवासों से संबंधित औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

**◆ मनरेगा में 55.13 लाख मानव दिवस सृजित, 15 मार्च तक शत प्रतिशत ई-केवाईसी का लक्ष्य**

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला में 141 गांव चयनित हैं तथा इन ग्रामों में किए गए कार्यों के उपयोगिता प्रमाणपत्र सभी खंड विकास अधिकारी शीघ्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को प्रेषित करें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, जिला विकास अधिकारी ग्रामीण गोपी चंद पाठक, जिला कल्याण अधिकारी समीर तथा सभी विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहम्मद दीपक के साहस को कांग्रेस का सलाम

अनंत ज्ञान

**◆ कोटद्वार की घटना पर सन्नी ईप्पन बोले-धर्म के नाम पर बंद हो राजनीति**

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी हिमाचल प्रदेश के अल्पसंख्यक विभाग के सह संयोजक सन्नी ईप्पन ने कोटद्वार में मुस्लिम दुकानदार के समर्थन में सामने आए मोहम्मद दीपक के साहस की सराहना करते हुए उन्हें सलाम किया है।



उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के कोटद्वार में हाल ही में हुई घटना ने यह स्पष्ट किया है कि समाज में अब भी ऐसे लोग मौजूद हैं जो धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत और भाईचारे का संदेश देते हैं। सन्नी ईप्पन ने कहा कि कुछ तथाकथित धर्म के ठेकेदार महंगाई, बेरोजगारी, मोबाइल रिचार्ज दरों में वृद्धि, खाद्य वस्तुओं में मिलावट और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर कभी आवाज नहीं उठाते, लेकिन धर्म के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे संगठन सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं और युवाओं को भटकाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने वाले संगठनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

ईप्पन ने कहा कि मोहम्मद दीपक जैसे लोग सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और संविधान में निहित समानता के मूल्यों को मजबूत करें तथा किसी भी प्रकार की नफरत फैलाने वाली गतिविधियों से दूर रहें।

# वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के विलय पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी स्थित रियासतकालीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक ब्वॉयज एवं गर्ल्स विद्यालयों के प्रस्तावित विलय को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। पब्लिक फोरम के संयोजक ओपी कपूर ने जारी बयान में कहा कि शिक्षा मंत्री के हालिया वक्तव्य से स्पष्ट है कि दोनों विद्यालयों का विलय कर उन्हें सह-शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित किया जाएगा तथा एक विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और दूसरा हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधीन चलेगा। उन्होंने कहा कि जनपद की आपत्ति केंद्रीय बोर्ड प्रणाली से नहीं, बल्कि दोनों ऐतिहासिक संस्थानों के अस्तित्व और गौरवशाली पहचान से जुड़ी है। उनका तर्क है कि रियासतकाल में स्थापित इन विद्यालयों ने दशकों से क्षेत्र को विशिष्ट पहचान दी है। ऐसे में एक संस्थान के विद्यार्थियों को दूसरे में स्थानांतरित कर सह-शिक्षा लागू करने से उनकी मूल संरचना और परंपरा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को नए प्रयोगों के बजाय सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने, संसाधन सुदृढ़ करने और निजी विद्यालयों के समकक्ष स्तर विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि दोनों विद्यालयों को उनकी मूल पहचान बनाए रखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम से जोड़ा जाए तथा इस प्रक्रिया में स्थानीय शिक्षाविद और सेवानिवृत्त अधिकारी नि:शुल्क सहयोग देने को तैयार हैं।

**◆ ओपी कपूर ने की सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार की मांग**

# जोगिंद्रनगर में नाले से मिले महिला के शव मामले में दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



मृतका मनी देवी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहर के वार्ड नंबर 6 स्थित पुरानी आईटीआई के समीप नाले से महिला का शव बरामद होने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मृतका की पहचान मनी देवी पत्नी जगदीश कुमार निवासी गांव भजेरा, जिला मंडी के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस ने घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर हत्या की आशंका जताते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच में शामिल किया जाएगा।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय ठाकुर पुत्र रमेश ठाकुर तथा पंकज पुत्र पवन, दोनों निवासी अप्पर गरोडू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रिमांड के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि घटना के पीछे के कारणों और अन्य संभावित तथ्यों का खुलासा हो सके। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया तथा वीरवार को चडौझ गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

# महिला दिवस से पहले बैठकों का दौर तेज

अनंत ज्ञान



महिलाओं को जागरूक करने के दौरान सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा धर्मपुर खंड में नशा मुक्ति अभियान के तहत दो वर्षों से लगातार जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रथम चरण में अंतरराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर स्कूलों में जागरूकता शिविर और मैराथन दौड़ें आयोजित की गईं। दूसरे चरण में सज्याओ, टिहरा, चोलथरा, धर्मपुर, मंडप और बरोटी में क्षेत्रीय कमेटियां बनाकर पंचायत स्तर तक अभियान पहुंचाया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मेलन आयोजित किए गए।

आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सजयोपिपलु में प्रस्तावित कार्यक्रम से पूर्व गांव स्तर पर महिला जागरूकता बैठकों का दौर जारी है। ज्ञान विज्ञान समिति धर्मपुर खंड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भोलादत कश्यप ने बताया कि सजाओपीपलु क्षेत्रीय कमेटी की अध्यक्षा एवं सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य डॉ. वीना राठौर के नेतृत्व में फरवरी माह में सज्यओ, जोढन, लौंगनी, पिपली-भराड़ी, रोसो, डरवाड़ और घरवासड़ा पंचायतों के तीन दर्जन गांवों-वार्डों में बैठकें की गईं, जिनमें सचिव सतीश कुमार व अन्य सदस्य भी शामिल रहे। डॉ वीना राठौर, जो नाहन कॉलेज से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुई हैं, महिलाओं को चिट्टा व अन्य नशों के खिलाफ संगठित होने का संदेश दे रही हैं।

# आयुर्वेद चिकित्सालय गुम्मा में चिकित्सक का पद रिक्त, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पधर, कविता।** जोगिंद्रनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुम्मा स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में चिकित्सक का पद लंबे समय से रिक्त चल रहा है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ नागरिक परिषद गुम्मा (पंजीकृत) ने निदेशक, हिमाचल प्रदेश आयुर्वेद विभाग, शिमला को पत्र भेजकर शीघ्र नियुक्ति की मांग उठाई है।

परिषद के अध्यक्ष राम चंद तथा सचिव हरि सिंह ठाकुर ने बताया कि चिकित्सक के अभाव में ग्राम पंचायत गुम्मा के साथ-साथ कधार व रोपाधर के ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को भी उपचार के लिए 10 से 20 किलोमीटर दूर जोगिंद्रनगर या पधर जाना पड़ रहा है। इससे लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जहां लोगों को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है, वहीं विभाग द्वारा लंबे समय से चिकित्सक का पद रिक्त रखा जाना जनहित में नहीं है। परिषद ने विभाग से मांग की है कि राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय गुम्मा में अतिशीघ्र चिकित्सक की नियुक्ति की जाए, ताकि स्थानीय लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# सुधराणी के सैकड़ों कामगारों ने मांगा बेरोजगारी भत्ता



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल की ग्राम पंचायत सुधराणी के मनरेगा मजदूर पिछले 28 दिनों से काम का इंतजार कर रहे हैं। रोजगार न मिलने से नाराज कामगारों ने हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के बैनर तले एसडीएम बालीचौकी को ज्ञापन सौंपा।

मजदूरों का कहना है कि उन्होंने 29 जनवरी 2026 को पंचायत सचिव के माध्यम से काम की मांग की थी। मनरेगा कानून के तहत 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना या बेरोजगारी भत्ता देना अनिवार्य है, लेकिन 28 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें काम नहीं मिला।

एसडीएम बचित्र सिंह ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जबकि संगठन ने अधिकार न मिलने पर लोक अदालत जाने की चेतावनी दी है।

**रिकॉर्ड** | **97 स्टॉलों पर सजे स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को मिला व्यापक समर्थन**

# मंडी सरस मेले में 2.01 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

## दस दिन उमड़ी खरीदारों की भीड़

अंनत ज्ञान



प्रतिभागी महिलाओं को सम्मानित करते प्रशासनिक अधिकारी। अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी सरस मेला इंदिरा मार्केट में 16 से 25 फरवरी तक आयोजित सरस मेला रिकॉर्ड उपलब्धि के साथ संपन्न हो गया। दस दिनों तक चले इस मेले में कुल 2.01 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की गई, जो अब तक की सर्वाधिक बताई जा रही है। मेले में जिले सहित विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों ने 97 स्टॉल स्थापित कर हस्तकरघा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों और पारंपरिक वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई।

स्थानीय उत्पादों को खरीदने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और महिला समूहों के स्टॉलों पर विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र रहे, जिससे पूरे आयोजन के दौरान बाजार क्षेत्र में रौनक बनी रही। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मेले की सफलता पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरस मेला ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच बनकर उभरा है। उन्होंने आयोजन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूहों को बधाई दी। समापन अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक ने प्रतिभागी स्वयं सहायता समूहों और स्टॉल संचालकों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जागरूकता गतिविधियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

प्रशासन के अनुसार इस बार बिक्री और सहभागिता दोनों ही दृष्टि से मेला सफल रहा, जिससे आने वाले वर्षों में और अधिक व्यापक आयोजन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

# दिल्ली में हिमाचल सदन को एआई समिट के विरोध का अड्डा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण: अजय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने दिल्ली स्थित हिमाचल सदन और प्रदेश के रोहडू में दिल्ली में आयोजित हो रही एआई समिट के विरोधकर्ताओं का आरामगाह बनने पर कांग्रेस प्रदेश सरकार की कड़ी निंदा की है।



उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दिल्ली में आयोजित हो रही अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के द्वारा देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम किया है और जब इस शर्मनाक विरोध की साजिश हिमाचल सदन में बन रही थी, तब हिमाचल की सरकार ने अपने संसाधनों से इन विरोध करने वालों का साथ दिया, उन्हें दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में रुकाया गया और फिर हिमाचल के रोहडू में सुरक्षित रखा गया।

अजय ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांतिप्रिय लोगों के लिए जाना जाता है एआई समिट विरोध द्वारा देश के विरोध पर उतरे युवा कांग्रेस के मनबढ़ युवकों को हिमाचल सरकार के संरक्षण में रोहडू में पनाह दी गई तथा जब उन पर दिल्ली पुलिस कार्रवाई के लिए आई तो उल्टा इन अपराधियों के ही संरक्षण में हिमाचल की पुलिस सरकारी दबाव में खड़ी हो गई, ऐसा नहीं होना चाहिए था।

यह हिमाचल प्रदेश की छवि खराब करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा कांग्रेस नेतृत्वित सरकार कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को देश की छवि खराब करने के लिए पोषित कर रही है, सत्ता के भूखे कांग्रेसियों को राजनीति के लिए देश की छवि को दांव पर लगाने का कोई अधिकार नहीं है।




# विकास की राह पर अग्रसर ग्राम पंचायत नोग

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नोग आज विकास कार्यों के कारण चर्चा में है। लगभग 1300 की आबादी वाली यह पंचायत अपने मुख्य गांव नोग के नाम पर स्थापित है।

पहले यह क्षेत्र बिनौला पंचायत का हिस्सा था, लेकिन स्थानीय जरूरतों को देखते हुए इसे अलग पंचायत का दर्जा दिया गया। हाल ही में पंचायत में 33 लाख रुपए की लागत से नए पंचायत भवन का निर्माण किया गया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हुई है।

इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में आंतरिक रास्तों और सड़कों का निर्माण, हैंडपंपों की स्थापना तथा पशुपालकों के लिए काऊ शेड का निर्माण भी किया गया है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र की टीम ने पंचायत का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया व ग्रामीणों से बातचीत कर जमीनी हकीकत जानी। ग्रामीणों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और पंचायत के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत नोग विकास कार्यों, जनसहभागिता व पारदर्शिता के साथ एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है, जहां बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है।



पंचायत घर नोग।


**अंबा** प्रसाद ने विस्तार से बताया, 'गांव के संपर्क मार्ग पहले कच्चे थे। बरसात में चलना मुश्किल हो जाता था, अब सड़क बनने से किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में आसानी हो गई है और बच्चों को स्कूल जाने में भी सुविधा मिली है।'


**विजय** राम ने कहा, 'हैंडपंप लगने से पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हुई है। पहले गर्मियों में पानी के लिए दूर जाना पड़ता था, अब गांव में ही व्यवस्था हो गई है।'


पंचायत में चल रहा काऊ शेड का निर्माण।


**लगातार** तीन बार उपप्रधान चुने गए संजीव डोगरा ने बताया कि पंचायत में हुए विकास कार्यों में एमपी हेड, विधायक निधि तथा मनरेगा के तहत भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना व योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन कार्यकाल से प्रधान पद महिला के लिए आरक्षित रहा है यदि इस बार सीट सामान्य हुई, तो वे अवश्य चुनाव लड़ने पर विचार करेंगे। हालांकि, अंतिम निर्णय लेने से पहले वे पंचायत के लोगों से चर्चा करेंगे व उनका आशीर्वाद जिस रूप में मिलेगा, उसी के अनुसार आगे बढ़ेंगे।


**बिंद्रा** देवी ने कहा, 'पंचायत प्रतिनिधि समय-समय पर गांव का दौरा करते हैं व महिलाओं की समस्याओं को भी गंभीरता से सुनते हैं। अब हमें अपनी बात रखने का मंच मिला है।'


**रामनाथ** शर्मा ने कहा, 'पहले पंचायत के कामकाज के लिए हमें इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन नए भवन के बनने से सभी कार्य एक ही स्थान पर हो जाते हैं। बैठकें भी व्यवस्थित तरीके से हो रही हैं।'


**कुसुम** शर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'काऊ शेड बनने से पशुपालकों को बहुत राहत मिली है। पहले पशुओं को खुले में रखना पड़ता था, अब उनके लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध है, जिससे बीमारी का खतरा भी कम हुआ है।'


**रणवीर** सिंह ने कहा, 'पंचायत में काम केवल कागजों में नहीं, जमीनी स्तर पर दिख रहे हैं। रास्तों और अन्य सुविधाओं के कारण गांव की तस्वीर बदली है।'

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर कॉलेज की कैडेट निलाक्षी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी कैडेट कैप्टन निलाक्षी को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल व एडवाइजरी कमेटी ने उन्हें मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। निलाक्षी का चयन दिसंबर में वर्ष 2026 के गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) के लिए हुआ था। कई प्रतिस्पर्धात्मक शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका अंतिम चयन दिल्ली स्थित डीजी एनसीसी के लिए हुआ। 28 जनवरी को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय की कमान संभाली। प्राचार्य ने उनके अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की सराहना की तथा एनसीसी नेवल अधिकारी को भी बधाई दी।

### कॉलेज के 27 छात्र आईआईटी मंडी रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के 27 छात्र 16 दिवसीय 'ह्यूमन कंप्यूटर विजन' प्रशिक्षण के लिए आईआईटी मंडी रवाना हुए। यह कार्यक्रम प्रोफेसर अशवनी चंदेल के प्रयासों से संभव हुआ। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. तेज सिंह, डॉ. सोनिका, डॉ. संजु बाला सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### सीएससीए सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की केंद्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) का सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम आईक्यूएसी के अंतर्गत मल्टीपरपज हॉल में होगा। सीएससीए कार्यकारिणी का गठन विश्वविद्यालय निर्देशों के अनुसार मेरिट आधार पर किया गया है।

### डॉ. नम्रता पठानिया का काव्य-संग्रह भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. नम्रता पठानिया ने अपने हालिया प्रकाशित काव्य-संग्रह 'द (अन)ब्लूम्ड' की प्रतियां प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल को भेंट की। इस कृति का विमोचन जनवरी में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया था। यह संग्रह महिलाओं के अनुभवों व लैंगिक पाखंडों का संवेदनात्मक चित्रण करता है। प्राचार्य ने डॉ. पठानिया को बधाई देते हुए उनके सृजनात्मक भविष्य की कामना की।

### स्वस्थ वृद्धावस्था के महत्व पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में 13 फरवरी को प्रोटेक्टिव एजिंग कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय उपमंडलीय कार्यशाला हुई। मुख्यातिथि एसडीएम अर्शिया शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और स्वस्थ वृद्धावस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में आयुष विभाग ने प्राणायाम सत्र व स्वास्थ्य शिविर लगाया, स्वास्थ्य शिक्षक ने मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी। यूको बैंक ने डिजिटल साक्षरता व साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए। मानव सेवा ट्रस्ट के प्रकाश बंसल ने अंतर-पीढ़ी संवाद पर विचार रखे। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### यातायात नियमों व जिम्मेदार ड्राइविंग पर विचार रखे

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता के रोड सेफ्टी क्लब ने 26 फरवरी को सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने यातायात नियमों और जिम्मेदार ड्राइविंग पर विचार रखे। प्रश्नोत्तरी में सड़क संकेतों व नियमों से जुड़े सवाल पूछे गए। निर्णायक मंडल में प्रो. अर्चना, प्रो. पंकज, प्रो. रंजू, प्रो. प्रतीक, प्रो. कमलेश व प्रो. नितेश रहे। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने विद्यार्थियों को नियमों का पालन करने और जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

### आईटीआई में नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता और रैली निकाली तथा 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

### ग्रामीणों को निरोग रहने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत नाहरी देवी सिंह में बुधवार व वीरवार को स्वास्थ्य केंद्र परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योगा ट्रेनर उदय उपमन्यु व शुभलता ने ग्रामीणों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थ व मन शांत रहता है। योग से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव संभव है व जीवनशैली में सुधार लाकर निरोग जीवन जिया जा सकता है। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया च योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व संतुलित दिनचर्या अपनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की मांग भी की।

### डिजिटल सुविधाएं व स्थायी परिसर पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक डीसी कार्यालय बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय के दो स्थानों पर संचालित होने से उत्पन्न समस्याओं व मुख्य अस्थायी भवन की जल्द मरम्मत पर जोर दिया गया। वित्त वर्ष 2026-27 में संविदा शिक्षकों की पारदर्शी भर्ती, कक्षाओं में इंटरैक्टिव पैनल स्थापना तथा डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। स्थायी भवन निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया तेज करने का मुद्दा भी उठा। बजट प्रस्तावों की समीक्षा के साथ कक्षा पहली से पांचवीं तक नामांकन बढ़ाने पर बल दिया गया। प्रधानाचार्य रिंकु कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मलकीत सिंह भाजपा एससी मोर्चा, देहरा जिले के प्रभारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भाजपा ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने व जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ व अनुभवी नेता मलकीत सिंह को भाजपा एससी मोर्चा, देहरा जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मलकीत सिंह के कार्यक्षेत्र में जिला देहरा के तहत आने वाले तीन महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र देहरा, जसवां प्रागपुर और ज्वालामुखी शामिल रहेंगे। मलकीत सिंह वर्तमान में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनका ट्रैक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है। राजनीति के साथ-साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

## डेरा बाबा गोविंद दास में बाबा ज्ञान सिंह की 26वीं बरसी श्रद्धा के साथ मनाई

अनंत ज्ञान



**ऊना।** ऊना विधानसभा क्षेत्र के गांव खानपुर के डेरा बाबा गोविंद दास में संत बाबा ज्ञान सिंह जी की 26वीं बरसी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। इसमें 24 फरवरी को गुरु ग्रंथ सहिव के पाठ आरंभ किए गए। वीरवार को गुरु ग्रंथ सहिव के भोग डाले गए। बाद दोपहर गुरु का लंगर अटूट बरताया गया।

वरसी समागम में संत महापुरषों ने आई हुई संगत को कीर्तन द्वारा भगवान से जोड़ा। इस समागम में संत बाबा चरण जीत सिंह, वेदी ऊना वाले, संत माखन सिंह, बलबीर सिंह टुटोमजारा, संत राम किशन, बाबा गुरमीत सिंह, संत बडभागी, बीबी जमना घालुवाल, भाई जसविंदर सिंह, गुरप्रीत सेठी, संत कमलजीत सिंह, भाई भूपिंदर सिंह ऊना, सेवा सिंह दिल्ली, मीरां आश्रम बाथु अवतार गिरी आदि संत महापुरष पहुंचे। वरसी समागम पर आंखो के चैकअप का फ्री कैंप लगाया गया।

डॉ. सुरेश चौधरी अम्ब द्वारा मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया। इसमें 250 लोगों का चेकअप किया गया, जिनको चश्मे लगेंगे सभी चश्मे डेरे की तरफ से फ्री किए जाएंगे। सभी विमारियों का चेकअप किया गया और सभी दवाई फ्री दी गई डेरे की तरफ से एचबी, शुगर फ्री, यूरिक एसिड, लिपिड प्रोफाइल किए गए यह टेस्ट फ्री किए गए। डॉ. मनु प्रिया, अंशु शर्मा, कुसमलता, रितु राणा, लैब टेक्नीशियन दिनेश, सेजल, राहुल, शेखर अन्य ने मरीजों का मेडिकल चेकअप किया।

## वन विभाग ने भराड़ी में दबोचा लकड़ी तस्करों का वाहन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में जंगलों की अवैध कटान लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। वन विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के बीच अब उसने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए भराड़ी पुल के समीप से लकड़ियों से भरा एक पिकअप वाहन कब्जे में लिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि सदर रेंज के कुंडी बीट व आसपास के इलाके से अवैध रूप से पेड़ काटकर लकड़ियों की तस्करी की जा रही थी। इससे पूर्व भी इसी क्षेत्र में नौ पेड़ कटने का मामला उजागर हुआ था। इसमें अधिकतर खैर के पेड़ शामिल थे। उस घटना को लेकर पहले ही पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है। वन विभाग को मिली सटीक सूचना के बाद सदर आरओ के नेतृत्व में टीम का गठन कर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान जंगल की ओर से आ रहे एक संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने की कोशिश की। हालांकि, टीम ने पीछा करते हुए उसे भराड़ी पुल के समीप दबोच लिया, जब वाहन की तलाशी ली गई, तो उसमें से खैर की लकड़ी के 50 से अधिक लट्ठे बरामद हुए। आरोपियों के पास लकड़ी से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं था, जिसके चलते वन विभाग ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए वाहन और लकड़ियों को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पकड़े गए आरोपी इससे पहले भी अवैध कटान की घटनाओं में शामिल रहे हैं। फिलहाल वन विभाग की टीम जंगल में हुए नुकसान का आकलन करने में जुटी है। सदर रेंज अधिकारी नरेंद्र सिंह दयाल का कहना है कि जंगलों में काटे गए पेड़ों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि अवैध कटान में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा व पुलिस के सहयोग से मामले की गहन जांच की जा रही है।


जीप में भरे खैर की लकड़ी के कटे।

## माता चिंतपूर्णी मंदिर जल्द ही एक नए और भव्य स्वरूप में आएगा नजर

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी मंदिर जल्द ही एक नए और भव्य स्वरूप में नजर आएगा। डीसी ऊना, जतिन लाल ने पुष्टि की है कि मंदिर के विस्तारीकरण का बहुप्रतीक्षित कार्य आगामी मार्च महीने से धरातल पर शुरू होने जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रथम चरण पर कुल 131 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग को टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मंदिर न्यास द्वारा खरीदी गई 30 दुकानों को पहले तोड़ा जाएगा इसके बाद निर्माण का काम शुरू होगा । इस भव्य योजना को धरातल पर उतारने के लिए बजट का प्रावधान दो मुख्य हिस्सों में किया गया है। 75 करोड़ मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए। 56 करोड़ केंद्र सरकार के सहयोग और अन्य विशेष दिशा-निर्देशों के तहत स्वीकृत किए गए हैं। मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा।

दर्शनों के लिए लंबी लाइनों में खड़े रहने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक अत्याधुनिक प्रतीक्षा हॉल बनाया जाएगा। बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक पहुंचने के रास्ते को सुगम बनाया जाएगा। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार और आसपास के रास्तों को चौड़ा किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में उच्च क्षमता वाली एलईडी लाइट्स और स्वच्छता के लिए अत्याधुनिक कचरा प्रबंधन प्रणाली स्थापित की जाएगी। श्रद्धालुओं को मंदिर के इतिहास और आरती के समय की जानकारी देने के लिए जगह-जगह डिजिटल साइनेज लगाए जाएंगे।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोशिएशन का स्थापना दिवस 26 मार्च को

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई घुमारवीं की बैठक प्रधान हरी सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अलग-अलग वक्ताओं में बीडी शर्मा, रविंद्र चैहान, हेमराज महाजन, प्यारे लाल शर्मा आदि ने पेंसनर्स की समस्याओं पर अपने अपने विचार रखे।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस बार शहरी इकाई घुमारवीं का स्थापना दिवस 26 मार्च 2026 को मनाया जाएगा, जिसमे शहरी इकाई घुमारवीं के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा तथा साथ में यह भी निर्णय लिया गया कि शहरी इकाई घुमारवीं के अंतर्गत जो संस्थाएं सामाजिक कार्य कर रही हैं, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस बार कार्यक्रम के मुख्यातिथि कारगिल के महान योद्धा तथा परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार होंगे। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार स्थापना दिवस पर प्रदेश में बने दोनों मंचों के प्रधान उपप्रधान महासचिव जिला के प्रधान सचिव उपप्रधान तथा घुमारवीं के सभी ब्लाकों के प्रधान उपप्रधान एवं सचिवों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिय अलग अलग कमेटियों का भी गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरीराम शर्मा, रविंद्र कुमार, लेखराम शर्मा, करतार सिंह, शमशेर सिंह, मदन लाल, प्यारे लाल, प्रेमलाल, मनशा राम, रामपाल, ज्ञान चंद, कालीदास, सुभाष चंद, तीर्थ राम आदि पेंसनरों ने भाग लिया।

### झंडूता कॉलेज में किया डस्टबिन वितरण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में 26 फरवरी को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए डस्टबिन वितरण कार्यक्रम हुआ। जिला परिषद सदस्य शालू रनौत व अमन भारद्वाज ने कॉलेज को डस्टबिन भेंट किए। इससे पूर्व वर्ष 2024-25 में भी इन्होंने बेंच दान की थीं। प्राचार्य डॉ. संजय ठाकुर ने आभार जताया व विद्यार्थियों को परिसर स्वच्छ रखने की अपील की।

### बागवानों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बागवानी विभाग ने विकास खंड बंगाणा में जैव नियंत्रण विषय पर एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता उपनिदेशक उद्यान, डॉ. केके भारद्वाज ने की। लगभग 50 बागवानों ने भाग लिया। डॉ. भारद्वाज ने रासायनिक कीटनाशकों के बजाय जैविक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने पर जोर दिया। जैव नियंत्रण प्रयोगशाला शिमला के प्रभारी डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने लाभकारी कीट, ट्रैप्स और मित्र फफूंद के उपयोग की वैज्ञानिक जानकारी साझा की। शिविर में कम लागत में फ्रूट फ्लाई ट्रैप और मित्र फंगस के प्रभावी उपयोग की विधि भी बताई गई। पूर्व जिला परिषद सदस्य सत्या देवी सहित अन्य अधिकारी एवं बागवान उपस्थित रहे।

### कैप्टन चमन अध्यक्ष, मोहनलाल बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय किसान संगठन की तहसील बंगाणा में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष देशराज मोदगिल ने की। बैठक में नए कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें कैप्टन चमन लाल शर्मा अध्यक्ष, मोहनलाल शर्मा महामंत्री, पंडित किशोरी लाल कैशियर, ब्रह्म दास शर्मा, रामलोक खुशीराम और किशन देव उपाध्यक्ष, कुलदीप चंद ठाकुर और कश्मीर सिंह सचिव, मदन सिंह ठाकुर सदस्य तथा सीमा शर्मा महिला अध्यक्ष चुनी गई। तहसील बीहडू में कैप्टन रघुवीर सिंह अध्यक्ष और मास्टर लोंगू राम महासचिव बने। बैठक में किसानों की समस्याओं जैसे बंदरों से फसलों की सुरक्षा और गोविंद सागर झील से सिंचाई योजना की मांग उठाई गई। प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा ने बंगाणा में नकल ब्रांच खोलने और सदस्यता अभियान तेज करने पर जोर दिया।

**प्राथमिकता** उपमुख्यमंत्री ने कुंगड़त पंचायत सामुदायिक केंद्र का किया लोकार्पण

## ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला: मुकेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला हैं और पंचायत सामुदायिक केंद्र ग्रामीण विकास गतिविधियों के सशक्त केंद्र के रूप में कार्य करते हैं।

यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को हरोली विधानसभा की ग्राम पंचायत कुंगड़त में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित नए पंचायत सामुदायिक केंद्र भवन के लोकार्पण अवसर पर कही। इस सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री द्वारा कुल 1.14 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई थी, जिसमें प्रथम चरण में लगभग 33 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है, जबकि दूसरे तल का निर्माण कार्य दूसरे चरण में किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने लगभग 1.15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बीटन पंचायत सामुदायिक केंद्र, भवन की आधारशिला भी रखी। इस भवन में पंचायत प्रधान कक्ष के अतिरिक्त आधुनिक मीटिंग हॉल, ग्रामसभा सभागार, लोकमित्र केंद्र तथा पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे पंचायत कार्यों को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को अधिक संसाधन, आधुनिक सुविधाएं और प्रशासनिक मजबूती प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला हैं और पंचायत घर ग्रामीण विकास गतिविधियों के सशक्त केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण से जहां जनप्रतिनिधियों को कार्य निष्पादन में सुविधा मिलेगी, वहीं आम नागरिकों को भी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है तथा सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### विकास का केंद्र बनकर उभर रहा बीत क्षेत्र

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली का बीत क्षेत्र तीव्र गति से विकास के केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां ट्रैफिक पार्क, 5 करोड़ रुपए की लागत से ऑटोमैटिक टेस्टिंग सेंटर, 13.50 करोड़ रुपए की लागत से हेलीपोर्ट तथा 10 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक रनिंग ट्रैक का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर रोड़ा क्षेत्र एक आधुनिक एवं विकसित नगर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। अग्निहोत्री ने कहा कि लगभग 75 करोड़ रुपए की लागत से 'बीत एरिया फेज-2' उठाऊ पेयजल योजना पर कार्य प्रगति पर है। इस योजना के अंतर्गत स्वां नदी से जल उठाकर बीत एवं पालकवाह क्षेत्र के 28 गांवों की लगभग 50 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी।

## अंदरौली में होगी दिव्य रामकथा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंदरौली क्षेत्र में श्रद्धा व भक्ति का माहौल बनने जा रहा है। गांव अंदरौली में मुच्छाली पंचायत के प्रधान विजय शर्मा के परिवार द्वारा दिव्य रामकथा का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। इसमें प्रसिद्ध ब्रह्मनिष्ठ संत जितेंद्र मोहन कथा व्यास के रूप में उपस्थित रहेंगे व श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत 28 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह कलश यात्रा गांव भलेती शिव मंदिर से आरंभ होकर भलेत ,बंगाणा, वोट से होते हुए अंदरौली पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके उपरांत 1 मार्च से 9 तक प्रतिदिन रामकथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा के समापन के बाद प्रतिदिन भोजन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों व श्रद्धालु भक्तों से निवेदन किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामकथा का श्रवण करें और इस पावन आयोजन का लाभ उठाएं।

### सरकार की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित बैंक शाखा भदसाली ने गांव भदसाली में नाबार्ड द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का अयोजन सहायक प्रबंधक संदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कैंप में सरकार व नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। कार्यक्रम में प्रधान सुदेश कुमारी समेत पंचायत प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

### शिवकाली पत्रिका जिलाधीश को भेंट की

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने डीसी ऊना जतिन लाल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल द्वारा प्रकाशित पत्रिका शिवकाली भेंट की। राजन शर्मा ने बताया लगभग 20 वर्षों के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल द्वारा शिवकाली पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। इस पत्रिका का विमोचन स्थानीय विधायक राकेश कालिया द्वारा किया गया था। इस अवसर पर उनके साथ लेक्चरर मुकेश कुमार व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बैंक ने ग्राहकों को दी योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा लठियानी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय नेगी ने ग्राम पंचायत लठियानी के बुधान गांव में कल्याणकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नाबार्ड वित्त पोषित योजनाओं, डिजिटल लेन-देन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और राजीव गांधी सब रोजगार योजना के लाभों की जानकारी दी गई। लोगों से बैंक खाता खोलने और योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। इस अवसर पर बैंक अधिकारी संजीव कुमार, विनय कुमार और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज जिला स्तरीय शिकायत निवारण बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष व विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक देव सदन, कुल्लू में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता ने बताया कि 28 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे जिला कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक बहुउद्देश्यीय भवन (बचत भवन), कुल्लू में समिति के अध्यक्ष एवं विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### नौ ऑटोमेटिक बुनाई मशीनें की वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश वन विभाग लाहौल वन मंडल के तहत जायका प्रोजेक्ट के माध्यम से गोंपा स्वयं सहायता समूह लपचंग को 9 ऑटोमेटिक बुनाई मशीनें वितरित की गईं। ये मशीनें विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा द्वारा प्रदान की गईं। इस अवसर पर आईएफएस अधिकारी इंद्रजीत, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन शशि किरण, जिला अध्यक्ष दोरजे अंगरूप, बीडीसी सदस्य टशी केसांग व महिला मंडल गोंपा की महिलाएं उपस्थित रहीं। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्थानीय आजीविका को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 28 फरवरी से पूर्व अवश्य करवा लें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** तहसील कल्याण अधिकारी काजा अशोक कुमार ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों से आग्रह करते हुए कहा कि जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है, वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र अथवा तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 28 फरवरी से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई-केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। इस अंतिम अवसर के उपरांत पेंशन लाभार्थी द्वारा ई-केवाईसी सत्यापित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है तथा उन पेंशनरों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी असहाय पेंशनभोगी का आधार कार्ड किसी कारण से नहीं बना है या उसे अपडेट करने की आवश्यकता है, तो वह आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। ई-केवाईसी सत्यापन के लिए आवश्यक जानकारी व समस्या निवारण के लिए लाभार्थी तहसील कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षक तथा संबंधित आंगनवाडी कार्यकर्ता से अविलम्ब संपर्क करें।

### जिभी वैली टूरिज्म एसोसिएशन में चुनाव 7 मार्च को

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार के जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी गठन के लिए 7 मार्च 2026 को सामान्य चुनाव आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी चुनाव समिति द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार उम्मीदवार 3 मार्च तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है। मतदान प्रक्रिया 7 मार्च को प्रातः 11 बजे एसोसिएशन के कार्यालय जिभी में संपन्न होगी। चुनाव समिति ने बताया कि प्रत्येक उम्मीदवार केवल एक ही पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इसके अलावा, वही सदस्य चुनाव लड़ने व मतदान करने के पात्र होंगे, जिनकी सदस्यता शुल्क पूरी तरह जमा है और जो पिछले तीन वर्षों से नियमित व सक्रिय सदस्य हैं। चुनाव आयुक्त जगदीश चंद व मुख्य चुनाव आयुक्त संदीप कंवर ने सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता, पारदर्शिता व गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बिजली बोर्ड का पेमेंट-सर्वर कल से रहेगा डाउन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली परिषद लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के ऑनलाइन पेमेंट सर्वर 27 फरवरी से 3 मार्च तक डाउन रहेंगे। मनाली बिजली उप मंडल ने उपभोक्ताओं को इस अवधि में ऑनलाइन सेवाओं के बाधित रहने की सूचना दी है। एसएपी-आईएसयू सिस्टम अपग्रेड और तकनीकी सुधार कार्य के कारण यह अस्थायी रुकावट आएगी। एसडीओ मनाली सुनील कालिया ने बताया कि इस दौरान क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई व अन्य डिजिटल पेमेंट एप के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान नहीं हो पाएगा। इसके अतिरिक्त बिलिंग, उपभोक्ता सेवा केंद्र (सीएससी), नया कनेक्शन आवेदन, लोड बढ़ोतरी, नाम परिवर्तन व शिकायत निवारण सहित अन्य सभी ऑनलाइन सेवाएं भी अस्थायी रूप से प्रभावित रहेंगी। सर्वर डाउन रहने की अवधि में उपभोक्ता कार्यालय में जाकर ऑफलाइन माध्यम से बिल जमा करवा सकते हैं। सुनील कालिया ने बताया कि यह तकनीकी अपग्रेडेशन उपभोक्ताओं को भविष्य में अधिक सुरक्षित, तेज व बेहतर डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कार्य पूरा होते ही सभी सेवाएं सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।

### होशियार को परिवहन ड्राइवर यूनियन की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू।** हिमाचल पथ परिवहन निगम कुल्लू क्षेत्र में ड्राइवर यूनियन के चुनाव संपन्न हुए। यह चुनाव राज्य अध्यक्ष राजेंद्र कुमार और राज्य प्रधान मान सिंह की अध्यक्षता में हुए। जबकि महासचिव गंगा राम ,संगठन मंत्री बाल कृष्ण,मुख्य सलाहकार दीपक राज शर्मा,रंजीत सिंह,जगीर सिंह,राकेश जंबाल,राकेश कुमार,जीवन राणा,कृष्ण देव, लूदर चंद,संतराम,कर्मवीर सिंह आदि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर होशियार सिंह को अध्यक्ष,संजय कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार सचिव, बेली राम, प्रीतम सह सचिव, युद्ध राज वरिष्ठ उपप्रधान चुने गए, जबकि भूषण,मस्त राम, हरी राम, नितेश कुमार, मोहन सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं संगठन मंत्री के पद पर दूनी चंद,सह संगठन मंत्री दूनी चंद दितीय, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर दत्त,सह कोषाध्यक्ष विद्या सागर,मुख्य सलाहकार शिव कुमार,सह सलाहकार नवीन कुमार,प्रेस सचिव श्रवण कुमार,सह प्रेस सचिव विजय कुमार,प्रवक्ता हरदेव,सह प्रवक्ता राहुल,लेखाकार अभिषेक नेगी व सह लेखाकार प्यारे लाल को चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य समस्त चालक वर्ग कुल्लू क्षेत्र को चुना गया।

### मनाली अस्पताल का निरीक्षण कर लौटी कायाकल्प टीम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** स्वास्थ्य निदेशालय कि टीम ने बुधवार को नागरिक अस्पताल मनाली में स्वास्थ्य, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। अस्पताल में पहुंचकर टीम ने ओपीडी समेत अस्पताल के इंडोर वार्ड, आईसीयू वार्ड, ड्यूटी रूम, अल्ट्रासाउंड कक्ष, प्रयोगशाला, एक्स-रे, शौचालय, ऑपरेशन थियेटर, कैंटीन आदि का निरीक्षण किया। गौर हो कि कुछ समय से समाज सेवियों के सहयोग से मनाली के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है। मनाली अस्पताल में सर्जन डाक्टर प्रीत की तैनाती के बाद आपरेशन का आंकड़ा भी बढ़ा है। अस्पताल का पूरा रिकॉर्ड जांचने के बाद टीम लौट गई। टीम ने अस्पताल में भर्ती और उपचार करवाने आए मरीजों से भी बातचीत की। निरीक्षण की पूरी रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशालय भेजी जाएगी। इसके बाद व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। गौरतलब है कि स्वास्थ्य निदेशालय की कायाकल्प टीम प्रदेशभर के विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण कर रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी डा. कर्ण ने बताया कि स्वास्थ्य निदेशालय कि टीम ने बुधवार को नागरिक अस्पताल मनाली में स्वास्थ्य, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की।

### जंगलों में लगने वाली आग के कारणों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, आनी।** उपमंडल आनी की ग्राम पंचायत तलुना के बाली दामन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा महिलाओं के लिए वन अग्नि (फॉरेस्ट फायर) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जंगलों में लगने वाली आग के कारणों, दुष्प्रभावों तथा बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वन संपदा की सुरक्षा में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स डॉ. संजय सूद, उपस्थित रहे। उनके साथ सीवी, तहसीलदार रामपुर, डीएफओ लुहरी, चमन लाल राव, रीना ठाकुर, रत्न सिंह,मदन मोहन सुद सहित अन्य वन अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जंगल हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने बताया कि अधिकतर वन अग्नि की घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं, जैसे सूखी घास में आग लगाना, जलती बीड़ी-सिगरेट फेंकना या खेतों की सफाई के दौरान आग का फैल जाना। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने परिवार और गांव के लोगों को भी जागरूक करें तथा आग लगने की स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

### राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के बहुउद्देश्यीय भवन में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी सहित सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। उपायुक्त ने इंतकाल, पार्टीशन, सीमांकन और अतिक्रमण मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने और ऑनलाइन इंतकाल प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। प्राकृतिक आपदाओं में अनुदान, मुआवजा और राहत प्रकरणों के डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वन अधिकार समिति और सरकारी भूमि लीज से जुड़े मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा राजस्व मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समय पर न्याय देने का निर्देश भी दिया गया।

# 15 मील पुल की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली मार्ग के बाम तट को जोड़ने वाले रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 15 मील पुल की बदहाली का मुद्दा हल होता नजर आ रहा है। समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' द्वारा इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आ गया है।

वीरवार सुबह से ही विभाग की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर पुल की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। विभाग के इस त्वरित कदम से नग्गर, हरिपुर व आसपास की दर्जनों पंचायतों के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ समय से इस पुल की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई थी। लगभग 50 मीटर लंबे इस पुल की लोहे की रैलिंग कई स्थानों से पूरी तरह गायब हो चुकी थी और फर्श पर बिछी लोहे की चादरें उखड़ने की कगार पर थीं। यह पुल न केवल 15 मील क्षेत्र, बल्कि नग्गर से लेकर हरिपुर, बटाहर व भाड़का तक की दर्जनों पंचायतों के लिए आवागमन का एकमात्र मुख्य जरिया है। रैलिंग न होने व उखड़ी चादरों के कारण पैदल यात्रियों व वाहन चालकों के लिए ब्यास नदी में गिरने का खतरा हर समय मंडराता रहता था। स्थानीय लोगों का कहना था कि पुल की यह हालत किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही थी, जिसे लेकर क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट





पुल की लोहे की चादरें व रैलिंग मरम्मत की जोह रही बाट

अनंत ज्ञान मुद्दा

दर्जनों पंचायतों की कनेक्टिविटी का एकमात्र आधार

15 मील पुल की मरम्मत के कार्य में जुटे हुए लोनिवि के कर्मचारी (दाएं) अखबार की कतरन। अनंत ज्ञान

### आज बहाल हो जाएगी आवाजाही: 15 करोड़ के नए पुल का भी है प्रस्ताव

**लोक** निर्माण विभाग कटराई के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने जानकारी दी कि विभाग की विशेष टीम रैलिंग लगाने, चादरों को वेल्डिंग के जरिए मजबूत करने व पुल की पूरी संरचना को ठीक करने में जुटी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह मरम्मत कार्य वीरवार देर रात या शुक्रवार सुबह तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके उपरांत वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह सुचारू कर दिया जाएगा। यहां यह बताना भी जरूरी है कि इस मार्ग की महत्ता को देखते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ के प्रयासों से ब्यास नदी पर 15 करोड़ रुपए की लागत से एक नए मोटरेबल पुल के निर्माण को नाबार्ड से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है, जब तक नया पुल तैयार नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान पुल की सुरक्षा सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। 'अनंत ज्ञान' द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद प्रशासन की इस सक्रियता की स्थानीय पंचायतों और जनता ने सराहना की है।

# व्यापार मंडल ने की विधायक सुंदर से मुलाकात, शहर की समस्याओं पर की चर्चा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू व्यापार मंडल के पदाधिकारी वीरवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष मदन लाल सूद की अध्यक्षता में सदर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से मिले।

इस अवसर पर व्यापार मंडल ने शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ती बेसहारा पशुओं की संख्या चिंता का विषय बन चुकी है। बच्चों ओर बुजुर्गों के लिए इन पशुओं के कारण खासी परेशानी हो रही है। शहर की निकास नालियों की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने शहर में वाहनों की तेज रफ्तारी से चल रहे वाहनों पर भी चिंता जताई ओर कहा कि शहर के व्यापारी तेज रफ्तार वाहन चालकों से परेशान हैं तो साथ ही कई वाहनों से निकल रहे काले धुएं से भी परेशानी बन रही है। विधायक को बताया कि आपदा के समय नगर परिषद कार्यालय से व्यास मोड़ तक सीवरेज लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसकारण यहां के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल द्वारा ढालपुर में लगाई जा रही संडे मार्किट का भी विरोध किया गया। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर द्वारा व्यापार मंडल द्वारा रखी गई मांगों पर कहा कि शीघ्र ही शहर की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई जाएगी जिसमें व्यापार मंडल, नगर परिषद के पूर्व पार्षद तथा वरिष्ठ नागरिकों तथा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी और उसके बाद शहर को व्यवस्थितकीय जाएगा। शहर को सुंदर बनाने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा।उन्होंने व्यापार मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगो को जल्द ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में चीफ पेटर्न दिनेश सेन, महासचिव सुबोध सूद, पेटर्न सदस्य राजेश सेठ, कोषाध्यक्ष गोपाल चौधरी, मीडिया प्रभारी जसपाल सिंह पाल उपस्थित रहे। इस बैठक के पश्चात व्यापार मंडल कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से मिला।

# केलांग बाजार व बस अड्डे का होगा सौंदर्यीकरण: अनुराधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण केलांग की त्रैमासिक समीक्षा बैठक वीरवार को केलांग में आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता अनुराधा राणा अध्यक्ष व विधायक, लाहौल-स्पीति ने की। बैठक में पर्यटन, स्वच्छता, यातायात व आपदा प्रबंधन से जुड़े विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। आपदा की दृष्टि से महत्वपूर्ण यूरामूर्ति वैकल्पिक मार्ग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने मार्ग का विस्तृत प्राक्कलन शीघ्र तैयार कर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें। पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के तहत अटल टनल से तांदी तक विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण, कारगा और बिलिंग में शौचालय स्थापना तथा सिस्सू झील के समीप पक्के शौचालयों के संचालन को सुलभ शौचालय के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साडा बैरियर को पागल नाले की ओर स्थानांतरित करने पर भी सहमति बनी। केलांग बाजार व बस अड्डे के सौंदर्यीकरण, अस्पताल मार्ग सुधार, खंगसर ईको ट्रेल विकास, तांदी संगम घाट के उन्नयन तथा पंचायतों में सोलर लाइट वितरण को प्राथमिकता दी गई। स्वच्छता प्रबंधन के तहत दलंग में वेट वेस्ट कलेक्शन सेंटर स्थापना और उपयोगकर्ता शुल्क लागू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपमंडलाधिकारी नागरिक कुनिका एकर्स, डीएफओ इंद्रजीत सीरा, बीडीओ डॉ. विवेक गुलेरिया, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय गुप्ता विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं विधायक। अनंत ज्ञान

# मनाली की प्रकृति ठाकुर ने दो गोल्ड लेकर हिमाचल का नाम किया रोशन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के गुलमर्ग चरण में इस बार हिमाचल प्रदेश की टीम ने 14 पदक जीत कर दूसरा स्थान, सेना की टीम 23 पदक लेकर पहले स्थान पर रही। हरियाणा तीसरे व महाराष्ट्र चौथे व लेह लद्दाख पांचवें स्थान पर रहा। इस बार हिमाचल ने स्कीइंग में 10, जबकि स्कीमों में चार मेडल जीते हैं। शीतकालीन खेलों के चार दिनों में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। मनाली की प्रकृति ठाकुर ने दो गोल्ड लेकर हिमाचल का नाम रोशन किया।

ठाकुर व स्कीमों इंडिया के अध्यक्ष विकास सूद पिंटू ने बताया कि खेलो इंडिया में हिमाचल के सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आंचल ने ज्वाइंट सलाम में गोल्ड व सलालम में सिल्वर मेडल जीता। प्रीति ठाकुर ने स्नो बोर्ड ज्वाइंट सलालम व सलालम में दो गोल्ड मेडल जीते। संध्या ने सलालम में गोल्ड मेडल जीता। तनुजा ने जाइंट सलालम ने सिल्वर मेडल जीता। योगेश ने जाइंट सलालम में सिल्वर मेडल जीता। प्रकृति ठाकुर ने स्नो बोर्ड सलालम व जाइंट सलालम में दो सिल्वर मेडल जीते। स्कीमों इंडिया के अध्यक्ष विकास सूद ने बताया कि स्कीमों स्प्रिंट में साक्षी ने गोल्ड, नताशा ने सिल्वर मेडल जीता। वर्टिकल में नताशा ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि रिले में महिला टीम ने गोल्ड मेडल जीता। विंटर गेम्स में प्रदेश की टीम के शानदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री सुक्खू, खेल मंत्री गोमा सहित मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने टीम को जीत की बधाई दी है।

# कुल्लू कॉलेज में ऑडिटोरियम का किया जाए निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एबीवीपी कुल्लू इकाई ने वीरवार को कुल्लू महाविद्यालय में आ रही समस्याओं को लेकर प्राचार्य राकेश राणा को ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक ने इस मौके पर प्राचार्य से मांग रखी कि नव भवन का निर्माण जल्द किया जाए। उन्होंने बताया कि कुल्लू महाविद्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाना चाहिए। इसके अलावा अध्यापकों के रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। कॉलेज में एमकॉम व एमएससी को लाया जाए, ताकि छात्रों को पढ़ाई के लिए जिले से बाहर न जाना पड़े। कुल्लू कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो। गर्ल्स कॉमन रूम को उपयोग में लाया जाए। कॉलेज में सफाई समय-समय पर होनी चाहिए। जल व्यवस्था को सुधारा जाए/पानी की टंकी एवं कूलरों की सफाई की जाए। प्राचार्य राकेश राणा ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कहा कि कॉलेज की हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# 'खैरात नहीं, अपना हक मांग रहे हैं हम ': मान सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) चालक यूनियन कुल्लू और लाहौल-स्पीति की संयुक्त बैठक कुल्लू के सरवरी में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने की। इस दौरान उन्होंने सरकार और निगम प्रबंधन पर चालकों और परिचालकों के बकाया भुगतान को लेकर गंभीर आरोप लगाए। मान सिंह ने कहा कि सरकार पर चालक-परिचालकों के ओवरटाइम के करीब 115 करोड़ रुपए और एरियर के लगभग 1500 करोड़ रुपए बकाया हैं। कुल मिलाकर 1600 करोड़ रुपए सरकार ने रोके हुए हैं। उन्होंने कहा, 'हम खैरात नहीं मांग रहे हैं, बल्कि अपनी मेहनत की कमाई का हक मांग रहे हैं। जब तक हमें हमारा हक नहीं मिलता, हम संघर्ष करते रहेंगे।' निगम में वर्तमान में 3873 चालक कार्यरत हैं, जो दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं और लगातार ओवरटाइम भी कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें न तो समय पर वेतनमान दिया जा रहा है और न ही अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निगम में 500 चालकों के पद रिक्त पड़े हैं, जिन्हें जल्द भरा जाना चाहिए। वहीं, 100 से अधिक बसें सड़कों पर कंडम स्थिति में खड़ी हैं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। उन्होंने निगम अधिकारियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वर्कशॉप में मैकेनिकों को छोटे-छोटे सामान के लिए भी शिमला से अनुमति लेनी पड़ती है। इससे साफ है कि प्रबंधन स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो चुकी है। मान सिंह ने कहा कि चालकों को वर्दी तक उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है, जिसके चलते उन्हें हजार-हजार रुपए के चालान भरने पड़ रहे हैं। 'गलती सरकार की है और खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है,' उन्होंने सभी चालकों से संगठन में एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अप्रैल में धर्मशाला में प्रस्तावित यूनियन बैठक से पहले यदि मांगें पूरी नहीं की गईं, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

# डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा खखनाल द्वारा सजला सेरी में वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देना रहा। शाखा सहायक प्रबंधक अनिल कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा सहायक प्रबंधक अनिल कुमार ने शिविर में ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान व रुपे कार्ड के उपयोग के बारे में जागरूक किया। इस दौरान केंद्र सरकार की जन-धन योजना सहित अन्य वित्तीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही बैंक की एफडी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा गया कि 444 दिनों की सावधि जमा पर लगभग 7.20 प्रतिशत तक ब्याज दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अल्पकालीन जमा योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

# बाशिंग पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने भुवनेश्वर से की भेंट, ब्यास नदी तट सुरक्षा का मुद्दा उठाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत बाशिंग के प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ नियंत्रण समिति बाशिंग के अध्यक्ष दिनेश सेन की अगुवाई में वीरवार को मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ से भेंट कर पुलिस लाइन बाशिंग से रामशीला तक ब्यास नदी के दोनों तटों की स्थायी सुरक्षा के लिए विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि ब्यास नदी में बार-बार आने वाली बाढ़ के कारण क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कें, जिनसे होकर मनाली, लाहौल-स्पीति, पांगी-भरमौर व लेह-लद्दाख की ओर आवागमन होता है, निरंतर क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित होता है, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त क्षेत्र में जिला पुलिस लाइन, जल शक्ति विभाग का कार्यालय, खाद्य आपूर्ति निगम का गोदाम, एलपीजी गोदाम, एचआरटीसी कार्यशाला, ट्रक यूनियन यार्ड, रिवर राफ्टिंग प्वाइंट सहित अनेक सरकारी एवं निजी संपत्तियां स्थित हैं, जिन्हें बाढ़ के कारण बार-बार भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गत वर्ष आई भीषण बाढ़ में लुगड़भट्टी क्षेत्र के कई परिवार बेघर हो गए थे तथा ट्रक यूनियन यार्ड को भी भारी क्षति पहुंची थी। प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि ब्यास नदी के दोनों तटों पर मजबूत सुरक्षात्मक तटबंधों/दीवारों का निर्माण किया जाए तथा नदी के मध्य जमा मलबे को हटाकर नदी तल को वैज्ञानिक ढंग से गहरा किया जाए, ताकि भविष्य में बाढ़ की तीव्रता को नियंत्रित किया जा सके। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय को प्रदेश सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर बाढ़ नियंत्रण समिति बाशिंग के अध्यक्ष दिनेश सेन सहित निवर्तमान उपप्रधान ग्राम पंचायत बाशिंग विजय कुमार, राजेश शास्त्री, गुगा देवता कमेटी प्रधान जय चंद, पुजारी हरी चंद, जगन्नाथ, दुनी चंद, विनोद नाग, परमानंद व स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।



विधायक को ज्ञापन सौंपता बाशिंग गांव का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

## हुनर

### रुक बहादुर ने पेश की कर्मठता व आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल

# मजदूरी के साथ हुनर का ताना-बाना

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** आज के दौर में जहां लोग खाली समय को मनोरंजन या सोशल मीडिया में व्यर्थ गंवा देते हैं। वहीं, रुक बहादुर जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए एक नई किरण बनकर उभरे हैं। दिनभर हाड़-तोड़ मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले रुक बहादुर ने यह साबित कर दिया है कि यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो थकान भी हुनर के आगे घुटने टेक देती है। इन दिनों वे अपने बुनाई के अनोखे कौशल के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

रुक बहादुर का जीवन संघर्षों से भरा है, लेकिन उन्होंने कभी अपनी परिस्थितियों को अपनी कला के आड़े नहीं आने दिया। मजदूरी के दौरान जब भी उन्हें थोड़ा सा विश्राम मिलता है, वे दो सलाइयां और ऊन निकालकर बुनाई में जुट जाते हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे काम के बीच के छोटे-छोटे अंतरालों (ब्रेक्स) को भी व्यर्थ नहीं जाने देते। उनके हाथ चलते-फिरते भी उतनी ही सफाई से स्वेटर बुनते हैं, जितनी एकाग्रता से कोई पेशेवर कारीगर कारखाने में काम करता है। आसपास के लोग उनकी इस एकाग्रता और समय प्रबंधन की जमकर सराहना कर रहे हैं।

### बाजार से अलग 'डबल धागे' का जादू



अनंत ज्ञान स्पैशल

**आमतौर** पर बाजार में मिलने वाले रेडीमेड स्वेटर सिंगल धागे से तैयार किए जाते हैं, जो दिखने में तो सुंदर होते हैं, लेकिन भीषण ठंड में उतने कारगर नहीं होते। यहीं पर रुक बहादुर का हुनर दूसरों से अलग नजर आता है। रुक बहादुर स्वेटर बुनने के लिए डबल धागे का प्रयोग करते हैं। उनके द्वारा तैयार किए गए स्वेटर न केवल अधिक गर्म होते हैं, बल्कि काफी मजबूत और टिकाऊ भी होते हैं। उनकी बुनाई में दिखने वाली सफाई व आकर्षक डिजाइनों के कारण अब स्थानीय लोग खास तौर पर उन्हें ऑर्डर देकर स्वेटर बनवाने लगे हैं। रुक बहादुर का मानना है कि मेहनत ही इंसान की असली पहचान है। वे कहते हैं, 'दिनभर की भारी मजदूरी के बाद जब मैं शाम को या खाली समय में बुनाई करता हूं, तो मुझे थकान नहीं, बल्कि मानसिक सुकून मिलता है।' सीमित संसाधनों और अभावों के बीच भी अपने हुनर को निखारते हुए रुक बहादुर आज आत्मनिर्भरता की एक जीती-जागती मिसाल बन गए हैं। उनका यह सफर हमें सिखाता है कि कोई भी काम छोटा नहीं होता और लगन हो तो हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।

# स्व. अनिल की पुण्यतिथि पर कल रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के घुड़दौड़ स्थित बड़ागढ़ रिजॉर्ट एंड स्पा आईएचसीएल सेलेक्शन में 28 (शनिवार) को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शिविर के आयोजक व प्रसिद्ध समाजसेवी नकुल खुल्लर ने बताया कि 28 फरवरी को प्रातः 10 बजे से उनके पिता प्रसिद्ध व्यवसायी स्वर्गीय अनिल खुल्लर की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय अनिल खुल्लर के प्रेरणादायी जीवन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा मानवता की सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है, और यह पहल समाज में सेवा, संवेदना व सहयोग की भावना को सशक्त करेगी। आयोजक नकुल खुल्लर ने सभी क्षेत्रवासियों, समाजसेवियों व युवाओं से आग्रह किया कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें व अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाएं। आपकी सहभागिता न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकती है।

# एसडीएम केलांग राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन प्रैक्टिस अवॉर्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के लिए गर्व का विषय है कि उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) केलांग कुनिका एकर्स को वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन प्रैक्टिस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना द्वारा प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में कुनिका एकर्स एसडीएम केलांग अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाई थी, जिन्हें आज यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन व 21-लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदाता रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रदान किया गया है। एसडीएम केलांग के नेतृत्व में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया गया, जिससे मतदाता रजिस्ट्रेशन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस अवसर पर डीसी किरण भड़ाना ने कहा कि यह सम्मान संपूर्ण प्रशासनिक टीम की समर्पित कार्यशैली व प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जिला निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रहेगा। एसडीएम केलांग ने इस उपलब्धि का श्रेय निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों तथा आम मतदाताओं के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सभी की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लाहौल-स्पीति के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। इस अवसर पर कार्यावाहक तहसीलदार निर्वाचन विकास कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल 27 को सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 27 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 27 को दोपहर 12.30 बजे ग्राम पंचायत जौणाजी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### चंडी-ग्याना दाड़लाघाट में विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 28 फरवरी को क्षेत्र के विभिन्न भागों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़लाघाट उपमंडल के सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि 11 केवी विद्युत लाइनों पर निर्धारित मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके चलते सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 11 केवी चंडी-ग्याना दाड़लाघाट फीडर, 11 केवी नवगांव, 11 केवी कंधर, 11 केवी भराड़ीघाट, 11 केवी धुन्दन तथा 11 केवी रहेवटा फीडरों से जुड़े सभी क्षेत्रों व आसपास के गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि मौसम अथवा तकनीकी कारणों के चलते निर्धारित समय में परिवर्तन संभव है।

### अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ की वर्चुअल बैठक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** देशभर के सीमेंट उद्योग में कार्यरत श्रमिकों के त्रिपक्षीय वेतन समझौते की समय सीमा 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने जा रही है, जबकि नया वेतन समझौता 1 अप्रैल, 2026 से लागू किया जाना प्रस्तावित है। इसी संदर्भ में अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। देश के विभिन्न राज्यों से 47 पदाधिकारियों ने भाग लेते हुए सीमेंट उद्योग में कार्यरत श्रमिकों से जुड़ी मौजूदा समस्याओं पर चर्चा की। भारतीय मजदूर संघ इकाई दाड़लाघाट के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में सीमेंट उद्योग का लगभग 87 प्रतिशत कार्य ठेकेदारों के माध्यम से हो रहा है, जिससे श्रमिकों के शोषण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नव निर्वाचित अखिल भारतीय सीमेंट प्रभारी राजबिहारी शर्मा ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक निर्णय लिए जाएंगे।

### डुमैहर स्कूल में 12वीं के छात्रों के लिए विदाई पार्टी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रवक्ता विजय भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने पहाड़ी, हिंदी तथा पंजाबी गीतों पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, एकल गान, चुटकुले, सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही शायरी, कविता और भाषण के माध्यम से अपने सीनियर साथियों को विदाई की शुभकामनाएं दीं। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गीत और भाषण के माध्यम से इस विद्यालय के अपने अनुभव सांझे किए।

### विद्यार्थियों ने सीखे पर्यटन/हॉस्पिटेलिटी व्यवसाय के गुर

**अनंत ज्ञान। राजगढ़/नाहन।** सिरमौर जिला में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरवा जूणेली और संगड़ाह स्कूल के विद्यार्थियों की पर्यटनों एवं हॉस्पिटेलिटी विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। हरिपुरधार के निकट मानव हिल रिजॉर्ट बड़याल्टा में आयोजित इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं की बारीकियों का प्रैक्टिकल करवा कर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इन दोनों पाठशालाओं से आए लगभग 100 विद्यार्थियों को मानव हिल रिसॉर्ट के परिसर में होटल मैनेजमेंट, कुकिंग, हाउस कीपिंग, टेंट मेकिंग, स्वच्छता, बोनफायर, ट्रैकिंग आदि विषयों के प्रैक्टिकल करवा कर पर्यटन व्यवसाय का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। कार्यशाला के दौरान गेस्ट लेक्चरर के रूप में मानव हिल रिसॉर्ट के प्रबंध निदेशक मेलाराम शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि हिमाचल प्रदेश में अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटन व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं। दूसरी ओर मानव हिल रिसॉर्ट के प्रबंधक कमल शर्मा ने कैंपिंग टेंट लगाने, हाउसकीपिंग एवं कुकिंग इत्यादि के प्रैक्टिकल करवाए।

### नगर निगम हॉल में चिट्टा मुक्त हिमाचल और स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन और एनजीओ शिक्षा क्रांति सोलन के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को नगर निगम सोलन के हॉल में चिट्टा मुक्त हिमाचल और स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा मुख्य अतिथि तथा निगम की आयुक्त एकता काप्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने स्वच्छता एव स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों तथा नशे से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल सरकार और प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है और इस दिशा में जन-जन को सहयोगी बनना होगा।

### शेड्स लॉ कॉलेज सोलन में तीन विषयों पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोलन के सहयोग से आज शेड्स लॉ कॉलेज में तीन प्रमुख विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा ने की। शिविर में वर्तमान संदर्भ में मादक पदार्थ जागरूकता और स्वास्थ्य मार्गदर्शन, बाल विवाह के प्रभाव और मानव एवं वन्य जीव संघर्ष विषयों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। आकांक्षा डोगरा ने इस अवसर पर नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य मार्गदर्शन योजना-2025 पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कि नशीली दवाओं के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य मार्ग दर्शन योजना राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण की एक पहल है।

### युकां के विरुद्ध भाजयुमो का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सनी ठाकुर के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। हाल ही में भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा किया गया उत्पात अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जब पूरा विश्व भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, नवाचार और वैश्विक नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है, ऐसे समय में इस प्रकार का व्यवहार देश की गरिमा पर सीधा आघात है। युवा मोर्चा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और देश की प्रतिष्ठा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन ने जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए भविष्य में ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी दी।

## नंबरदारों की मांगों पर सरकार का सहमति भरा रुख

### राजस्व मंत्री नेगी से मिला महासंघ, राजस्व व्यवस्था सरल बनाने पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर नंबरदार जनकल्याण महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष यशवंत ठाकुर के नेतृत्व में सर्किट हाउस नाहन में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी से मिला और राजस्व प्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विस्तार से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने जमीन की रजिस्ट्री, इंतकाल, निशानदेही तथा तकसीम की प्रक्रियाओं में नंबरदारों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इसके अलावा लगान को पैसों की जगह रुपए में परिवर्तित करने, रिक्त नंबरदार पदों को भरने तथा जमाबंदी अभिलेखों में नंबरदारों के नाम दर्ज करने की मांग भी रखी गई।

जिलाध्यक्ष यशवंत ठाकुर ने कहा कि राजस्व कार्यों में नंबरदारों की पारंपरिक भूमिका महत्वपूर्ण रही है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनकी भागीदारी सीमित होने से कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भूमि खरीद-फरोख्त के दौरान रजिस्ट्री प्रक्रिया में नंबरदार की सेवा को अनिवार्य बनाने पर सरकार विचार कर रही है। उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री इन दिनों सिरमौर प्रवास पर हैं और विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर रहे हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों का मददगार बना 'डे केयर सेंटर'

### आस्था वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित सेंटर का मनाया 9वां स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान

**नाहन।** आस्था वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिला मुख्यालय नाहन में संचालित किया जा रहे है 'डे केयर सेंटर' में वीरवार को स्थापना दिवस मनाया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। मीडिया से बात करते हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे सेवानिवृत्त कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर अमर सिंह चौहान ने बताया कि आस्था सोसाइटी द्वारा चलाए जा रहे 'डे केयर सेंटर' का 9वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आस्था सोसाइटी वरिष्ठ नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सोसाइटी के सौजन्य से माह में दो बार स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाता है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त दवाइयां भी दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि अकसर बढ़ती उम्र के साथ वरिष्ठ नागरिक अकेले हो जाते हैं, लेकिन यहां शहर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को एक-साथ जोड़ा जा रहा है। 'डे केयर सेंटर' के स्थापना दिवस के मौके पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए यहां मॉडलिंग गीत-संगीत समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## शिरगुल महाराज की जन्मस्थली शाया में देवाज्ञा से टूटा आमरण अनशन



अनशन पर बैठे लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** शिरगुल महाराज की जन्मस्थली शाया में 'नौ तबीन' की एकता को लेकर चल रहा आमरण अनशन तीसरे दिन देवाज्ञा के साथ समाप्त हो गया। यह अनशन यूं ही नहीं टूटा, बल्कि धर्म, आस्था और विश्वास की जीत के रूप में सामने आया, जब शिरगुल देवता के देवा (गुर) ने स्वयं देवा रविंद्र कंवर को जल पिलाकर अनशन खुलवाया। थानाधार गांव निवासी देवा रविंद्र कंवर बीते तीन दिनों से आपसी द्वेष और मतभेदों को समाप्त कर सामाजिक एकता स्थापित करने की मांग को लेकर अन्न-जल त्याग कर अनशन पर बैठे थे। उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या तबीन विशेष का विरोध नहीं, बल्कि सभी तबीनों को एक सूत्र में पिरोकर शिरगुल महाराज की प्रजा में सौहार्द और समरसता को पुन: स्थापित करना था।

आज तीसरे दिन स्थानीय देवा में महाराज की हवा आई, जिसके दौरान देवता के आदेश से वहीं के पुजारी को सभी को बुलाकर बैठक करने के निर्देश दिए। इसी दौरान शिरगुल देवता के देवा वेद प्रकाश के माध्यम से महाराज की कृपा प्रकट हुई और उन्होंने देवा रविंद्र कंवर को स्वयं जल पिलाकर अनशन समाप्त करवाया।

## हैरानी : सोलन के 4 कानूनगो को सेवानिवृत्ति के बाद मिली प्रमोशन

### लेटलतीफी से प्रभावित कानूनगो खुद को कर रहे ठगा सा महसूस

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश सरकार और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रदेश में 20 कानूनगो और पटवारियों को नायब





तहसीलदार के पद पर पदोन्नति दी गई है, लेकिन सोलन जिले के चार सेवानिवृत्त कानूनगो को यह प्रमोशन रिटायरमेंट के 8-10 महीने बाद मिला है। 25 फरवरी 2026 को जारी अधिसूचना में प्रेम सिंह, स्वर्ण कुमार, धनी सिंह और विजय कांत को नायब तहसीलदार बनाया गया, जबकि ये सभी 2025 में ही सेवानिवृत्त हो चुके थे। इस लेटलतीफी से प्रभावित कानूनगो खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पुरानी फाइलें लंबित थीं, अधिसूचना में सभी को शामिल कर लिया गया। वित्तीय लाभ के लिए नियम सख्त हैं। यह मामला चर्चा का केंद्र बन गया है। विपक्षी दल इसे प्रशासनिक विफलता बता रहे हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि ऐसे मामलों में पेंशन में संशोधन किया जाए।

#### वित्तीय लाभ से वंचित

**पदोन्नति** तो मिल गई, लेकिन पेंशन में होने वाले वित्तीय लाभ से वे पूरी तरह वंचित रहेंगे। अब कर्मचारियों में यह चर्चा है कि वर्षों सेवा दी, लेकिन प्रमोशन इतनी देरी से मिला कि इसका कोई फायदा नहीं। अब सिर्फ टाइटल है, पैसा नहीं। विभाग की लापरवाही से इस वर्ग का हक छिन गया। प्रदेश में कानूनगो से नायब तहसीलदार की पदोन्नति सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन रिटायरमेंट के बाद ऐसा होना असामान्य है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विभागीय फाइलों में देरी और समीक्षा प्रक्रिया की कमजोरी को दर्शाता है।

## जिला परिषद वार्ड का नाम बदले जाने पर जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के उपमंडल पांवटा साहिब के तहत आने वाले जिला परिषद के भंगानी वार्ड का नाम बदले जाने पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। मामले को लेकर वीरवार को ग्रामीण जिला मुख्यालय नाहन पहुंचे और जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर प्रियंका वर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए समय दिया गया था। इसी कड़ी में जिला परिषद वार्ड भंगानी का नाम बदलकर गोरखुवाला रख दिया है जिस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति दर्ज करवाई है। पिछले कई दशकों से यह वार्ड जिला परिषद के नाम से जाना जाता है। ऐसे में लोगों द्वारा वार्ड का नाम न बदले जाने का आग्रह किया जा रहा है।

## वन अधिकार समिति को समुदायों को लाभान्वित करने की जरूरत : नेगी

### मंत्री ने की राजस्व मामले व आपदा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** राजस्व, उद्यान, जनजातीय विकास एवं लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को जिला सिरमौर के नाहन स्थित बचत भवन में वन अधिकार अधिनियम, राजस्व मामले तथा आपदा की समीक्षा बैठक ली। नेगी ने जिला सिरमौर में वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 को लागू करने के लिए गठित वन अधिकार समिति को समुदायों को लाभान्वित करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने को कहा। बैठक में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा शिलाई उपमंडल के 29 मामलों को योग्य माना गया है।



बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

इसके उपरांत आयोजित राजस्व मामलों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को कार्य में आ रही समस्याओं का भी जायजा लिया। बैठक में कि जिला सिरमौर में अब तक विभाजन के 96 मामले, सीमांकन के 447 मामले, राजस्व प्रविष्टियों के सुधार के 123 मामले, अतिक्रमण के 20 मामले तथा इंतकाल के 11 मामलों का निपटारा किया गया है।

### दिल्ली में रची जा रही अराजक साजिशों के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

## प्रदेश को बनाया अपराधियों की शरणस्थली पर अब चुप नहीं रहेगा युवा : सन्नी शुक्ला

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने वीरवार को सुक्खू सरकार के खिलाफ सीधा युद्ध छेड़ते हुए हुंकार भरी है। प्रदेश में व्याप्त माफिया राज और दिल्ली में रची जा रही अराजक साजिशों के विरोध में

- **प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों सोलन, पालमपुर हमीरपुर और मंडी में प्रर्शन**

आज भाजयुमो ने प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों में प्रचंड विरोध प्रदर्शन किया। सन्नी शुक्ला ने बताया कि सोलन, पालमपुर, हमीरपुर और मंडी की सड़कों पर उतरे भाजयुमो कार्यकर्ताओं के आक्रोश ने यह स्पष्ट कर दिया कि देवभूमि की साख को कांग्रेस के दिल्ली दरबार में गिरवी रखने वाली सरकार के दिन अब गिनती के रह गए हैं।



सन्नी शुक्ला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी की खातिर हिमाचल की मर्यादा का गला घोंट रहे हैं। देश के गद्दारों को राजकीय संरक्षण देना देशद्रोह से कम नहीं। सन्नी शुक्ला ने गरजते हुए कहा कि यह देवभूमि के इतिहास का सबसे काला अध्याय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को नीचा दिखाने की साजिश रचने वाले संदिग्धों को सुक्खू सरकार ने अपनी गोद में बिठाया। उन्होंने सीधा हमला बोलते हुए पूछा मुख्यमंत्री जवाब दें कि कांग्रेस के दिल्ली दरबार के किन आकाओं के फोन पर अपराधियों को सरकारी गाड़ियों में सुरक्षा देकर रोहड़ू और शिमला की वादियों में छुपाया गया।

सोलन, पालमपुर, हमीरपुर और मंडी में आयोजित इन सशक्त विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से भाजयुमो ने स्पष्ट संदेश दिया है कि हिमाचल की जनता अब कांग्रेस के इस 'छल' को और बर्दाश्त नहीं करेगी। आज के प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शनों को केवल एक शुरुआत बताते हुए सन्नी शुक्ला ने कहा कि यदि सरकार ने अपराधियों को संरक्षण देना और पुलिस का राजनीतिकरण बंद नहीं किया, तो भाजयुमो सचिवालय का घेराव करेगी और पूरी सरकार का चक्का जाम कर देगी।

## जयनगर कॉलेज को बंद करने पर 'आप' का विरोध प्रदर्शन

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** आम आदमी पार्टी अर्की इकाई द्वारा जयनगर कॉलेज को बंद करने के सरकार में प्रस्ताव लाने की चल रही चर्चाओं के विरोध में उपमंडलाधिकारी निशांत तोमर अर्की को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के बैनर तले पार्टी कार्यकर्ता, कॉलेज विद्यार्थी अभिभावक व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। आम आदमी पार्टी प्रवक्ता अशोक चंदेल ने कहा कि जयनगर कॉलेज 2017-18 से सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

## लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल ने किया 'स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस' का आयोजन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल, मंज्यात ने अपने बहुप्रतीक्षित स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया। यह आयोजन विद्यालय की गतिविधि-आधारित और अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति के प्रति प्रतिबद्धता को सुंदर रूप से दर्शाता है। सम्मेलन की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने स्वयं मंच का संचालन किया और पाठ्यक्रम से जुड़े विषयों को नाटकों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रत्येक कक्षा ने अपने शैक्षणिक विषय से संबंधित एक विशिष्ट थीम प्रस्तुत की, जिससे कक्षा का अध्ययन जीवंत मंच प्रदर्शन में परिवर्तित हो गया।



स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेते छात्र। अनंत ज्ञान

आयोजन में लगभग 120 अभिभावकों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ संवाद प्रस्तुत किए, अर्थपूर्ण दृश्यों का अभिनय किया और महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया। कक्षा-वार प्रस्तुतियों के अतिरिक्त, विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विशेष प्रस्तुतियों से भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अभिभावकों ने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की।

## यूथ स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जिला सिरमौर बना उपविजेता

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जिला ि्सरमौर की अंडर-21 लड़कों की वॉलीबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर की मजबूत टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग (अंडर-21) की जिला सिरमौर टीम में पारस पुंडीर (कप्तान), तरुण, निर्भय पुंडीर, निशांत, अमन, रजत, अंकुश, आदित्य पवार, आदित्य, अनुराग, वंश, आयुष, निखिल व आस्तिक शामिल रहे। टीम की उपलब्धि पर जिला सिरमौर वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव भूपेंद्र चौहान, अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर, रणदीप ठाकुर सहित एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

- **अंडर-21 लड़कों की टीम ने दिखाया शानदार प्रदर्शन**

## ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में ही प्रदेश की आर्थिक मजबूती निहित : संजय अवस्थी

### ग्राम पंचायत सनयाड़ी मोड़ के गांव पनसोड़ा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी संजय अवस्थी अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत सनयाड़ी मोड़ के गांव पनसोड़ा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में ही प्रदेश की आर्थिक मजबूती निहित है।

विधायक ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट में दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में और वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आरंभिक चरण में गेहूं, हल्दी और मक्का जैसे प्राकृतिक कृषि के माध्यम से उगाए उत्पादों के लिए



जनसमस्याएं सुनते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने से किसान व्यापक स्तर पर लाभान्वित हो रहे हैं।

विधायक ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश को बहुमूल्य खनन निधि प्राप्त हो रही है। वर्ष 2021 के उपरांत पहले वर्ष में ही इस निधि से अर्की विधानसभा क्षेत्र के लिए 24 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि गत तीन वर्षों में ग्राम पंचायत सनयाड़ी मोड़ में विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग 75 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नालसू नाला से जावल संपर्क मार्ग को 16.50 लाख उपलब्ध करवाए हैं। लिली फार्म से पनसोडा होते हुए चाम्बा गांव तक मार्ग निर्माण के लिए 27 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने चाम्बा गांव के संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, पनसोडा, चाम्बा व कुणकुणू गांव में मोक्षधाम के लिए एक-एक लाख रुपए, गांव छामला चलेरनी में पेयजल टैंक के लिए 6.80 लाख रुपए तथा जठोथ संपर्क मार्ग के लिए आकलन अनुसार धनराशि प्रदान करने की घोषणा की।

**आयोजन** | शूलिनी विवि ने की एआईयू अन्वेषण 2025-26 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी

## देशभर से 200 छात्र, संकाय सदस्य हुए एकत्रित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) ने शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से सोलन स्थित विश्वविद्यालय परिसर में एआईयू अन्वेषण 2025-26 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस राष्ट्रीय छात्र अनुसंधान सम्मेलन में देश भर के संस्थानों से लगभग 200 छात्र और संकाय सदस्य एकत्रित हुए, जिन्होंने मौलिक अनुसंधान मॉडल, प्रोटोटाइप और नवोन्मेषी विचारों का प्रदर्शन किया। यह आयोजन बौद्धिक आदान-प्रदान व अकादमिक सहयोग को एक जीवंत मंच साबित हुआ।

एआईयू की प्रमुख छात्र अनुसंधान पहल, अन्वेषण का उद्देश्य युवा विद्वानों में वैज्ञानिक सोच, समस्या-समाधान कौशल और एक सशक्त अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देना है। संरचित प्रस्तुतियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से, इस मंच ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ-साथ उभरती वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप अनुसंधान परिणामों को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाया, जिससे नवाचार-आधारित विकास के महत्व को बल मिला। शूलिनी विश्वविद्यालय की मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला ने अपने स्वागत भाषण में शोध आधारित शिक्षा और नवाचार उन्मुख शिक्षण प्रणालियों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं के पोषण के महत्व पर बल दिया। एआईयू के संयुक्त निदेशक डॉ. अमरिंदर पाणि ने अन्वेषण को छात्र नवाचार को समर्पित देश के सबसे बड़े शोध सम्मेलनों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि यदि भारत 2047 तक वैश्विक नेता के रूप में उभरना चाहता है, तो शोध और नवाचार ही प्रमुख प्रेरक शक्ति होंगे।



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

इस परिप्रेक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए शूलिनी विश्वविद्यालय के नवाचार एवं विपणन विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर आशीष खोसला ने अकादमिक मंचों में भागीदारी के महत्व पर बल दिया। मोहम्मद हिदायतुल्लाह द्वारा एक राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में व्यक्त की गई टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कि भागीदारी स्वयं एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुलपति प्रोफेसर पीके खोसला ने युवा शोधकर्ताओं को वैश्विक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

# सीमांचल में घुसपैठ बर्दाश्त नहीं, 10 किमी. दायरे में अवैध ढांचे हटेंगे : शाह

**एजेंसी, अररिया**



'**सीमांचल** इलाके में घुसपैठियों को चिह्नित किया जाएगा और फिर उन्हें देश से बाहर भेजने को लेकर जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।' यह ऐलान गृह मंत्री अमित शाह ने सीमांचल में एक कार्यक्रम के दौरान किया। इस दौरान उन्होंने घुसपैठियों को हटाने के वादे को प्राथमिकता दी। साथ ही सीमा सुरक्षा से जुड़ी कई परियोजनाओं को लेकर समीक्षा भी की।

उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में घुसपैठ देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में घुसपैठियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में बने अवैध निर्माणों को चिह्नित कर ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अररिया के सिकटी स्थित लेटी में एसएसबी की 52वीं वाहिनी के प्रशासनिक एवं आवासीय भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमांचल क्षेत्र में जनसांख्यिकीय बदलाव को भी चिंता का विषय बताया। उन्होंने इस मुद्दे की जांच कराने की बात कही और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को घुसपैठ व तस्करी रोकने के लिए पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। वहीं, दौरे के दौरान गृह मंत्री सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सीमा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही केंद्र सरकार के 'वाइब्रेंट विलेजेस कार्यक्रम' के क्रियान्वयन पर भी चर्चा होगी। गृह मंत्री सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उन्होंने किशनगंज में रात्रि विश्राम किया। वीरवार सुबह अररिया रवाना होने से पहले उन्होंने स्थानीय हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर मौजूद लोगों ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए। शुक्रवार को उनका कार्यक्रम पूर्णिया में निर्धारित है, जहां वे विभिन्न प्रशासनिक बैठकों और जनसभाओं में हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 4,750 रुपए गिरकर 2.61 किलो पर आई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में वीरवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 986 रुपए गिरकर 1,58,022 रुपए पर आ गया है। इससे पहले यह 1,59,008 रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 4,750 रुपए गिरकर 2,60,667 रुपए पर आ गई है। बुधवार को इसकी कीमत 2,65,417 रुपए किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26,000 रुपए और चांदी 35,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। (अनंत ज्ञान)

# उत्तर बंगाल में आया 4.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी सहित उत्तर बंगाल के कई इलाकों में वीरवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर से पहले आए इस कंपन से सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के विस्तृत क्षेत्रों में दहशत फैल गई। झटकों का असर कोलकाता तक महसूस किया गया, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। मौसम विभाग के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.6 दर्ज की गई। इसका केंद्र सिक्किम में था और झटके सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर महसूस किए गए। पर्यटन सीजन होने के कारण दार्जिलिंग और सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद है। अचानक आए झटकों के बाद कई लोग एहतियातन होटल से बाहर निकल आए। हाल ही में सिक्किम के राबांगला से करीब 8 किलोमीटर दक्षिण में लगातार कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस घटना की दहशत अभी कम भी नहीं हुई थी कि गुरुवार को फिर 4.6 तीव्रता के भूकंप ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर



**एजेंसी, रायपुर**

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर जिले में वीरवार सुबह सुरक्षाबलों की नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से दोनों नक्सलियों के शव के साथ एसएलआर व इंसास हथियार बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती नदी के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद संयुक्त सुरक्षाबलों की टीम सर्चिंग और माओवादी विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके में चलाए गए सर्च अभियान में दो वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद हुए। एक एसएलआर रायफल, एक इंसास रायफल, एक 12 बोर रायफल के साथ विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की अन्य सामान जब्त किया गया। बस्तर के आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि अभी भी सघन सर्च अभियान जारी है। घने जंगलों का फायदा उठाकर कई माओवादी भाग निकले हैं, जिनकी तलाश जारी है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 82,249 पर बंद, निफ्टी में 14 अंक की तेजी




**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को फ्लैट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 27 अंक गिरकर 82,249 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 14 अंकों की गिरावट रही। ये 25,497 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार में फार्मा और सरकारी बैंक के शेयरों में तेजी रही है।

जापान का निक्केई इंडेक्स 0.29% चढ़कर 58,753 पर बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.69% चढ़कर 6,307 के स्तर पर व हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.44% गिरकर 26,381 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.01% गिरकर 4,146 पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजार में 25 फरवरी को तेजी रही थी। डाउ जोन्स 307 अंक (0.63%) चढ़कर 49,482 पर बंद हुआ था। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.26% चढ़कर 23,152 पर बंद हुआ। पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी के आईपीओ का आज यानी 26 फरवरी को आखिरी दिन है। ये 24 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। 2 दिन में ये आईपीओ टोटल 83% सब्सक्राइब हो चुका है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 380 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने उमर खालिद से की राहुल गांधी की तुलना

◆ भाजपा ऑफिस के बाहर पोस्टर लगे

◆ अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। इसमें लिखा गया कि अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद है जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कांग्रेस कार्यकर्ता की तस्वीरें हैं, जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं। ये पोस्टर भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने लगवाए हैं। यह पोस्टर दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर लगाया गया है। एआई समिट में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने के आरोप में अब तक 11 यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में, एक्यूआई 201 पहुंचा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में वायु खराब श्रेणी में है। वीरवार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 201 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच 'एक्यूआई' को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.1 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े आठ बजे 86 दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

# अगर हमें खतरा हुआ तो दक्षिण कोरिया को मिटा देंगे : किम जोंग

**एजेंसी, सियोल**

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने चेतावनी दी कि अगर उनकी सुरक्षा को खतरा हुआ तो परमाणु-संपन्न देश दक्षिण कोरिया को 'पूरी तरह से मिटा' सकता है। उन्होंने सियोल के साथ बातचीत करने से एक बार फिर इनकार कर दिया। सरकारी मीडिया ने वीरवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी की एक बैठक के समापन के दौरान उन्होंने अगले पांच वर्षों के लिए अपने नीतिगत लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वाशिंगटन से बातचीत के लिए अपने रास्ते खुले रखे।

हाल के वर्षों में किम ने सियोल के प्रति अपनी बयानबाजी को और तीखा कर दिया है और उसके साथ कूटनीति के प्रति अपनी अस्वीकृति पर जोर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सैन्य संघर्ष की आशंका नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक व्यापक रणनीति को आगे बढ़ाना है, जिसके तहत किम के परमाणु हथियारों और मॉस्को तथा बीजिंग के साथ संबंधों के बल पर उत्तर कोरिया की अधिक मजबूत और प्रभावशाली भूमिका स्थापित करना है। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि किम ने अपनी परमाणु-संपन्न सेना को मजबूत करने के लिए नयी हथियार प्रणालियों को विकसित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में उनके परमाणु और मिसाइल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास ने देश को परमाणु हथियार संपन्न देश के रूप में उभारा है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका लंबे समय से रुकी हुई बातचीत को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे उत्तर कोरिया के प्रति अपनी 'शत्रुतापूर्ण' नीतियों को छोड़ना होगा। द. कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया का अंतर-कोरियाई संबंधों को शत्रुतापूर्ण रूप में परिभाषित करना खेदजनक है और सियोल शांति के प्रयासों को जारी रखेगा। (अनंत ज्ञान)

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उद्योगपति एवं रिलायंस समूह के चेयरमैन 66 वर्षीय अनिल अंबानी कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अनिल अंबानी सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एक जांच के सिलसिले में नई दिल्ली स्थित अपने हेडक्वार्टर में पेश होने के लिए बुलाया था। इससे पहले उनसे अगस्त, 2025 में पूछताछ की गई थी। अनिल अंबानी का बयान धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जाएगा। यह जांच उनकी समूह कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस में कथित रूप से 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड ग्राहकों को लगातार लाभांश (डिविडेंड) प्रदान करने वाली मज़बूत कंपनियों के स्टॉक में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने में मदद करेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मज़बूत कंपनियों में निवेश कर इक्विटी बाज़ार में भागीदारी करने का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। फंड की रणनीति चार स्तंभों पर टिकी है, जिसमें डिविडेंड भुगतान पर आधारित स्टॉक का चुनाव, मज़बूत वित्तीय स्थिति और स्थिर नकद प्रवाह के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, कई खंडों में विविधीकरण, और समय-समय पर समीक्षा और पुनर्संतुलन के साथ पारदर्शी, नियम आधारित और अनुशासित निवेश प्रक्रिया शामिल है। यह नया फंड हमारे ग्राहकों को इस भरोसे के साथ निवेशित रहने में मदद करेगा कि उनका पोर्टफोलियो वित्तीय स्तर पर मज़बूत और विश्वसनीय कंपनियों के अनुरूप है।

### जेई रिश्वत के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रेवाड़ी के धारूहेड़ा में वीरवार को एसीबी की टीम ने नगर पालिका के जेई को 90 हजार रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जेई ने ठेकेदार की पेमेंट पास करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। ठेकेदार ने जैसे ही जेई को रिश्वत दी, एसीबी की टीम ने जेई हरीश को रंगे हाथों दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार राजबीर सिंह ने धारूहेड़ा नगर पालिका में विकास कार्यों का टेंडर लिया हुआ है। ठेकेदार विकास के कार्यों की पेमेंट की फाइल लंबे समय से जेई हरीश के पास लंबित पड़ी हुई थी। जिसे लेकर जेई टालमटोल कर रहा था। इसके बाद पेमेंट के बिल पास करने के लिए जेई ने एक लाख रुपये की मांग की। सौदा तय होने के बाद ठेकेदार राजबीर ने इसकी शिकायत विजिलेंस को की। विजिलेंस की टीम ने जेई को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। गुरूवार को ठेकेदार राजबीर विजिलेंस के दिए 90 हजार रुपये लेकर जेई के पास नगर पालिका पहुंचा। ठेकेदार ने जैसे ही जेई को रिश्वत दी, एसीबी की टीम ने जेई हरीश को रंगे हाथों दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जेई हरीश की रिटायरमेंट में केवल पांच महीने का समय ही शेष बचा था।

### हरियाणा के 12 शहरों में बसेंगे नए सेक्टर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश के 12 शहरों में नए सेक्टरों का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी जल्द इस बारे में विस्तृत योजना का ऐलान करेंगे। हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के हवाले से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने वीरवार को यह जानकारी दी। प्रश्नकाल के दौरान समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा में नए सेक्टरों को विकसित करने की योजना के बारे में सरकार से पूछा। इसके जवाब में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि समालखा में तीन नए सेक्टर बसाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। सेक्टर एक, दो और चार में लगभग 498 एकड़ खाली जमीन मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के जरिए खरीदी जाएगी। इस पर कैबिनेट मंत्री बेदी ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के एक दर्जन शहरों में नए सेक्टरों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 40 हजार एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इसका विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को बिल्डरों के चंगुल से बचाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी सीट से संकेत दिए कि प्रदेश के विकास हेतु योजना तैयार हो चुकी है। दो दिन इसका विस्तार पूरे प्रदेश के सामने रखा जाएगा।

### कॉटन फैक्टरी में लगी आग से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बरवाला के अग्रोहा मार्ग पर स्थित एक कॉटन फैक्टी में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची परंतु आग नहीं बुझ पाई और आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। दो-तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर और पहुंची। तब जाकर इस आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम को इस आग पर काबू पाया गया। आग से कॉटन फैक्ट्री मालिक को लाखों रुपए का नुकसान का अनुमान है। मौके पर मौजूद तरसेम राजलीवाला और प्रधान जय नारायण राजली वाला ने बताया कि बुधवार शाम को चार बजे किशोरी लाल एंड संस नामक कॉटन फैक्ट्री में आग लग गई। थोड़ी देर की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से इस आग पर काबू पा लिया गया परंतु बुधवार रात को ही एक बार फिर से फैक्टरी में रखे खल बिनोलों में आग लग गई।

# फेस्टिवल में कला, साहित्य व संगीत से प्लूरलिज्म और इनक्लूजन पर बातचीत

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** यूनाइटेड सिख्स, एक इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स और ह्यूमैनिटेरियन ऑर्गनाइज़ेशन ने मेला सेलिब्रेशन ऑफ डाइवर्सिटी (विमर्श 2026) में हिस्सा लिया, जो दो दिन का आर्ट, कल्चर और लिटरेचर फेस्टिवल है।

यह फेस्टिवल आज चंडीगढ़ के पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस में शुरू हुआ। सेवा (निस्वार्थ सेवा), सरबत दा भला (सभी की भलाई), और सोशल जस्टिस के सिख सिद्धांतों से गाइडेड, यूनाइटेड सिख्स दुनिया भर में ह्यूमन राइट्स की रक्षा करने, कम्युनिटीज़ को मज़बूत बनाने और खासकर हाशिए पर पड़े और बेघर लोगों के लिए सम्मान और बराबरी को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है। यह फेस्टिवल कलाकारों, लेखकों, अकेडेमिक्स, स्टूडेंट्स और सिविल-सोसायटी के रिप्रेजेंटेटिव्स को एक साथ लाता है ताकि आर्ट, लिटरेचर, म्यूजिक और पब्लिक




डिस्कशन के ज़रिए प्लूरलिज्म और इनक्लूजन पर बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके। यूनाइटेड सिख्स का हिस्सा लेना, कल्चर, कम्युनिटी एंगेजमेंट और ह्यूमन राइट्स एडवोकेसी को जोड़ने वाले इनक्लूसिव प्लेटफॉर्म बनाने के उसके लगातार कमिटमेंट को दिखाता है।

यूनाइटेड सिख्स की इकोनॉमिक कंसल्टेंट, डॉ. मनप्रीत कौर गिल ने कहा, 'मेला जैसे कल्चरल फेस्टिवल ह्यूमन-राइट्स डिस्कोर्स को लाइव कम्युनिटी एक्सपीरियंस से जोड़ने में अहम रोल निभाते हैं। हमें स्टूडेंट्स और आम लोगों के साथ जुड़कर डिग्निटी, जस्टिस और कलेक्टिव रिस्पॉन्सिबिलिटी के बारे में बातचीत को मज़बूत करने पर गर्व है।' यूनाइटेड सिख्स डेलीगेशन में अमृतपाल सिंह (पंजाब डायरेक्टर), गुरप्रीत सिंह (चंडीगढ़ डायरेक्टर), डॉ. मनप्रीत कौर गिल (इकोनॉमिक कंसल्टेंट), जगमीत सिंह (डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, फिरोजपुर), अमनदीप सिंह गिल और वॉलंटियर मेंबर शामिल थे। उनका हिस्सा लेना ह्यूमन राइट्स, सोशल जस्टिस और इंसानियत की सेवा के लिए ऑर्गनाइज़ेशन के कलेक्टिव कमिटमेंट को दिखाता है।

# कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं ने देश का किया अपमान यह निंदनीय: सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ए आई समिट में कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार का नंगा नाच किया और भारत देश को दुनियाभर में अपमानित करने का काम किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। मुख्यमंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने पिछले बजट में घोषणा की थी कि सरकार गुरुग्राम तथा पंचकूला में दो एआई हब बनाएगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वैश्विक स्तर की ए आई समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में पूरी दुनिया से लोगों ने भागीदारी की, लेकिन कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं ने वहां नंगा नाच करके इस देश को दुनिया में अपमानित किया।

# ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बढ़ती सिविक चिंताओं पर जल्द एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन की मांग की

**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पंचकूला सेक्टर 7 ने इलाके में बिगड़ते इंफ्रास्ट्रक्चर व बढ़ती पब्लिक सेफ्टी चिंताओं को लेकर प्रशासन से तुरंत दखल देने की मांग की है। 35 लाइफ मेंबर्स और 200 से ज्यादा एसोसिएट मेंबर्स को रिप्रेजेंट करते हुए, एसोसिएशन ने कहा कि सेक्टर 7, जो पंचकूला, चंडीगढ़ और मनीमाजरा के ट्राई-जंक्शन पर है, को इसके हाई-ट्रैफिक और सेंसिटिव लोकेशन की वजह से तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। निवासियों ने कहा कि लगातार सिविक कमियों से सैनिटेशन स्टैंडर्ड्स, पब्लिक सेफ्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेबिलिटी पर असर पड़ रहा है।

एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कर्नल (रिटायर्ड) संदीप भनोट ने कहा कि इर्रेगुलर वेस्ट कलेक्शन की वजह से कूड़ेदान ओवरफ्लो हो गए हैं और आस-पास गंदगी फैल गई है। उन्होंने रोजाना मैकेनाइज्ड सफाई, एंटी-लटरिंग नॉर्म्स को सख्ती से लागू करने और एक मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम की मांग की। एसोसिएशन ने खुले नाले की बाउंड्री पर सिक्योरिटी की चिंता भी जताई, और पेरिमीटर फेंसिंग, सिक्योरिटी ग्रिल लगाने, चौबीसों घंटे सीसीटीवी सर्विलांस, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और स्ट्रीट वेंडर्स का सही वेरिफिकेशन करने की मांग की। आवारा कुत्तों व बंदरों के खतरे को हाईलाइट करते हुए, एसोसिएशन ने स्टरलाइजेशन ड्राइव और साइंटिफिक तरीके से पॉपुलेशन कंट्रोल की मांग की। लोगों ने खराब सड़कों, स्पीड ब्रेकर की कमी, असुरक्षित पैदल चलने वालों के रास्तों और उलझे हुए ओवरहेड केबल से एक्सीडेंट का खतरा होने की भी शिकायत की। सेक्टर 7 मार्केट में अतिक्रमण, कम्युनिटी सेंटर के पूरा होने में देरी, ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर, अनियमित पानी की सप्लाई, बंद नालियां और बिलिंग की समस्याएं भी उठाई गईं। एसोसिएशन ने कम्युनिटी सेंटर के लिए एक साफ रोडमैप की मांग की, जिसे छह महीने के अंदर पूरा किया जाए। लोगों ने घरों और स्कूलों के पास कचरा कलेक्शन पॉइंट पर चिंता जताई और इसे सही तरीके से कचरा अलग करने और खाद बनाने की सुविधाओं के साथ दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की।

# हरियाणा के 22 पर्यटन स्थलों पर मनाया जाएगा पांच दिवसीय रंगोत्सव : अरविंद

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** प्रदेश में पहली बार पर्यटन विभाग के टूरिस्ट कांप्लेक्स होली के रंगों में सराबोर होंगे और आमजन, परिवार, कॉरपोरेट, आरडब्ल्यूए, एसोसिएशन इसका आनंद उठा सकेंगे। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा 28 फरवरी से प्रारंभ हो रहे पांच दिवसीय रंगोत्सव 2026 को लांच करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग निरंतर आमजन को जोडने के लिए नई पहलें कर रहा है।

वीरवार को चंडीगढ़ में पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक पार्थ गुप्ता व महाप्रबंधक ममता शर्मा की मौजूदगी में रंगोत्सव 2026 के पोस्टर को लांच किया। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी से 4 मार्च तक हरियाणा पर्यटन निगम प्रदेश में 22 टूरिस्ट काम्प्लेक्सों पर होली कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम, फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल, रोहतक और पंचकूला जोन के टूरिस्ट कांप्लेक्सों में आयोजन की तैयारी कर ली गई हैं। अरविंद शर्मा ने बताया कि रंगोत्सव 2026 में प्रतिदिन डीजे, हरियाणवी कलाकारों की प्रस्तुति, रेन डांस जोन, आर्गेनिक कलर जोन, किड्स प्ले जोन, पारंपरिक होली पर लोक कला अनुसार फाग व रागनी का भी आयोजन होगा। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग द्वारा सूरजकुंड में अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव, दीवाली मेला, पिंजौर में मैंगो मेला और बैसाखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बार होली पर कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है, ताकि आमजन इन आयोजनों में संगीत, नृत्य और खान-पान का लुत्फ उठा सकें।

**आयोजन** 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

# 24 टीमें खेल भावना, अनुशासन का दे रही परिचय

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़/पंचकूला।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मागदर्शन में आध्यात्मिक चेतना, मानवीय मूल्यों और खेल भावना के दिव्य समन्वय को साकार करते हुए 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) की पावन धरा पर अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

यह आयोजन न केवल खेल प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है, बल्कि मानवता, एकता और सामूहिक प्रगति के संदेश को भी उजागर करता है। 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 श्रेष्ठ टीमें सहभागिता कर रही हैं। इनमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा, कोलकाता, गुजरात, दिल्ली एवं दिल्ली एन.सी.आर. से आए युवा खिलाड़ी, खेल के माध्यम से अनुशासन, संयम और भातृभाव का सजीव परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं। मैदान पर उनका समर्पण, मर्यादित आचरण और सेवा भाव इस आयोजन को केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रेरणा का उत्सव बना रहा है। इस विशाल आयोजन का संचालन संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है तथा सहभागिता के लिए उल्लेखनीय संख्या में पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को निखारता है, बल्कि आत्मसंयम, एकता और आध्यात्मिक चेतना को भी दृढ़ करता है। इस टूर्नामेंट की आधारशिला बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में रखी गई थी। बाबा गुरबचन सिंह जी का सदैव यह विश्वास रहा कि खेलों के माध्यम से युवा शक्ति को संयम, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर अग्रसर किया जा सकता है। इस भव्य आयोजन में संत निरंकारी मंडल की प्रधान राजकुमारी तथा केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इनके अतिरिक्त मंडल के अन्य पदाधिकारीगणों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा और भी बढ़ा दी। इस अवसर पर खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए राजकुमारी ने कहा कि 26वां टूर्नामेंट 2000 में लुधियाना से प्रारंभ हुआ और 2021 के बाद भी उसी उद्देश्य से निरंतर चल रहा है। बाबा गुरबचन सिंह जी के अनुसार 'शरीर स्वस्थ होगा तभी भक्ति हो सकती है', क्योंकि मानव तन परमात्मा की प्राप्ति का माध्यम है। खेल हमें सिखाते हैं कि परिस्थिति कैसी भी हो, मनोस्थिति संतुलित रहे और जीत-हार से ऊपर उठकर प्रेम, नम्रता व भाईचारे की भावना बनी रहे। स्वस्थ शरीर से ही हम सेवा में योगदान दे सकते हैं और भक्ति में आनंद प्राप्त करते हैं। खेलों से सहनशीलता, मर्यादा व अनुशासन के गुण विकसित होते हैं।

'थकना नहीं, अकना नहीं, झुकना नहीं' की भावना के साथ निरंकार से अरदास है कि सभी स्वस्थ रहें, खेल भावना से आगे बढ़ें और प्रेम व खुशियों के साथ जीवन जिएं। टूर्नामेंट के सुचारू और सफल संचालन के लिए व्यापक प्रबंध भी किए गए। प्रतिभागियों और दर्शकों की सुविधा हेतु आवास, चिकित्सा सेवाएं, जलपान, आपातकालीन सहायता, सुरक्षा एवं पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे यह आयोजन सुगम, स्मरणीय और व्यवस्थित बन सके।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एन्स्केडे आईके डैम से खेला ड्रॉ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार, रात स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अभ्यास मैच में स्वीडिश क्लब एन्स्केडे आईके डैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत की ओर से सिबानी देवी नोंगमेइकापाम ने 44वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि मुकाबले के अंतिम क्षणों में 88वें मिनट पर एन्स्केडे ने बराबरी का गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। भारत अंडर-20 टीम के मुख्य कोच योआकिम अलेक्जेंडरसन ने पिछले मैच की तुलना में शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। भारतीय टीम ने अपने पिछले मुकाबले में टैबी एफके को 4-0 से हराया था, जबकि उससे पहले हामरबी आईएफ के खिलाफ उसे 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। यंग टाइग्रेस अब 28 फरवरी को स्वीडन के क्लब कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)

### ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सिमोन बाइल्स बनीं लॉरियस की एंबेसडर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी



जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है। उन्होंने चार बार लॉरियस की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार भी हासिल किया है। बाइल्स ने मिलान की यात्रा के दौरान अपनी नई भूमिका की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि लॉरियस ने कई वर्षों से उनके खेल के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाइल्स ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'लॉरियस का समर्थन करने में मुझे गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि मैं लॉरियस के इस विचार का समर्थन करती हूं कि खेल में दुनिया को बदलने की शक्ति है।' (अनंत ज्ञान)

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में गुकेश और नीमन का मैच ड्रॉ

**एजेंसी, प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गये। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने भी अच्छा खेल दिखाया और आखिर में बाजी ड्रॉ करने में सफल रहा। गुकेश को छोड़कर सफेद मोहरों से खेल रहे अन्य खिलाड़ियों ने पहले दौर में जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### रिदम सांगवान का खूबसूरत अंदाज

**भारतीय** शूटर रिदम सांगवान एक जबरदस्त पिस्टल निशानेबाज हैं। वह पहली बार तब प्रसिद्धि में आईं थी, जब उन्होंने 2022 काहिरा विश्व चैंपियनशिप में 3 रजत पदक जीता था। इसके बाद 2022 आईएसएसएफ विश्व कप में इन्हें तीनों रंगों के पदक मिले।



# सेमीफाइनल में पहुंचा साउथ अफ्रीका

## सुपर-8 में अपने दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से दी करारी शिकस्त

**एजेंसी, कोलंबो**

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफ्रीका ने वीरवार को वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान ऐडन मार्करम ने नाबाद 82 और रायन रिकेल्टन 45 रन बनाए। वहीं, वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 52 रन बनाए, जबकि जेसन होल्डर 49 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी को 3 व कगिसो रबाडा और कॉर्बिन बॉश को 2-2 विकेट मिले। (अनंत ज्ञान)



### शेफर्ड-होल्डर के बीच 89 रनों की साझेदारी नहीं आई काम

**वेस्टइंडीज** का स्कोर एक समय सात विकेट पर 83 रन था। लेकिन शेफर्ड और होल्डर ने इसके बाद पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिए 57 गेंदों पर 89 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मुश्किल से उबारा। होल्डर आखिरी ओवर में रन आउट हुए जिससे ये साझेदारी टूट गई। होल्डर 31 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ शेफर्ड और होल्डर ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दे सकी। शेफर्ड 37 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद लौटे।

### अफ्रीका को मार्करम-डिकॉक ने दिलाई दमदार शुरुआत

**लक्ष्य** का पीछा करते हुए मार्करम ने क्विंटन डिकॉक के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। डिकॉक अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रोस्टन चेज ने उन्हें आउट कर दिया। डिकॉक 24 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्करम ने रेयान रिकेल्टन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज पर दबाव बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका की कोशिश मैच को जल्द से जल्द अपने नाम करने की थी जिससे नेट रन रेट और बेहतर किया जा सके। दक्षिण अफ्रीका इसमें सफल रहा क्योंकि उसने 23 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्करम ने 46 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 82 रन बनाए, जबकि रिकेल्टन 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया



**एजेंसी, चेन्नई**

टी-20 वर्ल्ड कप का 8वां सुपर-8 मैच भारत और जिम्बाब्वे के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय टीम ने इस मैच में टी-20 वर्ल्ड कप में अपना अब तक सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर बनाकर जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया। भारत का पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था, जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। (अनंत ज्ञान)

◆ **अभिषेक और पंड्या ने फिफ्टी बनाई, तिलक ने बनाए 44 रन**

# ब्यूटी डुंगडुंग: पिता को खोया; चोट से लड़ी, फिर बनीं परिवार का सहारा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महज 22 वर्ष की उम्र में भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग अपने कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी उठाए हुए हैं। इस समय वह बेंगलुरु में भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में पसीना बहा रही हैं, लेकिन मैदान पर वापसी उनके जीवन की सबसे कठिन लड़ाई रही है। साल 2023 में घुटने की गंभीर चोट के कारण उन्हें लगभग दो वर्षों तक पुनर्वास से गुजरना पड़ा। इस दौरान वह लगातार यह सोचती रहीं कि क्या वह दोबारा भारत के लिए खेल पाएंगी, लेकिन मैदान की शारीरिक पीड़ा से भी बड़ा दुख उन्हें निजी जीवन में झेलना पड़ा—चोट के दौरान ही उनके पिता का निधन हो गया।



ब्यूटी ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'चोट के समय ही मेरे पिता का देहांत हो गया। मैं घर और शिविर के बीच लगातार आ-जा रही थी। एक साथ बहुत कुछ हो रहा था। कई बार लगा कि शायद अब वापसी नहीं हो पाएगी।' झारखंड के एक छोटे से गांव में पली-बढ़ीं ब्यूटी के लिए उनके पिता ही सबसे बड़े प्रेरणास्रोत थे। आर्थिक तंगी के बीच जब वह केवल पांच वर्ष की थीं, तब उनके पिता ने बांस से उनकी पहली हॉकी स्टिक बनाई थी, क्योंकि असली स्टिक खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। बाद में उन्होंने बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए दूसरे राज्यों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम भी किया। वह भावुक होकर कहती हैं, 'जब पापा थे तो बहुत सहारा था। अब सब कुछ मुझे खुद संभालना है।'

आज ब्यूटी अपने परिवार की मुख्य आधार हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी में नौकरी के माध्यम से वह पूरे परिवार का खर्च उठाती हैं। अपने भाई के परिवार की मदद करने के साथ-साथ भतीजी और भतीजों की पढ़ाई का खर्च भी वहन करती हैं। उनकी मां आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हैं और स्मृति कमजोर हो चुकी है, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है।

ब्यूटी कहती हैं, 'कभी-कभी तनाव हो जाता है। मां चीजें भूल जाती हैं और बार-बार पूछती हैं कि मैं घर कब आऊंगी। जब मैं बाहर रहती हूं तो मन उन्हीं के पास रहता है।' (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी फाइनल : कर्नाटक की टीम के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य

# जम्मू-कश्मीर ने दिया 585 रन का टारगेट

**एजेंसी, हुब्बली**

राज्य के हुब्बली स्थित केएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी फाइनल मुकाबले में जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम ने तीसरे दिन पहली पारी में 584 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। कर्नाटक के सामने जीतने के लिए बड़ा लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। वहीं, जम्मू-कश्मीर ने तेज गेंदबाज औकिब नबी की धारदार गेंदबाजी से कर्नाटक के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए वीरवार को तीसरे दिन पहली पारी में मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 220 रन करके ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर की टीम ने ठोस प्रदर्शन किया। ओपनर यावर हसन ने 88 रन की उपयोगी पारी खेली। तीसरे नंबर पर उतरे शुभम पुंडीर ने शानदार 121 रन बनाकर पारी को मजबूती दी। कप्तान परस डोगरा ने 70 रन का योगदान दिया, जबकि अब्दुल समद ने 61 रन जोड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज कनहैया वाधवन ने 70 रन बनाए और साहिल लोटरा ने 78 रन की अहम पारी खेली। इस तरह जम्मू-कश्मीर की पूरी टीम 584 रन पर ऑलआउट हो गई। कर्नाटक की ओर से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 34.1 ओवर में 98 रन देकर 5 विकेट झटके। हालांकि अन्य गेंदबाजों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी, जिससे विरोधी टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जम्मू-कश्मीर की पारी समाप्त होने के बाद कर्नाटक क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी है। मुकाबले का तीसरा दिन जारी है।

कर्नाटक के लिए पहली पारी में बढ़त हासिल करना जरूरी है। नियमों के अनुसार यदि फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहता है तो पहली पारी में बढ़त लेने वाली टीम को चैंपियन घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# रियल मैड्रिड ने बेनफिका को 2-1 से हराकर अंतिम 16 में बनाई जगह

**एजेंसी, मैड्रिड**

15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2-1 से हराया और कुल 3-1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई।



पहले चरण में 1-0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरुआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्वौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मुकाबला बराबरी पर आने के बाद दोनों टीमों के बीच तेज़ टक्कर देखने को मिली। 32वें मिनट में आर्डा गुलर ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने ऑफसाइड करार देते हुए उसे रद्द कर दिया। पहले हाफ के अंत तक बेनफिका ने भी कई मौके बनाए, लेकिन कोर्टुआ ने शानदार बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा। दूसरे हाफ में रियल ने लय पकड़ी। 60वें मिनट में एक चूक के बाद राफा सिल्वा का जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया, जिससे रियल को बड़ा झटका लगते-लगते बचा। निर्णायक क्षण 80वें मिनट में आया, जब वाल्वेर्दे ने मिडफील्ड से सटीक पास दिया। विनीसियस जूनियर ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए बॉक्स में प्रवेश किया और शांत दिमाग से गेंद को निचले कोने में पहुंचाकर स्कोर 2-1 कर दिया। इसी के साथ मुकाबले का फैसला हो गया। मैच के बाद त्वौआमेनी ने कहा, 'हमने शुरुआत अच्छी नहीं की, लेकिन हमें भरोसा था कि गोल मिलेंगे। मैच के साथ हमने बेहतर प्रदर्शन किया।'

### श्रीलंका टीम में दीर्घकालिक सुधार की जरूरत: शनाका

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम में व्यापक और दीर्घकालिक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें तब समाप्त हो गईं जब श्रीलंका को न्यूजीलैंड ने 61 रन से पराजित किया। शनाका ने कहा कि यदि टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत प्रदर्शन करना है तो शारीरिक तैयारी और लंबी अवधि की योजना पर गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'देश के लिए खेलते समय शारीरिक फिटनेस पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता। चोटों के कारण हमें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पा रहा है। सभी जानते हैं कि वानिंदु हसरंगा कितने महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, और मथीशा पथिराना तथा ईशान मलिंगा टीम के लिए कितने अहम हैं। जब ये खिलाड़ी उपलब्ध नहीं होते तो टीम पर असर पड़ता है। यह बहाना नहीं है, लेकिन अधिकतर चोटें शारीरिक तैयारी से जुड़ी हैं।' शनाका ने कहा कि पिछले कई विश्व कप में भी चोटें प्रमुख चर्चा का विषय रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने पिछले पांच विश्व कप खेले हैं। लगभग हर बार यही सवाल उठा कि चोटों से बेहतर तरीके से कैसे निपटा जाए।' कप्तान ने माना कि समस्या केवल फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि योजना और दिशा की स्पष्टता भी जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

# सिंगापुर स्मैश के सेमीफाइनल में पहुंची मनुष-मानव की जोड़ी



**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मनुष शाह और मानव ठक्कर की जोड़ी ने इतिहास रचते हुए सिंगापुर स्मैश के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वे विश्व टेबल टेनिस के ग्रैंड स्मैश स्तर की प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बन गए हैं।

छठी वरीयता प्राप्त मनुष-मानव की जोड़ी ने बेल्जियम के मार्टिन एलेग्रो और एड्रियन रासेनफॉसे को सीधे गेमों में 3-0 (11-8, 11-9, 11-9) से पराजित किया। यह मुकाबला 27 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी ने बेल्जियम की इस जोड़ी के खिलाफ अपना आमना-सामना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया।

उल्लेखनीय है कि बेल्जियम की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का मुकाबला फ्रांस के चौथी वरीयता प्राप्त सगे भाई फेलिक्स लेब्रून और एलेक्सिस लेब्रून से शुक्रवार को होगा। (अनंत ज्ञान)

# भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने जीता पहला एडीसीए टी-20i एशिया कप



**एजेंसी, नई दिल्ली**

कटक के ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में खेले गए पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 का समापन बुधवार को हुआ, जहां भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट भारतीय बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसे ओडिशा की राज्य क्रिकेट इकाइयों का सहयोग मिला। यह एशिया कप का पहला संस्करण था और इसे बधिर क्रिकेट के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि कटक के जिलाधिकारी एवं कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे और विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर संजय राउल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

भारत ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट की जीत से की। इसके बाद नेपाल पर 10 विकेट की एकतरफा जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

◆ **फाइनल में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया**

**टी-20 विश्व कप** | श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से आत्मविश्वास से लबरेज है कीवी टीम

# इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा न्यूजीलैंड

**एजेंसी, कोलंबो**

अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी-20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा। श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है।




न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा, लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया। लेकिन अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है, जिसके स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची पाल्लेकल की तुलना में प्रेमदासा स्टेडियम की अधिक चिपचिपी पिच पर बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है।

बटलर की अच्छी शुरुआत से इंग्लैंड निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में आ जाएगा। दूसरी ओर जैक्स की ऑफ स्पिन और लियाम डॉसन की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण हो सकती है। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 के बीच का कोई भी स्कोर जीत के लिए पर्याप्त हो सकता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कहा कि भले ही उनका स्पिन आक्रमण मजबूत है लेकिन इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी।

### संभावित टीमें

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

**इंग्लैंड:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड।